अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 295
epaper.rashtriyakhabar.com
कार्तिक, कृष्णपक्ष द्वितीया, विक्रम संवत 2080






## शहर >> अपडेट

### झारखंड पार्टी का मिलन समारोह आयोजित

रांची: झारखंड पार्टी का पदभार ग्रहण सह मिलन समारोह का आयोजन रविवार को बच्चन कांके प्रखंड के चुट्टू में युवा समाजसेवी बच्चन उरांव के नेतृत्व में आयोजित गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत से किया गया। जहां कई पार्टियों के लोगो ने झारखंड पार्टी के नीति व सिद्धान्तों से प्रभावित होकर पार्टी का दामन थामा।जिन्हें माला पहनाकर व पार्टी का अंग वस्त्र ओढ़कर पार्टी में स्वागत किया गया। समारोह में झारखंड पार्टी के प्रधान महासचिव अशोक भगत,केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व प्रवक्ता अजित कुमार कार्यकारी अध्यक्ष सह केंद्रीय कोसाध्यक्ष रिजवान अहमद ,केंद्रीय उपाध्यक्ष ऐनुल हक अंसारी ने अपने संबोधन में कहा झारखंड के नेताओं ने झारखंड बनने के बाद सिर्फ लूट घसोत की राजनीतिक करते आ रही है।

**राजनीति** नड्डा के सामने चेहरा चमकाने में जुटे भाजपा नेता

# मरांडी ने साबित की संगठन की शक्ति

▶▶ साहिबगंज से शुरू हुई थी यात्रा

▶▶ जेपी नड्डा ने उनका समर्थन किया

▶▶ अभी मरांडी का ही फरमान चलेगा राज्य में



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** हरमू मैदान में आयोजित भाजपा की रैली में प्रदेश भर के नेता और कार्यकर्ता जुटे। इस भीड़ की वजह से कई सड़कों पर लंबी जाम भी लगी। इसके बीच ही खास तौर पर टिकट की चाह रखने वाले नेता अपने समर्थकों के साथ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ साथ प्रदेश के दूसरे नेताओं के सामने अपना चेहरा चमकाने में जुटे रहे। दूसरी तरफ निरंतर पूरे राज्य की यात्रा कर रहे बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि संगठन के मामले में उनका भाजपा में कोई जोड़ नहीं है। दरअसल राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री श्री मरांडी ने साहिबगंज से अपनी संकल्प यात्रा की शुरूआत की थी। इस दौरान वह राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों से गुजरे और वहां स्थानीय जनता से सीधी बातचीत की। इस यात्रा के जरिए उन्होंने पार्टी के अंदर की गुटबाजी को कम करने तथा कार्यकताओं को नये सिरे से सक्रिय करने का काम किया। हरमू की जनसभा में उमड़ी भीड़ ने यह साबित कर दिया कि श्री मरांडी की यह कोशिश कामयाब हुई है। अपनी इस यात्रा के दौरान हर स्थान पर श्री मरांडी ने वर्तमान हेमंत सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाये। इस यात्रा के समापन समारोह में भाग लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी इन आरोपों पर अपनी तरफ से मुहर लगा दी। प्रदेश भाजपा की संकल्प यात्रा के समापन समारोह में भाग लेने रांची पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हेमंत सरकार पर आक्रामक रहे। उन्होंनेकहा झारखंड में जमीन, माइनिंग जिधर देखिए लूट मची है। भोले भाले आदिवासियों को प्रलोभन देकर सत्ता में आई हेमंत सरकार ने इसी समाज को ठगने का काम किया। आदिवासियों का अगर किसी सरकार ने सर्वाधिक अहित किया तो वह हेमंत सरकार ने ही किया। हेमंत सोरेन को कठघरे में खड़ा करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि हेमंत सोरेन के शासन के दौरान राज्य में धर्मांतरण और तुष्टिकरण को खूब प्रोत्साहन मिला। आदिवासी समाज से आने वाले बाबूलाल मरांडी ने भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद जनता से संवाद के लिए संकल्प यात्रा निकाली थी। इस क्रम में उन्होंने तूफानी यात्रा करते हुए सभी विधानसभा क्षेत्रों में सभाएं की जिसमे निशाने पर हेमंत सोरेन और उनकी सरकार रही। उसी के समापन पर रांची में सभा आयोजित की गई थी।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने सभा में लोगों से कहा कि अगले चुनाव में इस सरकार को पराजित करने का संकल्प लें। संकल्प यात्रा में बाबूलाल की सभाओं को जनता का समर्थन इसी तरह का संदेश दे रहे हैं। राज्य सरकार सीबीआई और ईडी से कन्नी काटने में लगी है, बचने का प्रयास करती है। गठबंधन के नेता सिर्फ अपना हित साधने में लगे हैं इसलिए ईडी, सीबीआई से परेशान रहते हैं। केंद्रीय एजेंसियां गलत होतीं तो ये अदालत का दरवाजा खटखटाते। जमीन हड़पने को लेकर तो खुद हेमंत अपना और माता- पिता अपना नाम बदल देते हैं। सरकार तुष्टिकरण में लगी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीने झारखंड के विकास केलिए कई कदम उठाए हैं, केंद्र से भरपूर मदद मिल रही है। वर्ष 2014 तक झारखंड में मात्र 2402 किमी एन एच की सड़क थी जो चार सालों के बाद 7491 किमी गई। 1100 करोड़ की लागत से देवघर में एम्स तैयार हो गया। रांची में बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर काम हुआ है। आने वाले समय में वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन रांची का तैयार होगा। गोड्डा में कोच मेंटेनेंस का डिपो बना। मगर राज्य सरकार केंद्रीय मदद का सही इस्तेमाल नहीं कर पा रही।

## न्यूज फटाफट

### अजय हेंब्रम बने झारखंड बचाओ मोर्चा के अध्यक्ष, लोबिन ने कहा बोरियो से कोई भी लड़े पटकनी देंगे



रांची: झारखंड बचाओ मोर्चा के राज्य सम्मेलन का आयोजन रांची के कार्निवाल बंक्वेट हॉल में हुआ। इस सम्मेलन में पूरे राज्य से प्रतिनिधि शामिल हुए। इस सम्मेलन में अजय हेंब्रम को मोर्चा के अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया जो मोर्चा के संयोजक लोबिन हेंब्रम के पुत्र है। नवनियुक्त अध्यक्ष अजय हेंब्रम ने कहा कि बहुत जल्द कार्यकारिणी की भी घोषणा की जाएगी जिसमें आदिवासी और मूलवासी ही शामिल किए जाएंगे। संगठन को पूरे राज्य में मजबूती दी जाएगी। अजय हेंब्रम ने कहा कि जेएमएम ने राज्य की जनता से जो वादा किया था उसे पूरा नहीं कर पायी। शिबू सोरेन के समय में जेएमएम नेता बनाती थी लेकिन अब जेएमएम नेता का पांव खींचती है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोर्चा के संयोजक और जेएमएम विधायक लोबिन हेंब्रम ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड की जनता ने बहुत उम्मीदों के साथ सत्ता सौंपी थी लेकिन इनलोगों ने झारखंड को चारागाह बना दिया है बाहरी लोगों के लिए झारखंड के दरवाजे को खोल दिया गया है। आईएएस अफसर जेल में हैं और कई जाने वाले हैं। युवाओं को नौकरी का सपना दिखाया गया लेकिन वे अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं हेमंत को बताना पड़ेगा कि नौकरी कहां गयी। सरकार स्थानीय नीति और नियोजन नीति तक नहीं बना पायी। जबकि हेमंत सोरेन ने स्थानीय नीति के कारण ही सरकार से समर्थन वापस लिया था उन्हे इसका जवाब देना चाहिए। उन्होने कहा कि लोगों को गुमान है कि लोबिन हेंब्रम अकेला क्या करेगा और बिना तीर धनुष के चुनाव कैसे लड़ेगा। हेमलाल मूर्मू को बोरियो से चुनाव लड़ने का निर्देश दिया गया है, तो हेमलाल हों या कोई भी हो बोरियो में ऐसा पटकनी देंगे कि उठ ही नहीं पाएगा। लोबिन ने कहा कि आने वाले समय में वे सभी जिलों का दौरा करेंगे।
इस सम्मेलन में विजय शंकर नायक, सुशांतो मुखर्जी, राजू महतो, विश्वजीत शाहदेव, किनू हेंब्रम, प्रेमचंद मुर्मू, दयाल महतो, किशोर किस्कू और शिवशंकर शर्मा ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन सरजन हांसदा और धन्यवाद ज्ञापन बाबू भाई विद्रोही ने किया।

### 3 दिसंबर को जदयू का कोल्हान प्रमंडल में सम्मेलन, तैयारी समिति गठित



रांची: जदयू चला गांव की ओर के मंत्र के साथ पार्टी को पंचायत स्तर तक मजबूत करना है। यह बात पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने कोल्हान प्रमंडल में 3 दिसंबर को आयोजित प्रमंडलीय सम्मेलन से पूर्व रांची में बैठक के दौरान कही। कहा कि सामाजिक न्याय के साथ विकास के रास्ते संगठन को आगे बढ़ाएंगे। प्रमंडलीय सम्मेलन की शुरूआत वीर शहीदों की धरती कोल्हान से की जा रही है। इस्पात नगरी में मजबूत इरादों के साथ पार्टी आगे बढ़ेगी। तैयारी समिति का गठन किया गया है। बैठक में पार्टी महासचिव श्रवण कुमार समेत सभी नामित सदस्य उपस्थित थे।निर्मल सिंह युवा जदयू प्रदेश अध्यक्ष, विरेन्द्र पासवान अनुसूचित प्रकोष्ठ, प्रदेश अध्यक्ष अंजली सिंह, प्रदेश महासचिव कौशल कुमार, प्रदेश महासचिव संजय ठाकुर, प्रदेश महासचिव रेणुगोपीनाथ पणिकर, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष सत्यप्रकाश, प्रदेश सचिव सरायकेला खरसावां विश्राम प्रसाद, जिला अध्यक्ष पूर्वी सिंहभूम कौशलेन्द्र कुमार, जिला अध्यक्ष सरायकेला खरसावां विश्वास मुण्डा, जिला अध्यक्ष पश्चिमी सिंहभूम राणा प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष युवा जदयू पूर्वी सिंहभूम पार्वती किस्कू, जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सरायकेला विमल दास, जिला अध्यक्ष सरायकेला खरसावां सतीश रघुवंशी, जिला अध्यक्ष पूर्वी सिंहभूम अनुसूचित प्रकोष्ठ सी कमल चौबे, प्रदेश सचिव धर्मेंद्र सिंह भोला, युवा महासचिव प्रितेश्वर दुबे, युवा महासचिव यशवन्त सिंह महानगर अध्यक्ष, युवा जदयू।

### एक भारत, श्रेष्ठ भारत की खुशबू बिखेरिगी अमृत वाटिका :अर्जुन मुंडा

रांची: झारखंड में आज रांची रेलवे स्टेशन का वातावरण भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। मौका था गांव गांव से अमृत कलश में संग्रहित पवित्र मिट्टी का नई दिल्ली केलिए रवाना होना। स्पेशल ट्रेन से आज सभी प्रखंडों से लाए गए 312कलश को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा,भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय ,सांसद संजय सेठ,विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल,समरी लाल ने हरी झंडी दिखाकर विदा किया। हाथ में तिरंगा लिए,गाजे बाजे के साथ बैंड बाजा पर बजते राष्ट्र भक्ति गीत के बीच 641स्वयंसेवक नई दिल्ली केलिए रवाना हुए। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भारत की आजादी के अमृत वर्ष में नई दिल्ली में बनने वाले अमृत वाटिका का निर्माण भारत की राष्ट्रीय एकात्मता को मजबूती प्रदान करेगी।कहा कि भारत के गांव गांव की मिट्टी अमृत वाटिका को अमरता प्रदान करेगी।

## एनसीएल के अमरोही में पहली निजी 5जी नेटवर्क

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** रांची: कोयला मंत्रालय, भारत सरकार ने 27-29 अक्टूबर, 2023 तक तीन-दिवसीय इंडिया मोबाइल कांग्रेस, नई दिल्ली में नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के अमलोहरी ओसीपी में 5जी प्रौद्योगिकी उपयोग मामलों के सफल जीवंत (लाइव) प्रदर्शन द्वारा अपनी तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया। एनसीएल के अमलोहरी ओसीपी में भारत के पहले निजी 5जी नेटवर्क की संकल्पना सीएमपीडीआई द्वारा की गयी और इसकी तैनाती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कांग्रेस में गणमान्य व्यक्तियों ने नई दिल्ली से एनसीएल के अमलोहरी ओसीपी के 5जी सक्षम ड्रोन, एआई द्वारा संचालित कैमरा, वाहन ट्रैकिंग सिस्टम (वीटीएस) और मिशन क्रिटिकल वॉयस और वीडियों संचार के 5जी उपयोग के समूचे मामलों (दृश्य प्रसारण) का अवलोकन किया। इस अवसर पर सचिव (कोयला) श्री अमृत लाल मीणा, सचिव (दूरसंचार) डॉ नीरज मित्तल, अपर सचिव (कोयला) एम नागराजू, कोयला मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव विस्मिता तेज, कोयला मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री संजीव कुमार कस्सी, कोयला मंत्रालय के कोयला नियंत्रक और डीडीजी संतोष, कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद, कोयला मंत्रालय के सलाहकार (प्रोजेक्ट्स) आनंदजी प्रसाद, टीसीआईएल के निदेशक (प्रोजेक्ट्स) अरूण कुमार चौबे एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पैवेलियन (मंडप) का दौरा किया और कोयला खदानों में 5जी प्रौद्योगिकी के कार्यान्वयन की सराहना की। सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार एवं निदेशक (तकनीकी/ईएस) सतीश झा तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने इस कांग्रेस में सीएमपीडीआई का प्रतिनिधित्व किया।

राष्ट्रीय एकात्मता का तीर्थ स्थल होगी अमृत वाटिका

## गांव गांव की पवित्र मिट्टी प्रदान करेंगी अमरता : बाबूलाल मरांडी

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** रविवार को रांची रेलवे स्टेशन का वातावरण भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा।मौका था गांव गांव से अमृत कलश में संग्रहित पवित्र मिट्टी का नई दिल्ली केलिए रवाना होना। स्पेशल ट्रेन से आज सभी प्रखंडों से लाए गए 312कलश को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा,भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय ,सांसद संजय सेठ,विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल,समरी लाल ने हरी झंडी दिखाकर विदा किया।हाथ में तिरंगा लिए,गाजे बाजे के साथ बैंड बाजा पर बजते राष्ट्र भक्ति गीत के बीच 641स्वयंसेवक नई दिल्ली के लिए रवाना हुए।इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भारत की आजादी के अमृत वर्ष में नई दिल्ली में बनने वाले अमृत वाटिका का निर्माण भारत की राष्ट्रीय एकात्मता को मजबूती प्रदान करेगी। कहा कि भारत के गांव गांव की मिट्टी अमृत वाटिका को अमरता प्रदान करेगी। उन्होंने कलश लेकर नई दिल्ली जाने वाले पार्टी के सभी जिलाध्यक्ष एवम सभी प्रखंडों के कार्यकताओं को बधाई एवम शुभकामनाएं दी।केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज भारत दुनिया का मार्गदर्शन कर रहा। कहा कि अमृत काल आत्म निर्भर भारत का काल है।यह एक भारत श्रेष्ठ भारत का काल है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर गांव गांव से संग्रहित पवित्र मिट्टी,शहीदों के धरती की मिट्टी एक भारत श्रेष्ठ भारत की खुशबू बिखेरिगी।दिल्ली जाने वाले स्वयंसेवकों की समन्वय टोली में प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डु,सहित बबन गुप्ता,सूरज गुप्ता, भरत यादव,महादेव दुबे,मनीर उरांव,गुंजन यादव,केके गुप्ता,अमृत पांडेय, अशोक शर्मा,संजय चौधरी, अनिल सिंह,चंदन गुप्ता शामिल हैं।कुल 641 लोग जिसमे 636पुरुष और 5महिला स्वयंसेवक शामिल हैं। दिल्ली जाने वालों में जिला अध्यक्ष,जिला महामंत्री एवम सभी प्रखंडों से दो दो कार्यकर्ता शामिल हैं।इस अवसर पर काजल प्रधान,शिवपूजन पाठक,योगेंद्र प्रताप सिंह, अशोक बड़ाइक,संजय जायसवाल,राजीव रंजन मिश्र,शोभा यादव,राकेश भास्कर,रमेश सिंह,कृपा शंकर सिंह,ललित ओझा,अनिता वर्मा,मुनचुन राय, नीरज सिंह,बलराम सिंह, जीतेंद्र पटेल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## संकल्प यात्रा की ऐतिहासिक सफलता से झामुमो हताश और निराश:प्रदीप वर्मा

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने आज झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर पलटवार किया। उन्होंने सुप्रियो भट्टाचार्य को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि झामुमो भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की 81 विधानसभा क्षेत्रों में संपन्न ऐतिहासिक संकल्प यात्रा से हताश और निराश है। अपनी खिसकते जनाधार से झामुमो परेशान है। जनता में हेमंत सरकार की लूट, झूठ, भ्रष्टाचार,ध्वस्त विधि व्यवस्था ,बेरोजगारी,महिला उत्पीड़न पूरी तरह उजागर हो चुका है।कहा कि नाम बदलकर आदिवासियों की जमीन लूटने वाले को परेशान होना स्वाभाविक है। तुष्टिकरण से प्रदेश को अराजकता में झोंकने वाले परेशान होंगे ही। उन्होंने कहा कि जल,जंगल जमीन को किसने लूटा यह जनता को पता लग गया है। गरीबों के अनाज किसने लूटे जनता जान चुकी है। किसके राज में बहन बेटियों को टुकड़ों टुकड़ों में काटा गया,पेट्रोल छिड़क कर जलाया गया यह जनता जान चुकी है।उन्होंने कहा कि गो तस्करों ने किसके राजपाठ में दरोगा संध्या टोपनो की कुचलकर हत्या की यह जग जाहिर है। होनहार दारोगा आदिवासी बेटी रूपा तिर्की की संदेहास्पद मौत पर चुप्पी सबको पता है। सिदो कान्हु के वंशज रामेश्वर मुर्मू की हत्या,चाईबासा में आदिवासियों का वीभत्स नर संहार सबको पता है। कहा कि ईडी की जांच ने भ्रष्टाचार की कहानी खोलकर रख दी है। लेकिन फिर भी थोथी दलील देना झामुमो ही कर सकता है।

## पंचायत प्रमुखों की बैठक तीन दिसंबर को

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** ग्रामीण क्षेत्रों में जन प्रतिनिधियों के सामने आने वाली वित्तीय बाधाओं को दूर करने और उन्हें अपनी सेवाएं बेहतर ढंग से प्रदान करने के लिए सशक्त बनाने के लिए तीन दिसंबर को खेलगांव में पंचायत प्रमुखों की बैठक होगी। नामकुम ब्लॉक प्रमुख (प्रमुख) नन्हे कच्छप ने कहा, हमें आवंटित वित्तीय संसाधन अपर्याप्त हैं। केवल 50 फीसद धनराशि ही हमारे पास है। इसके अतिरिक्त, जागरूकता की कमी कई ग्रामीण प्रतिनिधियों के लिए चुनौती बनी हुई है। सामाजिक कार्यकर्ता बिपिन टोप्पो ने कहा, राज्य के 24 जिलों की 1,100 पंचायतों के निर्वाचित नेता अपनी उपलब्धियों और कार्य योजनाओं का प्रदर्शन कर सकते हैं। आयोजन समिति उनके प्रदर्शन और उपलब्धियों के आधार पर 20 सर्वश्रेष्ठ मुखियाओं का चयन करेगी। इन्हें ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम पुरस्कृत करेंगे।

**चुनौती** सुप्रियो भट्टाचार्य ने बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को चुनौती दी

## योगेंद्र तिवारी के ऑफिशियल अकाउंट से बाबूलाल मरांडी को पैसा गया या नहीं, ये बताएं जेपी नड्डा: झामुमो

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा शनिवार को हेमंत सरकार पर लगाए गए आरोपों का जवाब देते हुए जेएमएम प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को चुनौती दी है। उन्होंने जेपी नड्डा को श्वेत पत्र जारी कर बताने को कहा है कि शराब घोटाला के आरोपी योगेंद्र तिवारी के अधिकृत बैंक खाता से सुनील तिवारी के माध्यम से बाबूलाल मरांडी को पैसा मिला या नहीं?वहीं जेपी नड्डा ने झारखंड के मौजूदा सरकार में जमीन घोटाले को लेकर आरोप लगाया था। जिस पर पर जवाब देते हुए सुप्रियो भट्टाचार्या ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार में सबसे बड़ा जमीन घोटाला हुआ है। जेपी नड्डा इसका जनता को जवाब दें।

सुप्रियो भट्टाचार्या ने केंद्रीय कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर हरमू मैदान में भाजपा के कार्यक्रम में जेपी नड्डा और बाबूलाल मरांडी के संबोधन के दौरान खाली पड़ी कुर्सियों का विजुअल दिखाया और कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की सभा का यह हाल क्या साबित करता है। इसका चिंतन भाजपा के नेता करें।जेएमएम प्रवक्ता ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आगमन पर ऐसा लग रहा था कि मेघदूत आने वाला है। लेकिन हरमू मैदान में जो भीड़ दिखी वह एक नुक्कड़ सभा से ज्यादा नहीं थी। उन्होंने भाजपा को सलाह दी कि वह हाट बाजार के दिनों में सभाएं करें क्योंकि जनता ने उन्हें नकार दिया है।जेएमएम प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को आरोप लगाने से पहले सौ बार सोचना चाहिए।

राजनीतिक रूप से पराजित भाजपा नेताओं में अब कोई शर्म नहीं बची है, कम से कम राष्ट्रीय अध्यक्ष को तो अपनी गरिमा का ख्याल रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग अपने गृह राज्य में बीजेपी को नहीं जिता सके, वे झारखंड जीतने चले हैं।सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बीजेपी को भ्रष्टाचार पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि जिसकी संपत्ति ईडी ने जब्त कर ली, उसे भाजपा ने महाराष्ट्र का उपमुख्यमंत्री और एक को केंद्र में मंत्री बना दिया। झामुमो प्रवक्ता ने भाजपा अध्यक्ष को चुनौती दी कि वह जो आरोप लगा रहे हैं उसका सबूत दें। भाजपा झूठ की राजनीति कर रही है। उन्होंने भाजपा की छह विधानसभा क्षेत्रों की संकल्प यात्रा के समापन कार्यक्रम पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कल के कार्यक्रम में भाजपा के सदस्य भी शामिल नहीं हुए।सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मिजोरम में जहां एनडीए की सरकार है, वहां के मुख्यमंत्री ने भी पीएम को मिजोरम आने की इजाजत देने से इनकार कर दिया है। अब स्थिति यह है कि जहां भी बीजेपी के बड़े नेता पीएम मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा चुनावी सभाओं के लिए जाना चाहते हैं, वहां के बीजेपी नेताओं को डर है कि कहीं मोदी, अमित शाह और जेपी नड्डा के आने से उन्हें हार न मिल जाए।

ऐसे में कार्यक्रम के नाम पर टेंट पंडाल का खर्च बचाएं और बीजेपी कार्यालय के सामने लंगर लगाएं ताकि कुछ जरूरतमंद लोगों को खाना खिलाया जा सके।जेएमएम प्रवक्ता ने कहा कि गुजरात सरकार के बिजली विभाग ने अडानी से ओवरबिलिंग के करोड़ों रुपये वापस मांगे हैं। बिजली बोर्ड ने 3000 करोड़ रुपये लौटाने को कहा है। क्या इंडोनेशिया के बजाय दुबई से बिलिंग मनी लॉन्ड्री है या नहीं? यह मुझे बताएं। सरकारी पैसे की हेराफेरी हुई है और ईडी चुप है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राष्ट्रपति का भी राजनीति के लिए इस्तेमाल कर रही है।

## पेज एक का शेष

### केरल की घटना के बाद ..  ..  ..

और आयुक्त को मेंगलुरु सीमा पर सतर्क निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया है।
इस बीच बम विस्फोट पर त्वरित प्रतिक्रिया में, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) को तेजी से जांच शुरू करने का निर्देश दिया है। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने गहन जांच का वादा किया। उन्होंने घटना पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, यह एक बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। हम घटना के संबंध में विवरण एकत्र कर रहे हैं। सभी शीर्ष अधिकारी एर्नाकुलम में हैं। पुलिस महानिदेशक घटनास्थल पर जा रहे हैं। हम इसे बहुत गंभीरता से ले रहे हैं। मैंने डीजीपी से बात की है। हमें जांच के बाद और अधिक जानकारी प्राप्त करने की आवश्यकता है। श्री विजयन ने कहा कि राज्य सरकार इस मामले की गहन जांच कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

### संप्रीति की डिजाइन नौ ..  ..  ..

रूप से सबसे उन्नत इलेक्ट्रिक समुद्री जहाज है। इस नाव का नाम एन 30 रखा गया है जो शीघ्र ही तीन मॉडलों में उपलब्ध होगा। भट्टाचार्य कहती हैं, ये निजी जहाज प्रौद्योगिकी को फाइन-ट्यून करने का एक शानदार तरीका होंगे, लेकिन मूल योजना के मास्टर प्लान का केवल एक छोटा सा हिस्सा है। उन्हें उम्मीद है कि अंततः दुनिया भर के तटीय शहरों में लोगों और सामानों के परिवहन के लिए इलेक्ट्रिक वॉटर टैक्सियाँ और नौकाएँ शुरू की जाएंगी।



30:10:2023

रांची पारा अपडेट
मैक्सिमम 28.00 °c | मिनीमम 16.00 °c
सूर्यास्त (आज) ›› 17 .11 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 05 .52 बजे

अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

web: www.rashtriyakhabar.com | पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 295 | epaper.rashtriyakhabar.com | कार्तिक, कृष्णपक्ष द्वितीया, विक्रम संवत 2080




## विदुर नीति

वनस्पतेरपक्वाजन फलानि प्रचिनोति यः।
स नाप्नोति रसं तेभ्यो बीजं चास्य विनश्यति॥
यस्तु पक्वमुपादत्ते काले परिणतं फलम्।
कलाद्रसं स लभते बीजाच्चैव फलं पुनः॥

भावार्थ : पेड़ से कच्चे फल तोड़ लेनेवालों को फलों का रस भी प्राप्त नहीं होता और उसका बीज भी नहीं मिल पाता अर्थात् नष्ट हो जाता है। जबकि समय पर जो पके हुए फल पेड़ से तोड़ते हैं उनको फलों का रस भी मिलता है तथा फल का बीज भी सहजता से मिलता है जिससे पुनः फल प्राप्त होते हैं। अतः अधीरता में/ जल्दबाजी में / बिना पर्याप्त सोच विचार किये जाते हैं उनमें लाभ तो होता ही नहीं, अपितु हानि अवश्य हो जाती है।

## नेतन्याहू ने कहा अब करो या मरो की स्थिति है

**तेल अवीवः** इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार (स्थानीय समय) को कहा कि फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के साथ युद्ध दूसरे चरण में प्रवेश कर गया है, यह कहते हुए कि यह करो या मरो का क्षण है। उन्होंने यह भी कहा कि अतिरिक्त जमीनी बल गाजा में आगे बढ़ गए हैं और कहा कि समूह के लड़ाकों को जमीन, हवा और समुद्र से नष्ट कर दिया जाएगा। एक संवाददाता सम्मेलन में, नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने उन लोगों के परिवारों से मुलाकात की जो युद्ध में मारे गए और जिन्हें हमास ने बंदी बना लिया था, उन्होंने जोर देकर कहा कि उनका अपहरण मानवता के खिलाफ अपराध था। उन्होंने उनसे वादा किया कि उनकी सरकार बंधकों को वापस लाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा, मेरा दिल टूट गया था। मैंने उनसे दोहरायाः अब तक और अब तक हर चरण में, हम अपने भाइयों और बहनों को वापस लाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि गाजा में बढ़ते जमीनी हमले से हमें मदद मिलेगी

## विशाल धूमकेतु से आसमान होगा रोशन

**नई दिल्लीः** बफीर्ले ज्वालामुखी और सींगों के साथ विशाल शैतान धूमकेतु पृथ्वी के आसमान को रोशन करेगा। इससे पहले इस धूमकेतु को पहली बार 1812 में देखा गया था। यह हर 71 वर्ष के बाद पृथ्वी के करीब से गुजरता है। पृथ्वी आने वाले वर्ष के मध्य अप्रैल में धूमकेतु की अधिकतम चमक तक पहुंचने की उम्मीद कर सकती है जब यह हमारे ग्रह से लगभग 232 मिलियन किलोमीटर, 14,41,58,116 मील के बराबर दूर स्थित होगा। यह इतना उज्ज्वल हो सकता है कि आप अपनी नग्न आंखों या दूरबीन से देख सकें, लेकिन ऐसा इसलिए नहीं है क्योंकि यह बहुत करीब होने वाला है। इस दौरान इसकी तेज गति और आकार की वजह से पूरा आसमान ही रोशनी से भर जाएगा।

## मुंबई की शान काली पीली टैक्सी अब खत्म होगी

**मुंबईः** दशकों से, अगर किसी को मुंबई की तस्वीर बनानी हो, तो शहर की प्रीमियर पद्मिनी टैक्सियों के बिना कल्पना अधूरी होगी। क्योंकि, सार्वजनिक वाहक, जिन्हें प्यार से काली-पीली कहा जाता था, परिवहन के एक साधन से कहीं अधिक थे। वे शहर के हर पहलू से जुड़े हुए थे। नए मॉडलों और ऐप-आधारित कैब सेवाओं को रास्ता देते हुए, ये काली-पीली टैक्सियाँ अब मुंबई की सड़कों से हट जाएंगी। परिवहन विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि आखिरी प्रीमियर पद्मिनी को 29 अक्टूबर, 2003 को तारदेओ आरटीओ में एक काली और पीली टैक्सी के रूप में पंजीकृत किया गया था, जिसका अधिकार क्षेत्र मुंबई के द्वीप शहर पर है। चूंकि शहर में कैब के लिए आयु सीमा 20 वर्ष है। , मुंबई में आधिकारिक तौर पर सोमवार से प्रीमियर पद्मिनी टैक्सी नहीं होगी।

## बेंगलुरु में फिर नजर आया तेंदुआ

**बेंगलुरुः** यह शहर यानी बेंगलुरु लगभग हमेशा खबरों में रहता है। चाहे वह भारी ट्रैफिक जाम हो, कठिन किराये की स्थिति हो, अच्छा भोजन हो या सुहावना मौसम हो, यह शहर अक्सर सुर्खियों में रहता है। हालाँकि, इस बार, यह उपरोक्त से संबंधित किसी भी चीज के लिए नहीं था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शनिवार को शहर में एक तेंदुआ घूमता हुआ देखा गया। तेंदुए को बेंगलुरु के व्हाइटफील्ड इलाके में घूमते हुए देखा गया था। इस संबंध में एक पोस्ट एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर व्हाइटफील्ड राइजिंग नामक पेज द्वारा भी साझा किया गया था। वन विभाग को आशा है कि तेंदुआ सुरक्षित रूप से पकड़ लिया जाएगा।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**धमाका** › सिलसिलेवार विस्फोट में एक की मौत 45 घायल

# केरल की घटना के बाद पूरे देश में सतर्कता

- कथित व्यक्ति ने जिम्मेदारी ली है
- घायलों का अस्पतालों में ईलाज जारी
- एनआईए की टीम घटना की जांच करेगी

राष्ट्रीय खबर

**तिरुअनंतपुरमः** केरल के कलामासेरी में एक कन्वेंशन सेंटर में आज सिलसिलेवार विस्फोटों में एक महिला की मौत हो गई और 45 लोग घायल हो गए, जिससे पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई। प्रार्थना सभा शुरू होने के कुछ ही मिनटों के भीतर कम से कम तीन विस्फोटों की सूचना मिली। यह घटना कोच्चि से लगभग 10 किलोमीटर दूर कलामासेरी में केंद्र में यहोवा के सम्मेलन के दौरान हुई। धमाकों के कुछ घंटों बाद, 48 वर्षीय एक व्यक्ति ने जिम्मेदारी ली और आत्मसमर्पण कर दिया। संदिग्ध डोमिनिक मार्टिन ने दावा किया है कि वह उसी ईसाई संप्रदाय से है जिसने प्रार्थना सभा का आयोजन किया था। आज की बैठक में लगभग 2,000 लोगों ने भाग लिया। कन्वेंशन सेंटर में मौजूद लोगों ने मीडिया को बताया कि पहला धमाका प्रार्थना के बीच हुआ। अधिकारियों ने कहा कि विस्फोटक एक टिफिन बॉक्स के अंदर रखा गया था।



**कलामासेरी के सांसद हिबी ईडन ने कहा कि**

कलामासेरी के सांसद हिबी ईडन ने कहा कि पहला विस्फोट हॉल के केंद्र में हुआ। उन्होंने कहा कि समूह के पास एक निकासी योजना थी जो पहले विस्फोट के तुरंत बाद कार्रवाई में शामिल हो गई। सौभाग्य से, उनके पास एक निकासी योजना थी। हर बार जब समूह मिलता है, तो वे चर्चा करते हैं और एक निकासी योजना तैयार करते हैं। लेकिन बहुत अधिक धुआं था, जिसके कारण भगदड़ मच गई।

पुलिस ने कहा कि जिले के विभिन्न अस्पतालों में 45 घायल लोगों का इलाज चल रहा है, जिनमें से 18 लोग आईसीयू में हैं। धमाके में घायल पांच लोगों की हालत गंभीर है। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने धमाकों को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि स्थिति को गंभीरता से देखा जा रहा है। राज्य के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी विस्फोट स्थल पर जा रहे हैं। विस्फोटों की जांच अब राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा की जाएगी, जो आतंकवाद विरोधी अभियानों में माहिर है। एजेंसी की फॉरेंसिक टीम पहले ही मौके पर पहुंच चुकी है और सबूत इकट्ठा कर रही है। घटना के दृश्यों में बड़ी संख्या में अग्नि बचाव और पुलिस कर्मियों को साइट से लोगों को निकालते हुए दिखाया गया है, जिसे अब घेर लिया गया है। कन्वेंशन सेंटर के अंदर से परेशान करने वाले वीडियो में हॉल के अंदर कई बार आग लगने की घटनाएं देखी गईं और लोगों और बच्चों को डर के मारे चिल्लाते हुए सुना गया। वीडियो में कुछ लोगों को आग बुझाने की कोशिश करते हुए भी दिखाया गया है क्योंकि हॉल बिखरी हुई और क्षतिग्रस्त कुर्सियों से भरा हुआ था। विस्फोट के बाद कन्वेंशन सेंटर के बाहर सैकड़ों लोग देखे गए। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने विस्फोट के मद्देनजर सभी स्वास्थ्य कर्मियों को ड्यूटी पर आने का निर्देश दिया है। सिलसिलेवार धमाकों के बाद पूरे दक्षिण भारत के अलावा राष्ट्रीय राजधानी और मुंबई में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

केरल में अधिकारियों ने सभी 14 जिला पुलिस प्रमुखों को विशेष रूप से रेलवे और बस स्टेशनों के आसपास अत्यधिक सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। उन्होंने सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कठोर पुलिस गश्त की आवशयकता पर बल दिया है। अधिकारी अभी तक विस्फोट का कारण निर्धारित नहीं कर पा रहे हैं। कुछ लोगों का मानना है कि इस विस्फोट में शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) का इस्तेमाल हुआ है। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने उडुपी में मीडिया से कहा, हमने पुलिस को अलर्ट संदेश भेज दिया है। हमारे पास हालांकि केरल विस्फोट के अपराधियों और परिस्थितियों के बारे में विशिष्ट विवरण नहीं हैं, फिर भी हमने महानिरीक्षक

›› पेज 2 भी देखें

कोलकाता की मूल निवासी महिला वैज्ञानिक ने किया है कमाल

## संप्रीति की डिजाइन नौ परिवहन को बदल देगी



राष्ट्रीय खबर

**कोलकाताः** कोलकाता की संप्रीति भट्टाचार्य की नई खोज जल परिवहन में क्रांति ला सकती है। 36 साल की इस महिला वैज्ञानिक ने एक नये किस्म की नाव का डिजाइन तैयार किया है। जिसकी चर्चा अब पूरी दुनिया में हो रही है। बता दें कि इस सफलता को हासिल करने के लिए उसे भारत छोड़कर अमेरिका जाना पड़ा था। अमेरिका में एक अग्रणी इलेक्ट्रिक-बोटबिल्डर की संस्थापक और सीईओ बनने के लिए संप्रीति भट्टाचार्य कहती हैं, अमेरिका के बारे में पहले मैं केवल नासा और बैकस्ट्रीट बॉयज के बारे में जानती थी। 20 साल की उम्र में भट्टाचार्य पहली बार हवाई जहाज में चढ़ीं और अपनी जेब में 200 डॉलर लेकर शिकागो पहुंचीं। उन्हें जल्द ही मशीनों और कोडिंग से प्यार हो गया - विशेष रूप से, तकनीक कैसे उन समस्याओं को हल करने में मदद कर सकती है जिन्हें वह दुनिया की कठिन समस्याएं कहती हैं। यही धारणा उसकी कार्यप्रणाली और उसके बाद के स्टार्ट-अप का सार बन जाएगी। अपने फर्मी कार्यक्रम के बाद और ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी में विज्ञान में मास्टर डिग्री हासिल करने के दौरान, भट्टाचार्य ने नासा के एम्स रिसर्च सेंटर में स्वायत्त विमान पर काम करते हुए एक इंटर्नशिप हासिल की। नासा वह जगह है जहां उन्होंने पहली बार सिलिकॉन वैली के युवा उद्यमियों के बारे में भी सीखा। वह कहती हैं, मैंने मार्क जुकरबर्ग को देखा और मैं इस तथ्य से दंग रह गई कि कोई युवा सीईओ बन सकता है। इससे मेरे मन में एक कंपनी शुरू करने का विचार आया।

उनकी डिजाइन की हुई नाव नाव दो 90 किलोवाट इलेक्ट्रिक मोटरों से भी सुसज्जित है जो इसे पूर्ण झुकाव पर 35 समुद्री मील तक पहुंचने और 22 समुद्री मील पर 75 समुद्री मील की दूरी तय करने की अनुमति देती है। यह अपनी डिजाइन और तकनीक की वजह से पारंपरिक गैस-संचालित नावों की तुलना में 10 गुना अधिक कुशल है। भट्टाचार्य कहती हैं, ह्ययह निश्चित

›› पेज 2 भी देखें

मनीष सिसोदिया मामले में टिकी है विधि विशेषज्ञों की नजर

## आबकारी घोटाला में सुप्रीम कोर्ट सुनायेगा फैसला

राष्ट्रीय खबर



**नईदिल्लीः** शराब नीति मामले में सिसौदिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 30 अक्टूबर को फैसला सुनाएगा। यह फैसला जस्टिस संजीव खन्ना और एसवीएन भट्टी की पीठ सुनाएगी। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने शराब नीति अनियमितता मामले में मनीष सिसौदिया की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में कथित अनियमितताओं से संबंधित सीबीआई और ईडी मामलों में जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। उन्होंने अपनी जमानत याचिका खारिज करने के दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले की सुनवाई पूरी होने में लगने वाले समय के बारे में जानना चाहा। जांच एजेंसियों - प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) - की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा था कि मुकदमा 9 से बारह महीने के भीतर समाप्त हो सकता है। अदालत ने कहा कि इस मामले में 294 गवाह और हजारों दस्तावेज हैं। जांच एजेंसियों के तर्क का विरोध करते हुए, वरिष्ठ वकील एएम सिंघवी ने शीर्ष अदालत को अवगत कराया कि मामलों से जुड़े सभी सबूत दस्तावेजी प्रकृति के हैं। उन्होंने शीर्ष अदालत से आग्रह किया कि सिसौदिया को जमानत दे दी जाए क्योंकि भागने का खतरा है और उन्हें सलाखों के पीछे रखने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले में सीधे तौर पर सिसौदिया से जुड़ने के लिए कुछ भी नहीं है और ऐसा कोई सबूत नहीं है जो विजय नायर के साथ उनके संबंध को दशार्ता हो।

दिल्ली हाई कोर्ट ने दोनों मामलों में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया। ईडी मामले में 3 जुलाई, 2023 को पारित अपने आदेश में, दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा कि इस अदालत का अन्य बातों के साथ-साथ यह विचार था कि आरोपी द्वारा आयोजित उच्च राजनीतिक पदों और दिल्ली में सत्ता में पार्टी में उसकी स्थिति को देखते हुए , गवाहों को प्रभावित करने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

## आर्सेलर मित्तल के खदान में 21 लोग मारे गये



**नईदिल्ली :** शनिवार को कजाकिस्तान में वैश्विक इस्पात कंपनी आर्सेलरमित्तल की एक खदान में आग लगने से कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई, जिसके बाद सरकार को कंपनी के साथ निवेश सहयोग समाप्त करने का आदेश देना पड़ा। कजाकिस्तान में आर्सेलरमित्तल साइट पर दो महीने में यह दूसरी घातक आपदा थी, अगस्त में इसी क्षेत्र में एक खदान में एक दुर्घटना में पांच खनिकों की मौत हो गई थी। कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायव ने मध्य कजाकिस्तान के औद्योगिक क्षेत्र कारागांडा शहर के पास आग लगने के तुरंत बाद एक बयान में कहा, सरकार को आर्सेलरमित्तल के साथ निवेश सहयोग समाप्त करने का आदेश दिया गया है। देश में आर्सेलरमित्तल के परिचालन पर अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से सुरक्षा और पर्यावरण नियमों का सम्मान करने में विफल रहने का आरोप लगाया गया है। कंपनी ने एक बयान में कहा, कोस्टेंको खदान में कम से कम 21 खनिकों की मौत हो गई और 23 अन्य लोगों की तलाश जारी है, जो आग लगने के समय 200 से अधिक भूमिगत लोगों में से थे। क्षेत्रीय अधिकारियों ने पहले ही कहा था कि 40 बचावकर्मियों को घटनास्थल पर भेजा गया है, सरकार के आपातकालीन प्रतिक्रिया मंत्री सिरीम शारिपखानोव ने घोषणा की है कि वह जल्द ही घटनास्थल पर पहुंचेंगे। दुर्घटना का कोई कारण अभी तक जारी नहीं किया गया है।

उत्तरी सिक्किम के संपर्क पथ में बादल फटने से बहा था पुल

## सेना और बीआरओ ने एक ब्रिज को चालू कर दिया

राष्ट्रीय खबर



**सिलिगुड़ीः** सिक्किम की दक्षिणी लोनाक झील में आई आपदा के कारण उत्तरी सिक्किम अलग-थलग पड़ गया। सबसे ज्यादा समस्या मंगन और चुंगथांग इलाकों में है। उस इलाके में सड़क के साथ-साथ पुल भी बह गया। इसलिए उस क्षेत्र के साथ संचार को सामान्य करने के लिए, तीस्ता नदी पर ह्यबेली ब्रिजह्न बनाया गया था। मंगन-संगकालोंग क्षेत्र में, युद्धकालीन गतिविधियों के दौरान तीस्ता पर एक दूसरा पुल बनाया गया था। भारतीय सेना ने यह काम सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) और सिक्किम प्रशासन की संयुक्त पहल से किया है। सेना के मुताबिक, उस इलाके में तीस्ता की चौड़ाई बढ़ गई है। वहां तीस्ता करीब 600 फीट चौड़ा है। बीच में एक द्वीप जैसा भाग बन जाता है और नदी दो भागों में बंट जाती है। इसलिए उन दो भागों में दो पुलों की आवश्यकता है। दूसरे पुल का निर्माण पहले पुल से लगभग 200 मीटर की ऊंचाई पर किया गया था।

सेना ने कहा कि उन दो बेली पुलों के निर्माण से वाहनों का आवागमन सुगम हो गया। साथ ही प्रभावित इलाकों में राहत सामग्री ले जाने में भी सहूलियत होगी। उत्तरी सिक्किम के जुंगुर विधायक पिंटसो लेप्चा ने दो पुलों का उद्घाटन किया। उन्होंने भारतीय सेना, स्थानीय प्रशासन और बीआरओ अधिकारियों की मौजूदगी में इस बेली ब्रिज का उद्घाटन किया। कर्नल अंजन कुमार बसुमतारी ने कहा, ''इन दो विशाल पुलों के निर्माण में त्रिशक्तिया कोर के इंजीनियर सैनिकों और कई भारी अर्थ मूविंग प्लांट का उपयोग किया गया था। बेली ब्रिज एक अत्यंत दुर्लभ कार्य है लेकिन सेना के पास इस कार्य की अलग से विशेषज्ञता हासिल है। बता दें कि झील के ऊपर बादल फटने से ही यह लोनाक झील अचानक फट गया था, जिससे भीषण आपदा आयी थी। इस आपदा की वजह से भारतीय सेना को भी जान माल का काफी नुकसान हुआ था। अचानक आयी बाढ़ से भारतीय सेना का गोला बारूद भी बहकर तिस्ता नदी में काफी नीचे तक चला गया था। इसकी तलाश अब भी जारी है।

## शहर >> अपडेट

### रजक विकास समिति की आम बैठक

**बोकारो** : रजक विकास समिति सेक्टर 12 के तत्वाधान में रविवार को हाई स्कूल सेक्टर 12 के मैदान में एक आम बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता सुरेश रजक एवं संचालण यमुना राम ने किया। इस बैठक में रजक विकास समिति के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई तथा वर्ष 2024 आगामी वर्ष के लिए रणनीति बनाया गया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### फुटबॉल प्रतियोगिता तैयारी को लेकर बैठक

चांडिल : ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के लेपाटांड़ गांव में रविवार को नवल किशोर सिंह मुंडा की अध्यक्षता में खेला व मेला का महाकुंभ को लेकर तैयारी बैठक किया गया। ग्रामीण क्रीड़ा संस्थान लेपाटांड़, पातकुम, ईचागढ़ की ओर से पौष माह के प्रथम रविवार 24 दिसंबर को होने वाले कोल्हान का प्रसिद्ध फुटबॉल प्रतियोगिता सह मेला का महाकुंभ को सफल करने को लेकर तैयारी पर चर्चा किया गया। बैठक में कहा गया कि फुटबॉल प्रतियोगिता में कुल 8 दल ही भागीदारी ले सकते हैं। इस वर्ष 20 हजार एक रूपए प्रवेश शुल्क तक किया गया। मैदान में दुकान लगाने, बाइक, चार पहिया वाहन व साइकिल सुरक्षित रखने का गैरेज लगाने आदि पर भी विचार विमर्श किया गया। मालूम हो कि प्रतिवर्ष लेपाटांड़ मैदान में कोल्हान का प्रसिद्ध फुटबॉल महाकुंभ सह मेला पौष माह के प्रथम रविवार को आयोजित किया जाता है। इस महाकुंभ में रांची, कोल्हान एवं बंगाल से हजारो की संख्या में दर्शक उपस्थित होते हैं। आयोजन समिति के पशुपति बागची ने बताया कि इस वर्ष प्रथम पुरस्कार एक लाख 61 हजार एवं द्वितीय पुरस्कार एक लाख 11 हजार रुपए रखा गया है। उन्होंने कहा कि अगले बैठक

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### पूर्व सांसद कार्यक्रम में करेंगे शिरकत

**बोकारो** : चंद्रपुरा के दिशोम जाहेरगढ़ प्रांगण में चंद्रपुरा प्रखंड सेंगेल अध्यक्ष अरुन हेंब्रम के अध्यक्षता में पूर्व घोषित लुगूबुरू को बचाने के लिए 1 नवंबर चंद्रपुरा और 2 नवंबर को मरांगबुरू (पारसनाथ पहाड़) के रक्षार्थ मधुबन, गिरिडीह में सेंगेल द्वारा पूर्व सांसद सालखन मुर्मू संबोधित करेंगे। जिसकी तैयारी की बैठक हुई। चंद्रपुरा में सेंगेल जनसभा से पूर्व सांसद सालखन मुर्मू सरना धर्म कोड के लिए 8 नवंबर रांची चलो और 8 दिसंबर भारत बंद के बारे में संबोधित करेंगे। बोकारो जोनल सेंगेल संयोजक जयराम सोरेन ने कहा कि मरांगबुरू, लुगूबुरु, अजोदिया बुरु को बचाना जरूरी है। झारखंड में संताली प्रथम राजभाषा लागू करना होगा। कुड़मी को एसटी बनाने में समर्थन करने वाले हेमंत सोरेन जेएमएम झारखंड सरकार, बंगाल सरकार, ओडिशा सरकार को विरोध करना होगा।

### विस्थापितो को लेकर चलाया जाएगा संपर्क अभियान

चांडिल : चालीस वर्ष पूर्व चांडिल डैम से विस्थापित हुए 84 मौजा 116 गांव के विस्थापित परिवार जो कभी एक साथ रहते थे और आज वे सभी बिछड़ गए हैं। सबका सबसे संपर्क टूट गया है इसी संपर्क को पुन स्थापित करने के लिए विस्थापित परिचय एवं संपर्क अभियान चलाया जाएगा उक्त बात की जानकारी रविवार को चांडिल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में मुख्य अभियानकर्ता मधुसूदन वर्मा ने दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि चांडिल डैम से विस्थापित हुए 116 गांव के विस्थापित परिवार को मिलने के लिए एक पहल किया जा रहा है। जिससे पूर्वजों का आपस का प्रेम और विचार मिल सके।

**प्रदर्शन** रंगाव रैली में बड़ी संख्या में शामिल होंगे दिशोम बाहा सरना समिति के लोग

# डीवीसी के हाइडल पावर प्लांट के स्थापना का विरोध करेगा आदिवासी समाज

- लुगु बुरू घंटाबाड़ी सरना धोरोम गढ़ विश्व स्तरीय
- पवित्र महाधर्म स्थल का केंद्र लुगु बाबा गुफा
- प्राकृतिक सौंदर्य और वन संपदा से परिपूर्ण



राष्ट्रीय खबर

**कसमार** : पेटरवार प्रखंड के चांदो पंचायत स्थित दिशोम जाहेर गाड़ में दिशोम बाहा सरना समिति की ओर से एक बैठक किया गया। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष राजेश मरांडी एवं संचालन जीतराम टुडू ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में समिति के संरक्षक अशोक मुर्मू उपास्थित थे। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 5 नवंबर को लुगु बुरू बचाओ रंगाव रैली में दिशोम बाहा सरना समिति, चांदो की ओर से हजारों की संख्या में लोग भाग लेने जायेंगे।

लुगु बुरू (पहाड़) केन्द्रीय संस्था डीवीसी के द्वारा हाइडल पम्प्ड स्टोरेज पावर प्लांट स्थापित करने का प्रस्तावित है। लुगु बुरू (पहाड़) आदिवासी संथाली समुदाय का ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध तीर्थ स्थल, प्राकृतिक सौंदर्य और वन संपदा से परिपूर्ण है। लुगु बुरू घंटाबाड़ी सरना धोरोम गढ़ विश्व स्तरीय सरना धार्मिक आस्था का प्रतीक है। यहां आदिवासियों का पवित्र महाधर्म स्थल का केंद्र लुगु बाबा गुफा स्थित है। यहां प्रत्येक अमावस्या एवं कार्तिक पूर्णिमा में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। संरक्षक अशोक मुर्मू ने कहा कि हर हाल में लुगु बुरू (पहाड़) को बचाना है। लुगु बुरू घंटाबाड़ी सरना धोरोम गढ़ आदि काल से आदिवासियों के अस्तित्व से जुड़ा हुआ है। पौराणिक कथाओं के अनुसार हजारों वर्ष पहले लुगु बुरू घंटाबाड़ी सरना धोरोम गढ़ के दोरबार चट्टानी में लुगु बाबा की अध्यक्षता में संताल आदिवासियों का संविधान, संस्कृति, धर्म, परंपरा, रीति-रिवाज, सभ्यता का निर्माण हुआ था, जो आज उसी परंपरा के साथ समाज चल रही है?। अपना धर्म संस्कृति को अक्षुण्ण रखना है। किसी भी तरह का छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आदिवासी समाज डीवीसी का ईंट से ईंट बजा देंगे। मौके पर उमाचरण हेम्ब्रम अजीत मुर्मू, निलेश किस्कू, राजेश मरांडी, जीतराम टुडू, विरेन्द्र मरांडी, दिनेश कुमार सोरेन, सुरेन्द्र कुमार हेम्ब्रम आदि उपस्थित थे।

## शिक्षित समाज से ही विकास संभवः बाउरी



राष्ट्रीय खबर

**चास** : चंदनकियारी रामडीह मोड़ स्थित विनोद बिहारी महतो स्टेडियम के प्रांगण में एक दिवसीय बाउरी जाति महाजुटान समारोह में समाज में कुरीतियों को दूर कर आपसी एकजुटता बनाने, शैक्षणिक विकास, आर्थिक सुधार, समाज को जागरूक करना, समाजिक एंव राजनितिक क्षेत्र में मजबूत करना, नशा मुक्त समाज का निर्माण करना, दहेज प्रथा को समाप्त करना, भाषा संस्कृति की सुरक्षा करना एंव समुन्नत विकास संकल्प के साथ संपन्न हुआ। समारोह को संबोधित करते मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित समाजसेवी विकास बाउरी ने कहा कि शिक्षित समाज ही विकसित समाज का निर्माण कर सकता है। शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों को स्कूल भेजो साधन और संसाधन की कमी नहीं होने दी जाएगी। प्रतिभावन छात्र-छात्राओं को आगे की पढ़ाई के लिए सम्मिलित रूप से सहयोग मिलेगी। शराब, जुआ, सामाजिक विकास के बाधक है। इस पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध होना चाहिए। उन्होने कहा कि सभी युवक अपने अपने रोजगार के प्रति ध्यान दें एंव आर्थिक समृद्धि करे इसके साथ ही राजनितिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एकता आपसी एकजुटता के साथ-साथ सामांज्यस बनाए। पहले की अपेक्षा में आज हमारे समाज के युवक-युवतियां अच्छे-अच्छे मुकाम हासिल कर रहे हैं। एक दिवसीय बाउरी जाति महाजुटान की अध्यक्षता कर रहे।

## पोलियो उन्मूलन को लेकर निकाली रैली



राष्ट्रीय खबर

**चास** : रोटरी इंटरनेशनल द्वारा पूरे विश्व में पोलियो उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत रविवार को रोटरी क्लब चास, रोटरी क्लब बोकारो एवं रोटरी क्लब मिडटाउन कपल के सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से एक पोलियो रैली का आयोजन किया गया। यह रैली शहर के मुख्य मार्ग से जागरूकता का प्रचार एवं प्रचार करते हुए रोटरी प्ले स्कूल, सेक्टर 4 में एक सभा के रूप में परिणत हो गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रोटरी जिला 3250 के पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश केजरीवाल ने कहा कि पोलियो उन्मूलन जागरूकता की अभी भी आवश्यकता है इसलिए कि अभी भी पाकिस्तान और अफगानिस्तान में पोलियो वायरस सक्रिय है। कहा यह पूरे विश्व में फैल सकता है इसलिए इसे जड़ से मिटाने के लिए की जागरूक होना बेहद आवश्यक है। कार्यक्रम की मुख्य संयोजक एवं सहायक मंडल अध्यक्ष संध्या राज ने कहा कि पोलियो उन्मूलन में रोटरी की अहम भूमिका रही है। कहा कि विश्व के सभी देशों से समाप्त होने तक यह अभियान जारी रहेगा। चास रोटरी क्लब की अध्यक्ष पूजा बैद एवं रोटरी मिडटाउन कपल की अध्यक्ष अमिशा अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि रैली के माध्यम से रोटरी द्वारा यह संदेश दिया जा रहा है कि यदि हम जागरूक नहीं रहे तो फिर से भारत में पोलियो पैर पसार सकता है। रोटरी क्लब चास के संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने लोगों से पोलियो मुक्त भारत में सहभागी बने की अपील की। रैली के दौरान रोटरी के सदस्यों ने पल्स पोलियो जन जागरूकता फैलाने वाली स्लोगन की लिखित तख्तियों एवं बैनर लेकर चल रहे थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. आरएन प्रधान, डॉ. राजदीप, साजन कपूर, मंजीत सिंह, प्रदीप रे का महत्वपूर्ण योगदान रहा। रैली में नरेंद्र सिंह, मनोज सिंह, विनोद चोपड़ा, मुकेश अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, डॉ संजीव, हरबंस सिंह, कुमार अमरदीप ,अनूप अग्रवाल, अशोक तनेजा, अशोक जैन, पीए जकारिया, संजय जैन, हरदीप सिंह, मनोज अग्रवाल, माधुरी सिंह, मिनी कूपर, सपना सेठ, उषा कुमार, सुमि कौर, सुनीता जैन, ललिता अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## सांसद ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो** : रविवार को सांसद धनबाद पशुपति सिंह ने अपने कार्यकताओं के साथ सेक्टर 1 स्थित आवासीय कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात संबोधन को माइक्रोवेव पर सुनने का काम किया। सांसद ने कहा कि प्रधामंत्री के द्वारा चलाए गए अभियान का ही प्रतिफल है, जिससे खड़ी उत्पादों की बिक्री आज की तारीख में सभी तरह के रिकॉर्ड को तोड़ने का काम किया। दूसरी तरह देश में खेल के प्रति माहौल को इतना सुगम बनाने काम मोदी की सरकार ने किया है, जिससे 10 वर्षों के दरम्यान ही परिणाम स्वरूप एशियन पैरा खेलों में भारत के पदक तालिका ब्यान कर रही है। आज तक ऐसी उपलब्धि प्राप्त नहीं पाई, जिसे देश के युवाओं ने कर दिखाया है। सांसद ने प्रधानमंत्री के लोकल फॉर वोकल के अभियान को स्थानीय स्तर पर अमलीजामा पहनाने का आह्वान किया, जिससे की स्थानीय कारीगरों और व्यवसाई वर्ग लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रकाश सिंह, दिलीप श्रीवास्तव, कमलेश राय, पप्पू श्रीवास्तव, राजीव कंठ, विद्या सागर सिंह, अखिलेश महतो, अनिल सिंह, विनय आनंद, वीबीएल श्रीवास्तव, एके वर्मा, रविंद्र सिंह, नीरज कुमार, लालन चौधरी, मिर्गेंद प्रताप सिंह, बैधनाथ प्रसाद, मनोज कुमार सिंह, इंद्र कुमार झा, मनोज मुखिया, उमेश पासवान, धनंजय चौबे, संजय कुमार, मनीष पांडे, विशाल कुमार, राम सुमेर सिंह, मोंटी कुमार, दारा सिंह, नागेंद्र पूरी, सक्षम सिंह, चंदन सिंह, मंजीत सिंह, हर्ष सिंह, शंकर दुत्ता सहित दर्जनों उपस्थित होकर सांसद के साथ-साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस आशय की जानकारी सांसद प्रतिनिधि सह मीडिया प्रभारी विद्या सागर सिंह ने दी।

## कार्तिक उरांव जयंती सह जतरा में 25 खोड़हा शामिल

राष्ट्रीय खबर

**बेडो:** स्व कार्तिक उरांव आदिवासी समाज के लोगों के दुख दर्द को समझते थे। लेकिन आज भी उनका सपना अधूरा है। उनके सपनों को साकार करनी है। उक्त बातें जमशेदपुर के डीडीसी परमेश्वर भगत ने जनजाति सुरक्षा मंच के तत्वावधान में रविवार को महादानी मैदान में आयोजित कार्तिक उरांव की 99वीं जयंती सह जतरा समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम में आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में ढोल,मांदर और नगाड़ों की थाप पर खोड़ा दलों के साथ नाचते गाते शामिल हुए। जहां बतौर मुख्य अतिथि सहित अन्य ने संयुक्त रूप से सामूहिक प्रार्थना और कार्तिक उरांव के तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया। उन्होंने आगे कहा हमें अपनी धर्म संस्कृति और परंपरा को बचाने के लिए एकजुटता जरूरी है। परंपरागत नाच गान हमारी सांस्कृतिक पहचान है। वहीं जनजाति सुरक्षा मंच के जिला अध्यक्ष जगरनाथ भगत ने कहा कि कार्तिक उरांव आदिवासियों के विकास के लिए जो सपना देखे थे, उन्हें हमें पूरा करना है। उनकी जीवनी से प्रेरणा लेते हुए हमें आदिवासियों के उत्थान के लिए काम करना है। इसके पूर्व महादानी मैदान में 25 खोड़हा टीम ने ढोल,ढाक,मांदर व नगाड़ा के थाप पर परंपरागत नाच गान प्रस्तुत किया। समारोह को झारखंड हाईकोर्ट की अधिवक्ता पिंकी खोया, जिप सदस्य पार्वती भगत, 12 पड़हा राजा विशाल उरांव, प्रो बंदे लकड़ा व अनिल उरांव ने संबोधित किया।

**निरीक्षण** उप-महानिरीक्षक संथाल परगना क्षेत्र पंक्तिबद्ध जवानों का निरीक्षण

# 351 प्रशिक्षु होमगार्ड के जवानों का पारण परेड का आयोजन किया गया

- मंच के सामने से मार्च पास्ट परेड किया गया
- परेड को काफी उत्तम दर्जे का बताया गया



राष्ट्रीय खबर

**दुमकाः** रविवार को पूर्वाहन 11:00 बजे क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, गृह रक्षा वाहिनी (होमगार्ड) नकटी, दुमका में विगत 63 दिन से प्रशिक्षण कर रहे देवघर ,गोड्डा, रांची , हजारीबाग एवं चतरा जिला के 351 प्रशिक्षु होमगार्ड के जवानों का पारण परेड का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस उप-महानिरीक्षक, संथाल परगना क्षेत्र श्री सुदर्शन मंडल तथा विशिष्ट अतिथि के रुप में पुलिस अधीक्षक, दुमका श्री पीतांबर सिंह खेरवार उपस्थित थे ' इस अवसर पर जिला प्रशासन के पदाधिकारी गण भी उपस्थित थे। होमगार्ड के जवानों के द्वारा काफी कम समय में ही परेड की तैयारी कर शानदार प्रदर्शन किया गया। सर्वप्रथम खुले जीप में मुख्य अतिथि पुलिस उप-महानिरीक्षक संथाल परगना क्षेत्र पंक्तिबद्ध जवानों का निरीक्षण किए। इसके पश्चात जवानों के द्वारा मंच के सामने से मार्च पास्ट परेड किया गया, जिसकी सलामी समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस उप-महानिरीक्षक दुमका श्री सुदर्शन मंडल के द्वारा ली गई। इसके बाद उनके द्वारा जवानों का संबोधन किया गया। उनके द्वारा होमगार्ड के जवानों की हौसला अफजाई की गई उनके परेड को काफी उत्तम दर्जे का बताया गया। होमगार्ड का गठन होमगार्ड के कर्तव्य उद्देश्य, विधि व्यवस्था में होमगार्ड की भूमिका आदि के बारे में विस्तार से मुख्य अतिथि के द्वारा बताया गया। साथ ही उनके द्वारा जवानों के उज्जवल भविष्य की भी कामना की गई। जिला समादेष्टा होमगार्ड श्री विनोद कुमार के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन देकर वरीय पदाधिकारी से निर्देश लेकर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई। इस अवसर पर जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी, प्रशिक्षण प्रभारी कंपनी कमांडर दिनेश उरांव, कंपनी कमांडर सचित दास होमगार्ड कैंपस में निवास कर रहे एसआईआरबी के पदाधिकारी एवं जवान, होमगार्ड के पदाधिकारी एवं जवान उपस्थित थे। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा बुनियादी प्रशिक्षण में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 3 होमगार्ड के जवानों को पुरस्कार प्रदान किया गया। रविवार को पूर्वाहन 11:00 बजे क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, गृह रक्षा वाहिनी (होमगार्ड) नकटी, दुमका में विगत 63 दिन से प्रशिक्षण कर रहे देवघर ,गोड्डा, रांची , हजारीबाग एवं चतरा जिला के 351 प्रशिक्षु होमगार्ड के जवानों का पारण परेड का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस उप-महानिरीक्षक, संथाल परगना क्षेत्र श्री सुदर्शन मंडल तथा विशिष्ट अतिथि के रुप में पुलिस अधीक्षक, दुमका श्री पीतांबर सिंह खेरवार उपस्थित थे ' इस अवसर पर जिला प्रशासन के पदाधिकारी गण भी उपस्थित थे। होमगार्ड के जवानों के द्वारा काफी कम समय में ही परेड की तैयारी कर शानदार प्रदर्शन किया गया। सर्वप्रथम खुले जीप में मुख्य अतिथि पुलिस उप-महानिरीक्षक संथाल परगना क्षेत्र पंक्तिबद्ध जवानों का निरीक्षण किए। इसके पश्चात जवानों के द्वारा मंच के सामने से मार्च पास्ट परेड किया गया, जिसकी सलामी समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस उप-महानिरीक्षक दुमका श्री सुदर्शन मंडल के द्वारा ली गई। इसके बाद उनके द्वारा जवानों का संबोधन किया गया।

## न्यूज फटाफट

### गरीब महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण



**तालगड़िया** : अमलाबाद ओपी में राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद व अमलाबाद ओपी पुलिस की संयुक्त तत्वाधान में आर्थिक रूप से पिछडे, गरीब महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया गया। ओपी प्रभारी धनंजय कुमार ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की मदद करना सबसे बडा पुण्य का काम है। संत कबीर भी कह गये कि मदद करनी है तो जरूरतमंद लोगों की करें। इससे वितरित किये गए कपडों का सदुपयोग होगा और जरूरत मंदों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने संपन्न लोगों से ऐसे नेक कामों में आगे आने की अपील की। कहा कि एक दूसरे पर सहयोग की भावना रहे तो समाज में वैमन्यस्था दूर होगी और आपसी भाईचारे को बल मिलेगी। परिषद के सदस्य महेन्द्र बाउरी ने कहा संस्था आमजनों की अधिकार एवं सम्मान की रक्षा के लिए काम करती है। मानव सेवा सबसे बडा धर्म है। इस दौरान दो दर्जन महिलाओं के बीच साड़ी वितरण किया गया। मौके पर मुखिया अजय रजवार, विजय सिंह, पुरन रजवार समेत ओपी के पुलिस कर्मी मौजूद थे।

### सांसद प्रतिनिधि के आवास में पूजा में शामिल हुए सांसद



**चास** : चास के दारकू नगर स्थित सांसद प्रतिनिधि भैया आरएन ओझा के आवास में धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह पूजा में शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। श्री ओझा पुरखों का पिंडदान करके आए थे तथा रविवार को सत्यनारायण पूजा पूजा करवाई। इस मौके पर सांसद श्री सिंह ने कहा कि झारखंड में अगले चुनाव में भाजपा का ही सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार से लोग त्रस्त हैं। भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो सभी जाति धर्म एवं सभी लोगों को लेकर चलती है। तथा गरीब लोगों को हर योजना के लाभ दे रही है। इस अवसर पर मुख्य से चास सांसद प्रतिनिधि हरे राम मिश्रा, राजीव कंठ, कुलदीप महथा, प्रेम राय सहित कई लोग मौजूद थे।

### धर्मशाला ठेकेदार ने राशि किया गबन, तैलिक संगठन ने की जांच की मांग



**जैनामोड़** : जरीडीह प्रखंड अंतर्गत भामाशाह धर्मशाला में जिला तैलिक कल्याण समिति की आक्रोश बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता समिति के जिलाध्यक्ष शहदेव साव ने किया। अध्यक्षता कर रहे श्री साव ने कहा कि 2020 के कोरोना काल में जैनामोड़ स्थित भामाशाह का निर्माण किया गया। इस निर्माण कार्य में बड़ी अनियमितता पूर्ण तरीके से काम करने का आरोप लगाया गया है। बताया जाता है कि भामाशाह धर्मशाला सहित तुपकाडीह स्थित सामुदायीक भवन में ठेकेदार द्वारा बड़ी अनियमितता पूर्ण तरीके से काम कराकर बड़ी राशि का गबन किया गया है, जिसकी उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की गई। समिति के सदस्यों ने कहा कि भवन का दिवाल कमजोर, कमजोर छत की ढ़लाई, शौचालय निर्माण ?नही करायें जाने का आरोप है। जांच की मांग करने वाले में मुख्य रूप से किशून नायक, दिनेश नायक, प्रदीप साहू, दुलाल प्रसाद, लक्ष्मी देवी, खगेन्द्र नाथ साहू, राजेश साव, ज्योति प्रसाद नायक, अरूण कुमार नायक, आनंद कुमार नायक, अबोध नायक, मोतीलाल गोराईं, फुलेश्वर साहू, अजीत साव आदि उपस्थित थे।

### जितेंद्र दत्ता बने छात्र संगठन के अध्यक्ष

**चांडिल** : चांडिल प्रखंड के होली क्रॉस स्कूल बडौदा चौका में रविवार को छात्र संगठन का एक बैठक किया गया। जिसमें जितेंद्र दत्ता को अध्यक्ष, बंटी कुमार को उपाध्यक्ष शतपति महतो को सलाहकार चयनित किया गया। वहीं विद्यालय का प्रगति, विकास आदि को लेकर चर्चा किया गया। वहीं अध्यक्ष चयनित होने के बाद जितेन्द्र ने बताया कि छात्र हित में काम करने का कोशिश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी छात्रों को साथ लेकर चलने एवं विद्यालय का सर्वांगीण विकास का प्रयास किया जाएगा। मौके पर रोहित दत्ता, सचिन राय, अभिमन्यु, अनिता महतो, विद्यालय के सिस्टर रीना, अर्जुन जी, सिस्टर अमृता आदि मौजूद थे।

### नि:शुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर का आयोजन

**तालगड़िया** : चंदनकियारी प्रखंड के नयावन पंचायत अंतर्गत शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक विद्यालय में ओएनजीसी की ओर से निशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. आलोक अग्रवाल एवं उनकी टीम द्वारा 271 लोगों का नेत्र जांच किया गया। जिसमें 51 लोगों में मोतियाबिन्द की शिकायत पाई गई। इस दौरान 205 दृष्टिदोष के मरीज को निशुल्क चश्मा व दवा दिया गया। कहा कि नेत्र मानव शरीर का अनमोल अंग है। इसकी देखभाल में लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। अनुग्रह दृष्टिदान के संजय ओटवाल ने कहा कि ओएनजीसी का यह तीसरा शिविर है। इसका लाभ क्षेत्र के लोगों को मिल रहा है।

### लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर राजद बोकारो की बैठक

**बोकारो** : बोकारो जिला राजद द्वारा लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर सेक्टर 3 राजद कार्यालय में बैठक की गई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बुद्ध नारायण यादव ने की। मौके पर मुख्य रूप से बोकारो जिला प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष विक्रम प्रसाद यादव एवं प्रदेश महासचिव घनश्याम चौधरी उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष ने उपस्थित अपने तमाम प्रखंड अध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष एवं जिला के पदाधिकारी प्रदेश पदाधिकारी से आह्वान किया कि राजद बोकारो जिला में काफी मजबूत है तथा इसे कमजोर समझने की भूल बीजेपी या इंडिया गठबंधन दल न करें अन्यथा चुनाव में इसके दुष्परिणाम देखने को साफ दिखाई पड़ जाएगा। जिलाध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि राजद धनबाद लोकसभा और विधानसभा सहित बोकारो विधानसभा चुनाव हर हाल में लड़ेगा। कोई दल राजद को अनदेखी कर चुनाव में उतरने की भूल न करें। बैठक में सीताराम यादव, अरुण यादव, भाई प्रमोद सिंह, जंग बहादुर यादव, राजकुमारी, नीतीश कुमार, मनीष कुमार, गुड़िया देवी, आशा देवी, रजिया देवी, धीरज कुमार, मनोज यादव, ललन यादव, अरविंद राय, जावेद हसन, जुदागी राय सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

राष्ट्रीय खबर हमारी नजर झारखंड
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### एसपी ने एससी-एसटी मामलों की समीक्षा

**पलामू** : पलामू एसपी रिष्मा रमेशन शनिवार को हरिहरगंज थाना पहुंचकर को एससी-एसटी केस मामले का सुपरविजन किया। वे पहली बार हरिहरगंज थाना पहुंचे। हरिहरगंज थाना के अलावे पिपरा थाना क्षेत्र के तीन एससी/ एसटी केस का सुपरविजन किया। साथ ही छतरपुर थाना के 2 एससी-एसटी केस का सुपरविजन किया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### डीआईजी ने किया ब्रोशर का विमोचन

**दुमका**: पुलिस उप-महानिरीक्षक, संथाल परगना क्षेत्र दुमका सुदर्शन प्रसाद मंडल ने आगामी माह दिसंबर 6 से 10 तारीख को इनडोर स्टेडियम दुमका में होने वाले राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के आयोजन के निमित्त ब्रोशर का लोकार्पण जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष श्री उमाशंकर चौबे एवं सदस्यों के उपस्थिति में किए। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने कहा झारखंड एवं बिहार राज्य में पहली बार बड़े लेवल की शतरंज खेल प्रतियोगिता का आयोजन दुमका में किया जा रहा है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर सभी खेलप्रेमी, संघ के सम्मानित सदस्य तथा मीडिया प्रतिनिधि एवं मित्र उपस्थिति थे।

### एमके डीएवी की छात्रा को बेस्ट एनसीसी कैडेट अवार्ड

**मेदिनीनगर**: एमके डीएवी.पब्लिक स्कूल मेदनीनगर के 27 छात्र एनसीसी के 10 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर 27 अक्तूबर को वापस आए। ये छात्र 44वीं बटालियन एनसीसी पलामू द्वारा एसपीडी कॉलेज गढ़वा में आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने गए थे। इन छात्रों ने इस शिविर में उत्तम प्रदर्शन कर विद्यालय के सम्मान में चार चांद लगा दिया।इस शिविर में छात्रों को फायरिंग, शूटिंग, दौड़ कूद, के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लेना था।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### बैरिंग चोरी होने से ठप हुआ 1200 जीपीएल का मोटर पंप

**भुरकुंडा** : कोयलांचल मे आनेवाले दिनों में भुरकुंडा सहित आसपास होती सीसीएल से पानी का आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। क्षेत्र में जड़ जमाए लोहा और कबाड़ चोरों की कारगुजारियों से अब पानी का संकट खड़ा हो सकता है। सीसीएल भुरकुंडा परियोजना की तीन नंबर क्वायरी में शुक्रवार की रात लोहा-कबाड़ चोरों ने पानी सप्लाई में लगे 1200 जीपीएल के मोटर पंप का हाउसिंग बैरिंग चुरा लिया। जिसके बाद से मोटर ठप पड़ गया है। फिलहाल 500 जीपीएल के मोटर से काम चलाया जा रहा है। इस संबंध में जलापूर्ति कार्य में लगे कर्मी ने बताया कि शुक्रवार को ही मोटर की रिपेयरिंग किया गया था। लेकिन रात में चोर 1200 जीपीएल मोटर पंप का हाउसिंग बैरिंग चुरा ले गए। उसने कहा कि 500 जीपीएल का मोटर बहुत ज्यादा लोड नहीं संभाल पाएगा और कभी भी खराब हो सकता है। वहीं 1200 जीपीएल के हाउसिंग बैरिंग का सैंपल भी उपलब्ध नहीं है।जिससे हाउसिंग बैरिंग के जल्द मिलने के आसार भी नहीं दिख रहे हैं।बताते चलें कि 500 जीपीएल के मोटर पंप से भुरकुंडा, जवाहर और पटेलनगर में सीसीएल की पानी सप्लाई प्रभावित हो सकती है। वहीं इसके बिगड़ने पर पानी की काफी किल्लत भी झेलनी पड़ सकती है।

### विकास कार्यो के क्रियान्वयन में तेजी लाने की जरूरत: किशोर

**मेदिनीनगर**: छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार पंचायत में शुक्रवार को विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वन रखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल , मुखिया पूनम जायसवाल और जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने सात योजनाओं की आधारशिला रखी।

---

स्कूल भवन

नक्सल प्रभावित कोल्हान जंगल क्षेत्र अन्तर्गत

# जान जोखिम में डालकर जर्जर स्कूल में पढ़ने को मजबूर बुंडू गांव के बच्चे



- स्कूल के छत में लगा लकड़ी का बींब (धरन) भी काफी जर्जर हो चुका है
- इस स्कूल भवन का छत पर खपड़ा से छाया हुआ है
- बच्चों को भारी नुकसान के साथ-साथ शिक्षा पूरी तरह से प्रभावित होगा

राष्ट्रीय खबर

**गुवाः** नक्सल प्रभावित कोल्हान जंगल क्षेत्र अन्तर्गत टोंटो प्रखंड का बुंडू गांव स्थित मध्य विद्यालय काफी जर्जर स्थिति में देखा जा रहा है। दशकों पुरानी दो कमरे वाले इस स्कूल भवन का छत पर खपड़ा से छाया हुआ है। हल्की वर्षा से स्कूल के अंदर पानी चूने लगता है। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो जाती है। स्कूल के छत में लगा लकड़ी का बींब (धरन) भी काफी जर्जर हो चुका है। वह कभी भी टूटकर खपड़ा का पूरा छत के साथ कभी भी गिरकर बच्चों को भारी नुकसान पहुंचा सकता है। इस विद्यालय में 73 नामांकित बच्चे हैं। कक्षा 1 से लेकर 8 तक के छात्रों को पढ़ाने के लिये एक स्थायी शिक्षक सुनील मुर्मू एवं एक पारा शिक्षक पादरी लागुरी नियुक्त हैं। बच्चों का मध्याह्न भोजन बनाने के लिये दो खानसामा हैं। गांव के सहायक मुंडा राजेश पूर्ति व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि सरकार जल्द कम से कम पांच कमरों का नया स्कूल भवन बनाए अन्यथा यह स्कूल भवन कभी भी गिर सकता है। पूर्व में दो कमरे का नया स्कूल भवन बनाया जा रहा था, लेकिन वह भारी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़कर आज तक भवन का निर्माण नहीं हो सका।

इस अधूरे भवन के पूरे पैसे की निकासी की बात कही जा रही है। अगर स्कूल भवन का खपड़ा का



छत गिरा तो बच्चों को भारी नुकसान के साथ-साथ शिक्षा पूरी तरह से प्रभावित होगा। ऐसा कहा जा रहा है कि पांच कमरों वाले नये स्कूल भवन की स्वीकृति मिल गई है, लेकिन अब तक बनना प्रारम्भ नहीं हुआ है। स्कूल का चापाकल भी खराब है। उसमें लगा सोलर सिस्टम पर जब तक धूप पड़ता है, तो पानी आता है, लेकिन पेड़ों की छाया आने पर यह चलना बंद हो जाता है। सरकार गांव की शिक्षा व्यवस्था को सुधारे।

---

## गोला पंचायत के मुखिया पति समाजसेवी रमेश पोद्दार नहीं रहे



राष्ट्रीय खबर

**गोला** : गोला पंचायत के मुखिया बुलटी देवी के पति क्षेत्र के समाजसेवी रमेश चंद्र पोद्दार (53 वर्ष ) का निधन हो गया। उल्लेखनीय है कि रमेश पोद्दार विगत मार्च महीने में पेटरबार के पास बाइक से दुर्घटना हो गया था, जिसमें वे गंभीर रुप से घायल हो गए थे। उनका लंबे समय तक क्षेत्र के कई अस्पतालों में इलाज होता रहा। हाल ही में उनका बेंगलोर के निम्हान्स अस्पताल में इलाज हुआ और घर वापस लौटकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे। इस बीच शनिवार की अहले सुबह उनका अचानक तबियत बिगड़ गया। उचित इलाज के लिए उन्हें रिम्स-रांची ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रविवार को गोला के पटासुर नदी स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। क्षेत्र के दर्जनों समाजसेवी ने शव यात्रा में शामिल होकर श्रद्धांजलि दी। वे अपने पीछे पत्नी, पुत्र, पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। रमेश पोद्दार के निधन पर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक सुनीता चौधरी, पूर्व विधायक ममता देवी, कुंवर बक्सी, अरुण बक्सी, बजरंग महतो, सुशील कुमार बुधिया, जयप्रकाश बुधिया, अर्जुन चंद्र पोद्दार, प्रताप पोद्दार, बापी पोद्दार, गौर चंद्र पोद्दार, पंचम चंद्र पोद्दार, जनार्दन पाठक, मनोज मिश्र, शिवप्रकाश,घनेनाथ चौधरी, अजय नायक, संजय किशोर पोद्दार ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## गोमिया के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहा धड़ल्ले से जुआ, देखने वाला कोई नहीं



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो/गोमियाः** गोमिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गोमिया काली मंदिर के समिप स्थित तालाब किनारे,स्वांग पुराना माइनस स्थित काली मंदिर परिसर,पटवा बस्ती फुटबॉल मैदान,स्वांग महावीर स्थान हाड़ी पट्टी के समीप स्थित एक बंद पड़ी विद्यालय में एवं साड़म के बूट बरिया मैदान के समिप बड़े पैमाने पर महीनों से अवैध जुआ अड्डा का संचालन किया जा रहा है। बताया जाता है की इन स्थानों पर प्रत्येक दिन दर्जनों की संख्या में जुआड़ी पहुंचते हैं और लाखों का दाव लगाते हैं। जानकारों का कहना है कि इन स्थानों पर खिलाड़ियों को तत्काल पैसा उपलब्ध कराने के लिए सूदखोर भी मौजूद रहते हैं ताकि अगर कोई खिलाड़ी हार जाता है तो तत्काल उन्हें पैसे उपलब्ध करा दिया जाता है और जितने पर दस बीस फीसदी सूद के साथ पैसे की वसूली कर ली जाती है। इतना ही नहीं इन स्थानों पर शराब,सिगरेट एवं गुटका भी उपलब्ध कराया जाता है। बताया जाता है की इसके एवज में धंधे बाज को जीतने वाले खिलाड़ी दस फीसदी पैसा कमीशन के रूप में देते हैं। मजे की बात तो यह है की इन अवैध अड्डों का संचालन दिन के उजाले में प्रारंभ होकर रात के अंधेरे तक बगैर किसी डर व भय के संचालित होता है। इन संचालकों की दिलेरी व हिम्मत को देख कर ऐसा प्रतीत होता है की इन्हें किसी का भी भय नहीं है। इससे इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है की कहीं ना कहीं इन अवैध धंधे बाजों के ऊपर किसी ना किसी का आशीर्वाद है। यही कारण है की इनका मनोबल इतना बढ़ा रहता है और प्रत्येक दिन ये धंधेबाज हजारों रुपए का वारा न्यारा कर रहे हैं। बताया यह भी जाता है की कई बार इन अवैध अड्डों पर मार पीट की भी घटनाएं घटती रहती है।मगर सभी कुछ मैनेज के दम पर समाप्त कर दिया जाता है।

## गिद्दी के छात्रों ने किया नुक्कड़ नाटक का बेहतरीन मंचन



राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी** :सीसीएल द्वारा आयोजित व निर्देशित सतर्कता जागरूकता दिवस अभियान के तहत गिद्दी अस्पताल चौक पर सिटीजन फोरम पब्लिक स्कुल गिद्दी ए के छात्रों द्वारा उक्त विषय पर एक नुक्कड़ नाटक का सीसीएल सहित अन्य सरकारी कार्यालयों में कतिपय विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार का सफल मंचन किया गया। छात्रों द्वारा कोयलांचल के तकरीबन हर विभाग में घूसखोरी अपने चरमसीमा को पार कर गई है, इतना ही नहीं भाई-भतीजावाद तथा अन्य अनैतिक कार्यकलापों को जनता के समक्ष प्रस्तुत कर उन्हें सतर्कता बरतते हुए जागरूक करने का प्रयास किया गया। ताकि भारत विश्व में भ्रष्टाचार को लेकर बदनाम म हो।भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने के लिए लोगों को सतर्क रहते हुए घुस ना ही लेने और ना ही देने का लोगों से संकल्प भी लिया गया। इस नुक्कड़ नाटक के मंचन में छात्रों ने भीजिलेन्स अधिकारी, भ्रष्ट सरकारी कर्मचारी, पिता-पुत्र एवं सुरक्षा कर्मचारी की भूमिका अदा की। इसके मंचन में छात्र निशांत कुमार, रिषांत कुमार, नेहाल, सचिन, सुमित, जैद एवं अंकित शामिल थे।विदित हो कि सीसीएल द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह अभियान प्रत्येक वर्ष चलाया जाता है। सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र द्वारा कई रचनात्मक कार्यक्रमों के द्वारा मनाया जाता रहा है। जिसमें क्षेत्र के कई विद्यालयों के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे नाटक, वाद विवाद प्रतियोगिता, क्विज तथा चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित की जाती है।

## शरद पूर्णिमा पर रजरप्पा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़



राष्ट्रीय खबर

**चितरपुर** : रजरप्पा स्थित क्षिन्नमस्तिके मंदिर में शनिवार को शरद पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी । इस दौरान श्रद्धालु अहले सुबह से ही यहाँ पहुच कर दामोदर भैरवी संगम स्थल में स्नान कर हाथो में पूजा की थाली लिए अपनी बारी के इन्तेजार में लाईन में कतारबद्ध होकर खड़े हो गए। इस दौरान भारी भीड़ होने के बावजूद श्रद्धालुओं के आस्था में कमी नहीं आई। लोग भीड़ में भी खड़े होकर लाइन में लगकर मंदिर में प्रवेश किया और पूजा अर्चना कर माँ भगवती का आशीर्वाद प्राप्त किया। यहाँ झारखंड सहित बिहार,उड़ीसा,बंगाल आदि राज्यो के विभिन्न क्षेत्रो से लोग पहुंचे हुए थे। इस दौरान भीड़ इतनी ज्यादा थी की मुख्य मंदिर से होते हुए स्टेण्ड तक जा पहुची थी। भीड़ को देखते हुए रजरप्पा पुलिस के जवान सक्रिय दिखे। ताकि श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना में किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

---

धर्मोत्सव

### ढोरी माता के दर्शन को पहुंचे अग्रवाल कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष

# माता के प्रतिमा के समक्ष कैंडिल जलाकर माता से लिया आशिष

- इस आयोजन में हर समुदाय के अलावे हर तबके के लोग देखे जा सकते हैं
- यहां लोग धर्म के बंटवारे से उपर उठ कर पहुंचते है
- ढोरी माता के प्रति क्षेत्र के सभी समुदायों के लोगो की आस्था जुड़ी हुई है

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो** : बेरमो कोयलांचल में ईसाई धर्मावलंबियों का सबसे प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों में एक ढोरी माता तीर्थालय जारंगडीह मे स्थिति है जहां हर वर्ष अक्टूबर माह के अंतिम शनिवार और रविवार को ईसाई समुदायों द्वारा वार्षिक धर्मोत्सव का भव्य आयोजन दशको से नियमित तौर पर किया जाता है। बताता चलू कि इन दोनों यहां यही धर्मोत्सव मनाया जा रहा है। इस आयोजन में स्थानीय ईसाई समुदाय के अलावे आसपास जैसे गिरिडीह, हजारीबाग, रामगढ़, रांची आदि क्षेत्रों के अलावे देश व विदेश के विभिन्न कोनो से श्रद्धालुगण पहुचे है और माता कि विधिवत पूजा प्रार्थना करने के साथ-साथ उनका आशिष भी प्राप्त करते हैं। इतना ही नहीं ईसाई समुदाय के अलावे क्षेत्र के लगभग सभी धर्मो व समुदाय के लोग माता के दर्शन के बहाने यहां पहुच दुर दराज से आये श्रद्धालुगणो के सेवा मे मदद करते नजर आते हैं। इस



आयोजन में हर समुदाय के अलावे हर तबके के लोग देखे जा सकते हैं। इतना ही नहीं यहां के विधायक, सांसद, छोटे बड़े जन प्रतिनिधि तथा क्षेत्र समाजसेवियों के साथ साथ नामी गरामी लोग भी इस पवित्र स्थल यानी ढोरी माता तीर्थालय पहुच कर माता की पूजा प्रार्थना के साथ साथ माता आशिष भी प्राप्त करते हैं।

इसी क्रम में इस आयोजन के दुसरे व अंतिम दिन बेरमो के युवा समाजसेवी, अग्रवाल कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सह झामुमो के केंद्रीय नेता अनिल अग्रवाल आज दोपहर ढोरी माता तीर्थालय पहुचे और माता के प्रतिमा के समक्ष कैंडिल जलाकर विधिवत प्रार्थना किया तथा मां का आशिर्वाद भी लिया। इस मौके पर आयोजन समिति के लोगो ने उनका स्वागत करने के साथ उक्त चर्च के फादर द्वारा अग्रवाल को काफी भीड़ होने के बाद भी माता के मुख्य प्रतिमा का दर्शन करवाए। मौके पर अग्रवाल ने मिडिया को बताया कि वे यहां प्रति वर्ष नियमित आते हैं और माता आशिष पाते हैं। कहा की ढोरी माता के प्रति क्षेत्र के सभी समुदायों के लोगो की आस्था जुड़ी हुई है। यहां लोग धर्म के बंटवारे से उपर उठ कर पहुचते है। ज्ञात हो कि यहां इस धार्मिक आयोजन के दौरान भव्य मेले का भी आयोजन किया जाता है जिसके बहाने भी लोग यहां अधिकाधिक पहुचते है।

---

### सूर्यनाथ बाबू मजदूर मसीहा के रूप मे याद किए जाएंगे:राजेश



**बेरमो**: बेरमो कोयलांचल के मजदूर नेता सूर्यनाथ सिंह की 9 वी पुण्यतिथि फुसरो बाजार स्थित मेघदूत मार्केट स्थित सैमसंग स्मार्ट प्लाजा में देर शाम को मनाई गई। मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह आदि लोग शामिल होकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। सूर्यनाथ बाबू के विचारों को हम सब मिलकर आगे ले जाए। कहा कि सूर्यनाथ बाबू मजदूर मसीहा के रूप मे याद किए जाएगे। उन्होंने कहा कि स्व सूर्यनाथ सिंह के बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अपने लिए तो सब जीते हैं, जो समाज के लिए जीता है उसी को लोग हमेशा याद रखते हैं। उन्होंने कहा कि मजदूरों एवं गरीबों के हित के लिए जनता मजदूर संघ मे रहकर वे अंतिम दिन तक लड़ाई लड़ते रहे ।इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यालय मंत्री अजय दूबे, जिप सदस्य नीतू सिंह,अभिमन्यु पासवान,दिनेश सिंह, इनमोसा सीसीएल जोन महामंत्री विजय कुमार सिंह सहित जयराम सिंह, सुधिर किशन उर्फ भोला जी,चंदन पोद्दार ,पिंटू सिंह,मोहम्मद सफदर, सुभाष महतो, नरेश महतो,रामलाल गोस्वामी, अमरजीत, दर्जनो लोग उपस्थित हुए।

### कारो के नये पीओ को कोयला व्यापारी ने किया स्वागत



**बेरमो** :सीसीएल बीएंडके के कारो ओपनकास्ट के नये पीओ मनोज कुमार सिंह को कारो लोकल सेल कमिटि से जुड़े लोगो ने बुके देकर सम्मानित किया। कमिटि के लोगो ने कहा कि ओपनकास्ट के तहत पिछले कई महीने से कोयला उत्पादन बंद है। इससे एक ओर जहां सीसीएल और सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है, वहीं दूसरी ओर कोयला व्यवसाय से जुड़े लोग भी आर्थिक समस्या से जूझ रहे हैं। सीसीएल पोर्टल के अनुसार यहां परियोजना में कोयला का भंडार है। बेहतर तरीके से खनन कार्य को कई वर्षों तक यहां से उत्पादित किया जा सकता है। इस बिजनेस से सीसीएल और सरकार का अच्छा-खासा राजस्व प्राप्त होता है। ओसीपी में कोयला का उत्पादन बंद रहने के कारण यहां असंगठित श्रमिक आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। रोजगार के अभाव में असंगठित मजदूर पलायन हो रहे है। कहा कि ओसीपी से जल्द ही कोयला उत्पादन चालू करने की दिशा में प्रयास तेज करने की जरूरत है, ताकि कोयला कोयला से लेकर रोड सेल से जुड़े आंकड़ों का जीवन-यापन बेहतर रूप से हो सके। पीओ मनोज कुमार ने कहा कि बहुत जल्द कार्य परियोजना से कोयला उत्पादन शुरू हो जाएगा। कोयला व्यापारियों को पर्याप्त मात्रा में कोयला उपलब्ध कराया जाएगा। स्वागत करने वाले में मोनू सिंह पंकज सिंह, बिट्टू बाबा, मनोज सिंह सुजीत सिंह गोपाल कुमार शहीद दर्जनों लोग शामिल।

### अवैध सुरंग को कराया बंद



**वेस्ट बोकारो (घाटो)** : वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल झारखंड उत्खनन परियोजना कार्यालय के पीछे अवैध कोयला खनन के एक सुरंग को पुलिस, जेओसीपी प्रबंधन व वन विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से डोजरिंग कर शनिवार को बंद कराया। इस बाबत पर जेओसीपी सुरक्षा प्रभारी शुखदेव प्रसाद ने बताया कि रात के अंधेर में कुछ कोयला चोर अवैध कोयला खदान को खोलने का प्रयास कर रहे थें। जिसकी गुप्त सूचना मिलने पर करवाई की गई। इस करवाई में सअनि सुमित कुमार, वन विभाग से निलेश चंद्र पोद्दार, जेओसीपी सेफ्टी मैनेजर जगनारायण राम, क्षेत्रीय सहायक सुरक्षा पदाधिकारी उजय कुमार सिंह, राजकुमार सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### नि:शुल्क ग्रामीण जांच शिविर का आयोजन



**वेस्ट बोकारो (घाटो)** : सीसीएल सामाजिक दायित्व कायाकल्प के अंतर्गत पचमो पंचायत के ग्राम जटेया टांड़ में शनिवार को नि:शुल्क ग्रामीण जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर शाहनवाज हसन द्वारा 78 महिला एवं पुरुषों का स्वास्थ्य जांच कर दवा व आवश्यक सुझाव दी गई। मौके पर स्वास्थ्य कर्मी प्रभावती कुमारी सिंह, इस्लाम अंसारी व ग्रामीण राजकुमार साव, बुधन प्रजापति, निर्मल भुइया, मेघु प्रजापति, सोनाराम महतो, वासुदेव प्रजापति, सिकंदर कुमार महतो, सुलेद्र महतो इत्यादि मौजूद थे।

### लइयो में आर्केस्ट्रा का आयोजन, रात भर झूमे लोग

**वेस्ट बोकारो (घाटो)** : श्री श्री दुर्गा पूजा समिति लइयो ने रात्रि आर्केस्ट्रा कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें आसनसोल के राजू म्यूजिशियन ग्रुप के कलाकारों ने एक से बढ़ कर एक भक्ति व फिल्मी गीत गाए। इससे पहले इसका उद्घाटन मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, जेओसीपी पीओ बीके साहू, लइयो उत्तरी पंचायत मुखिया सुरेश उर्फ मदन महतो, इचाकडीह पंचायत मुखिया रमेश राम, बसंत महतो, राजेन्द्र प्रसाद सिंह, दासो महतो, जगमोहन महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। समिति की ओर से अतिथियों को बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान तिवारी महतो ने समिति के इस आयोजन की सराहना की और लोगों से शांतिपूर्वक कार्यक्रम का आनंद उठाने की अपील की। इसके बाद आर्केस्ट्रा ग्रुप के कलाकार पूरी रात लोगों को झुमाते रहे। आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्य प्रदीप महतो, संजय रजक, छोटू साव, संजय रवि, बाबूलाल बिंद, जगन्नाथ महतो, हरि रजवार गोविंद रजवार, महादेव महतो, छोटू महतो समेत समिति के कई सदस्यों ने सराहनीय भूमिका निभाई।

संपादकीय

# तेलंगना का चुनाव ज्यादा महत्वपूर्ण है

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। ये राज्य मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मिजोरम और तेलंगना है। इनमें खास तौर पर तेलंगना का चुनाव भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए ज्यादा महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां के चुनाव में एक तीसरा कोण भी है। के सी राव की सरकार को यह दोनों राष्ट्रीय दल चुनौती देने का काम कर रहे हैं। वरना शेष चार राज्यो में से तीन में कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधी लड़ाई है जबकि मिजोरम में अन्य दलों की भूमिका शायद इन दोनों दलों से ज्यादा महत्वपूर्ण है। वैसे मिजोरम के चुनाव में भी भाजपा के खिलाफ एक माहौल मणिपुर को लेकर है। राजनीति में परासरण (ऑस्मोसिस) एक दुर्लभ शब्द है। लेकिन यह तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी के अचानक कायाकल्प को परिभाषित कर सकता है। कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी को निर्णायक रूप से हराकर इसकी जीत ने इसे एक संगठनात्मक प्रोत्साहन और आत्मविश्वास दिया है जिसने इसे उस जीत के कुछ महीनों के भीतर तेलंगाना में एक दावेदार बनने की अनुमति दी है।



यह आंशिक रूप से इसलिए है क्योंकि सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति लगभग एक दशक से सत्ता में है और उसने अपने मजबूत समर्थन आधार पर सेंध लगाकर सत्ता विरोधी लहर की अपरिहार्य भारतीय चुनौती का सामना किया है। उस आंदोलन का नेतृत्व करने का लाभ पाकर बीआरएस एक दुर्जेय ताकत बन गया था जिसके कारण राज्य का गठन हुआ, जिसे 2014 में संयुक्त आंध्र प्रदेश से विभाजित किया गया था। लेकिन आंदोलन में कई साथी-यात्री और भागीदार इससे अलग हो गए। क्षेत्रीय पार्टी एक विशिष्ट एकल परिवार-संचालित उद्यम बन गई है जो अपने मजबूत नेता के.चंद्रशेखर राव के समर्थन के कारण फलती-फूलती है। जिस चीज ने पार्टी के लिए समर्थन आधार बनाए रखा है, वह कल्याणकारी पहलों पर उसका जोर है, जिसमें सिंचाई जैसे क्षेत्रों में सुधार के लिए काम करने के अलावा विभिन्न वर्गों के लिए कई खैरात भुगतान शामिल हैं, जो प्रमुख मुद्दों में से एक है जिसने पहले अलग राज्य के लिए आंदोलन चलाया था। जगह। लेकिन कांग्रेस कल्याणकारी गारंटी के माध्यम से कर्नाटक में मतदाताओं का दिल जीतने में कामयाब हो रही है और तेलंगाना के लिए इस मॉडल को दोहराने की कोशिश कर रही है, प्रतिस्पर्धी लोकलुभावनवाद द्वारा संचालित चुनावी लड़ाई के लिए मंच तैयार है, भले ही थोड़ा अलग प्रकार का हो। कांग्रेस की गारंटियों को टक्कर देने के लिए बीआरएस कई कल्याणकारी और नकद हस्तांतरण उपायों के साथ आ रहा है, चुनाव इस बात पर जनमत संग्रह बन सकता है कि कौन बेहतर कल्याण प्रदान करता है। इस दशक के दौरान, भाजपा ने तेलंगाना में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने की कोशिश की है और केवल चुनावी नतीजे ही इस व्यापक सिद्धांत की पुष्टि करेंगे कि राज्य में पार्टी का समर्थन आधार कुछ सीटों तक ही सीमित है। यदि कांग्रेस भाजपा से आगे निकल जाती है, तो यह धार्मिक ध्रुवीकरण पर उसकी थकाऊ निर्भरता और एक मित्रवत केंद्र सरकार के गुणों का प्रचार करने से परे तेलंगाना के लोगों को आकर्षित करने वाले एजेंडे को बढ़ाने में भाजपा की विफलता को प्रतिबिंबित कर सकता है। यह दक्षिणी राज्यों में मतदाताओं के मूड का भी संकेत होगा जहां चुनावी प्रतिस्पर्धा कल्याण और विकासवाद की राजनीति में कम है और सांप्रदायिक लामबंदी के उन्माद में कम है, जैसा कि उत्तर में अन्यत्र स्पष्ट है। सभी ने कहा, कांग्रेस के पास एक दुर्जेय बीआरएस के खिलाफ दावेदार बनने की हवा हो सकती है, लेकिन चुनावी अभियान और वे बाड़-बैठक और अनिर्णीत मतदाताओं को कैसे प्रभावित करते हैं, यह राज्य में चुनाव की दिशा तय करेगा। भाजपा के लिए यह चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वह कर्नाटक का चुनाव हार चुकी है और दक्षिण भारतीय राज्यों में पैर जमाये रखने के लिए उसे एक राज्य में अपनी ताकत को फिर से स्थापित करना होगा। दूसरी तरफ कांग्रेस के हाथ से यह राज्य निकल जाने के बाद यह पहला अवसर है जब पार्टी वहां भी सक्रिय अवस्था में नजर आ रही है। यह शायद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का परिणाम है और पूरे देश में इसका असर पड़ा है, इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता। दूसरी तरफ दक्षिण भारत के केरल में क्रमशः 20, आंध्र प्रदेश में 25, तमिलनाडु में 39, तेलंगाना में 17 और कर्नाटक में 28 लोकसभा सीटें हैं। हैदराबाद में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भाजपा कार्यकताओं को अगले साल दक्षिण में पार्टी को मजबूत करने का लक्ष्य दिया गया है, ताकि 2024 में लोकसभा में भाजपा बड़ी संख्या में सीटें जीतकर एक बार फिर सरकार बना सके। भाजपा का मानना है कि अगर उसे 2024 में 303 से ज्यादा सीटें हासिल करनी हैं तो योजनाबद्ध तरीके से दक्षिणी सीटों को टारगेट करना होगा और अब भाजपा ने इस पर काम करना शुरू कर दिया है। इसी तैयारी की परीक्षा तेलंगना के चुनाव में होने वाली है। लोकसभा चुनाव से पहले यह महत्वपूर्ण भी है।

# सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही नफरत एक सुनियोजित षड़यंत्र ?

जिस भारत देश में स्कूली शिक्षा में प्राइमरी कक्षा की इतिहास की पाठ्य पुस्तकों में सभी धर्मों के महापुरुषों की जीवन गाथा केवल इसी मकसद से पढ़ाई जाती थी ताकि देश के कर्णधार बच्चों को न केवल उनके व्यक्तित्व के बारे में पता चल सके बल्कि उनके प्रति आदर, सत्कार, सम्मान व स्नेह भी पैदा हो। आज उसी देश में सद्भाव व सौहार्द की नहीं बल्कि साम्प्रदायिक नफरत के बीज बोने जैसा खतरनाक खेल खेला जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के लाख मना करने व चेतावनी देने के बावजूद देश के मुख्य धारा के मीडिया से लेकर सोशल मीडिया के फेस बुक ,वॉट्सएप्प व एक्स (ट्विटर ) जैसे अनेक प्लेटफॉर्म्स पर धड़ल्ले से साम्प्रदायिकता का जहर उगला जा रहा है। चूँकि मीडिया व सोशल मीडिया इस तरह के विषवमन करने वाले अनेक तत्वों को उन्हें प्रचारित कर 'हीरो ' बना चुका है और ऐसे अनेक स्वयंभू धर्मगुरु से लेकर अपराधी प्रवृत्ति के तत्वों तक समाज में जहर घोल कर व साम्प्रदायिक नफरत फैलाकर आज के दौर के



**तनवीर जाफरी**
स्तंभकार

चर्चित व्यक्ति बन चुके हैं और प्रसिद्धि हासिल कर चुके हैं, अतः इन्हीं का अनुसरण कर मानो नफरत के कारोबारियों की पूरी फौज धड़ल्ले से मैदान में उतर आई है और बेफिक्र होकर समाज में नफरत का जहर घोल रही है। इनमें से अधिकांशतः समाज के निठल्ले,बेरोजगार,अपेक्षित,अशिक्षित,साम्प्रदायिकतावादी,पूर्वाग्रही तथा सामाजिक एकता को नापसंद करने वाली जन्मजात सोच रखने वाले लोग शामिल हैं। इन्हें मालूम है कि चूँकि उनके इस नफरती अभियान से सत्ता पक्ष खुश होगा,उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होगी,और सम्भव है कि नफरत फैलाने में ज्यादा महारत रखने का 'सफल प्रदर्शन ' करने पर उन्हें किसी 'रेवड़ी ' से भी नवाज दिया जाये।

पिछले दिनों भारतीय जनता पार्टी ने तेलंगाना राज्य में अपने प्रत्याशियों की जो सूची जारी की उसमें एक नाम विधायक टी राजा सिंह का भी था। पार्टी ने उन्हें इस बार भी उनकी गोशामहल सीट से मैदान में उतारने का फैसला किया है।



टी राजा 2014 से इसी सीट से चुनाव जीतते आ रहे हैं। इनका संक्षिप्त परिचय यह है कि यह रानजीति में आने से पूर्व बजरंग दल से जुड़े थे। हमेशा विवादों से घिरे रहने वाले टी राजा के विरुद्ध अनेक थानों में 75 से भी अधिक एफआईआर दर्ज हैं। इनमें से अधिकांश प्राथमिकी हेट स्पीच, लॉ एंड ऑर्डर के उल्लंघन और कर्फ़्यू के आदेशों के उल्लंघन जैसे मामलों में दर्ज हैं । पिछले कुछ समय से राजा सत्ता द्वारा मिलती जा रही लगातार छूट या शह से उत्साहित होकर कुछ ज्यादा ही नफरत उगलने लगे थे। टी राजा की पूरी राजनीति व शोहरत ही नफरत की बुनियाद पर तिकी रही है। उन्होंने 2017 में बॉलीवुड फिल्म पद्मावत की रिलीज को लेकर मचे हंगामे के दौरान भी कई विवादित बयान दिए थे। उन्होंने हैदराबाद के पुराने शहर को मिनी पाकिस्तान बताया था। जुलाई, 2017 में उन्होंने बंगाल में हिंदुओं से 2002 के गुजरात दंगों की तरह जवाब देने को कहा था। इस तरह 2018 में उन्होंने रोहिंग्या मुसलमानों को लेकर कहा था कि अगर वह देश नहीं छोड़ते तो उन्हें गोली मार देनी चाहिए। उन्होंने मुसलमानों की धार्मिक किताब कुरआन पर प्रतिबंध लगाने को भी कहा था और इसे ग्रीक पुस्तक बताते हुए कुरआन को देश में आतंकवाद का कारण बताया था। उनकी इसी नफरत पूर्ण पोस्ट की वजह से 2020 में उन्हें फेस बुक ने प्रतिबंधित भी कर दिया था। ऐसा करते समय फेस बुक ने कहा था कि टी राजा ने उस पॉलिसी का उल्लंघन किया है, जो हिंसा और नफरत को बढ़ावा देने या उसमें शामिल होने वाले लोगों को फेस बुक पर उपस्थिति से रोकता है। कभी वे पैगंबर मोहम्मद को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करते सोशल मीडिया पर नजर आते तो कभी एक मुस्लिम हास्य कलाकार मुनव्वर फारूकी का शो होने पर स्टेज को आग लगा देने की धमकी देते सुनाई देते। इस धमकी के बाद उन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। उसी समय भाजपा ने उनके बयानों से किनारा करते हुये कहा था कि ये उनके निजी विचार हैं और पार्टी इसका समर्थन नहीं करती।और फिर उन्हें पार्टी से निलंबित भी कर दिया गया था। और अब उसका निलंबन समाप्त कर भाजपा द्वारा पुनः उसी विवादित व नफरत फैलाने वाले व्यक्ति को प्रत्याशी बनाने का आखिर क्या अर्थ है?

इसी तरह जब भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे व स्वतंत्र भारत के पहले आतंकवादी हत्यारे नाथू राम गोडसे को देशभक्त बताती हैं तो प्रधानमंत्री उनसे रुष्ट होने का बयान तो जरूर देते हैं परन्तु उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं करते? अनुराग ठाकुर व तेजस्वी सूर्य जैसे कई लोग नफरत फैलाने के बाद पदोन्नत होते दिखाई देते हैं। कोई शस्त्र धारण करने का आवाह्न समुदाय विशेष से कर रहा है तो किसी ने सोशल मीडिया पर तलवारों की दुकान ही खोल रखी है। कोई चाकुओं की धार तेज रखने को कह रहा है तो कोई दस पांच बच्चे पैदा करने की सलाह दे रहा है। ऐसे माहौल में कौन नहीं चाहेगा कि हिंसा व नफरत की आग में ही तपकर क्यों न सत्ता के करीबियों में अपना शुमार किया जाये ? अनजानी व गुमनामी भरी जिंदिगी जीने वाले लोग भला क्यों न चाहेंगे कि केवल नफरती पोस्ट के जरिये धर्म ध्वजा बुलंद कर क्यों न 'प्रसिद्धि ' की राह तय की जाये ? और अब तो नफरत का यह बाजार इतनी कुरूपित हो चुका है कि यही नफरती ट्रोल फिलिस्तीन में इस्राईलियों द्वारा किये जा रहे नरसंहार का जश्न मना रहे हैं और बार बार हमास या फिलिस्तीनियों को ही गलत,लड़ाई का जिम्मेदार यहाँ तक कि उन्हीं को क्रूर ठहराने पर तुले हैं ? नफरत के कई सौदागर इस्राईली सेना के पक्ष में लड़ने के लिये जाने को तैयार बता रहे हैं तो कई ने तो अपनी प्रोफाइल पर भारतीय तिरंगे की जगह इस्राईली ध्वज तक लगा दिया है। रेवड़ी व शोहरत हासिल करने के इस शार्ट कट पर चलने में भी इस समय गोया प्रतिस्पर्धा सी मची हुई है। शम्भू रैगर व मोनू मानेसर जैसे अनेक गुंडे मवाली ही नहीं बल्कि स्वयं को पढ़े लिखे कहलाने का शौक पालने वाले अनेकानेक स्वयंभू लेखक,कवि,प्रेरक,प्रवचनकर्ता,लेक्चरबाज,यहाँ तक कि सत्ता लोभी अनेक फिल्मी लोग व तमाम स्वयंभू पत्रकार भी इस अंधी रेस में दौड़ लगा रहे हैं। सवाल यह है कि नफरत के बाजार में हिंसा व नफरत के सौदागरों द्वारा सोशल मीडिया पर पूरी आजादी से इस कद्र नफरत फैलाना और उनका बिना किसी कानूनी बाधा के उनका बेलगाम घूमना यह सब समाज को विभाजित करने का एक सुनियोजित षड़यंत्र नहीं तो और क्या है ?

नजरिया

# लूट खसोट का केंद्र बनते निजी अस्पताल

हमारे देश के करीबन पचहत्तर प्रतिशत अस्पताल निजी क्षेत्र में हैं। मात्र पच्चीस प्रतिशत अस्पताल सरकार द्वारा संचालित किए जाते हैं, जिनमें भी अधिकतर अस्पतालों में डॉक्टर, नर्स एवं गुणवत्ता वाले चिकित्सीय संसाधनों का अभाव रहता है। ऐसे में सुविधा एवं संसाधनों से परिपूर्ण निजी अस्पतालों की मनमानी स्वाभाविक है। इनकी मनमानी भरे रवैये पर नकेल कसने के लिए सरकार को निजी अस्पतालों में हो रही सारी जांचों, उपलब्ध दवाइयों, सर्जरी, परामर्श तथा हो रहे हर प्रकार के इलाज के लिए दरें तय कर देनी चाहिए। निजी अस्पतालों में उपलब्ध आईसीयू बेड, वेंटिलेटर इत्यादी सुविधाओं की यथास्थिति ऑनलाइन होनी चाहिए। इन नियमों का उल्लंघन करने पर निजी अस्पताल पर कार्रवाई होनी चाहिए। इसके साथ-साथ सरकार को



**प्रियंका सौरभ**
स्तंभकार

**निजी अस्पतालों के डॉक्टरों की फीस भी निर्धारित की जानी चाहिए, वे कोई दूसरे ग्रह से नहीं आए हैं। हालत यह है कि आजकल कुछ डॉक्टर तो तत्काल टिकट की तरह तत्काल मरीजों को देखने की तीन गुनी फीस लेते हैं।**

सरकारी अस्पतालों की संख्या, वहां पर डॉक्टरों, नर्सों एवं आधुनिक संसाधनों में वृद्धि पर ध्यान देना चाहिए। निजी अस्पतालों के डॉक्टरों की फीस भी निर्धारित की जानी चाहिए, वे कोई दूसरे ग्रह से नहीं आए हैं। हालत यह है कि आजकल कुछ डॉक्टर तो तत्काल टिकट की तरह तत्काल मरीजों को देखने की तीन गुनी फीस लेते हैं। हमारे यहां सारे निजी अस्पतालों में सरकारी आदेशों की अनदेखी करना और मनमानी रकम वसूल करना एक आम सी बात है। शीर्ष सरकारी अफसरों और निजी अस्पतालों के मालिकों की सांठगांठ से सारे कायदे-कानून ताक पर रख दिए जाते है और जनता को भ्रमित करने के लिए नेताओं द्वारा प्राइवेट अस्पतालों की लूट खसोट का रोना शुरू कर दिया जाता है जबकि पक्ष-विपक्ष के नेताओं को अंदर का सारा खेल पता होता है। आरोप-प्रत्यारोप से असल मुद्दे को भटकाने की सस्ती राजनीति का ही परिणाम है जो आज निजी अस्पताल लूट खसोट का केंद्र है। सरकार अपनी चिकित्सा सेवाओं की बेहतरी के लिए हर बजट में करोड़ों रुपयों आवंटित करती है, फिर भी प्राइवेट अस्पतालों के आगे सरकारी अस्पताल उन्नीस ही दिखाई पड़ते है। अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार विजेता अमरीका के कैनेथ एरो ने 1963 में ही चेतावनी दे दी थी कि स्वास्थ्य सेवा को बाजार के हवाले कर देना आम लोगों के लिए घातक साबित होगा। इस चेतावनी का दुनियाभर में जो भी असर हुआ हो, लेकिन हमारे देश में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र उद्योग में तब्दील हो गया। यह क्या और कैसे-कैसे गुल खिला रहा है, इससे जुड़े समाचार आए दिन सामने आ रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों का नहीं मिलना और जांच मशीनों का अभाव सामान्य बात है। इन सभी कारणों से मरीज निजी अस्पतालों में जाते हैं, जहां उनका आर्थिक शोषण किया जाता है। निजी अस्पताल में मरीजों को इलाज के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध रहती हैं। सरकारी अस्पतालों में इलाज व सर्व सुविधा तत्काल नहीं मिलना भी इसका बहुत बड़ा कारण है। निजी अस्पतालों में इलाज के नाम पर मरीजों से तगड़ी फीस वसूली जाती है और मिल-बांटकर खाने के इस खेल में कई लोग शामिल होने से इस मनमानी पर रोक नहीं लग पाती है। बेचारा मरीज मजबूर है, क्योंकि उसे लगता है कि निजी अस्पतालों में ही सही इलाज होता है। निजी अस्पताल प्राइवेट कारपोरेट कंपनियों की तरह चलाए जा रहे हैं। समाज की सेवा करने के बजाय इनका मकसद सिर्फ मुनाफा कमाना है।

# जो होता है अच्छे के लिए होता है

प्रेरक-प्रसंग

एक राजा अपने मंत्री के साथ आखेट पर निकले। वन में हिरन को देख राजा ने तीर प्रत्यंचा पर चढ़ाया ही था कि जंगल में से एक सूअर निकला और राजा को धक्का देकर भागा। इस अप्रत्याशित आघात के कारण तीर की नोक से उनकी उंगली कट गई। रक्त बहने लगा और राजा व्याकुल हो उठे। राजा की उंगली से खून बहता देखकर मंत्री बोले- 'राजन! भगवान जो करता है, अच्छे के लिए करता है। राजा काफी पीड़ा में थे। मंत्री की बात सुनकर क्रोध से भर उठे। उन्होंने मंत्री को आज्ञा दी कि वो उसी समय उनका साथ छोड़ अन्य राह पकड़ लें। मंत्री ने आदेश को सहर्ष स्वीकार किया और भिन्न दिशा में निकल पड़े। इधर राजा थोड़ा आगे बढ़े ही थे कि उन्हें जंगल में नरभक्षी कबीले के लोगों ने



घेर लिया। वे उन्हें पकड़कर अपने सरदार के पास ले चले। राजा को बलि देने की तैयारी हो ही रही थी कि कबीले के पुजारी ने राजा की कटी उंगली देखकर कहा कि इसका तो अंग भंग है, इसकी बलि स्वीकार नहीं हो सकती।'

राजा को जीवनदान मिला तो उन्हें तुरंत मंत्री की याद आई। सोचने लगे कि मंत्री ठीक कहते थे - भगवान जो करता है, अच्छे के लिए ही करता है। मुझे उनका साथ नहीं छोड़ना चाहिए था ।

ऐसा सोचते वे आगे बढ़ रहे थे कि उन्हें मंत्री नदी किनारे भजन करते दिखाई पड़े। राजा ने प्रेमपूर्वक मंत्री को गले लगाया और उन्हें सारा घटनाक्रम कह सुनाया। इसके बाद राजा ने उनसे प्रश्न किया- मेरी उंगली कटी, इसमें भगवान ने मेरा भला किया, पर तुम्हें मैंने अपमानित करके भगाया, इससे भला तुम्हारा क्या भला हुआ ? मंत्री मुस्कराए और बोले - 'राजन ! यदि आपने मुझे भिन्न राह पर न भेजा होता और मैं आपके साथ होता तो अंग भंग के कारण नरभक्षी आपकी बलि न देते, पर मेरी बलि चढ़नी सुनिश्चित थी। इसलिए भगवान जो करते हैं, अच्छा ही करते हैं।'

जानकारी

# पहाड़ों की रानी, ऊटी



ऊटी एक साल भर चलने वाला गंतव्य है और पूरे साल मौसम सुहावना रहता है, जिससे यह बैंगलोर से ऊटी तक की छुट्टी के लिए एक आदर्श स्थान बन जाता है। मानसून के मौसम के दौरान, ऊटी में कम यात्री आते हैं, जब आप ऊटी में घूमने की जगहों का आनंद ले सकते हैं और नीले पहाड़ों के शहर में अनछुए खजानों का भी पता लगा सकते हैं। सर्दियों के महीनों के दौरान, आसमान साफ रहता है और दिन के समय सूरज की रोशनी गर्म और सुखद वातावरण देती है। रात के समय तापमान गिरकर जमा देने वाली ठंड तक पहुंच सकता है और आप सुबह के समय पूरे घास के मैदान को बर्फ की पतली परत से ढका हुआ देख सकते हैं। इसलिए यदि आप सर्दियों के मौसम में ऊटी जाने की योजना बना रहे हैं, तो एक गर्म जैकेट अपने पास रखें और नवंबर से फरवरी के बीच धूप वाली सुबह और ठंडी शाम का आनंद लें। ऊटी में गर्मियां आपको और अधिक जानने के लिए बार-बार आने के लिए मजबूर कर देंगी क्योंकि गर्मियों के महीनों के दौरान विदेशी वनस्पतियां पूरी तरह खिल जाती हैं।

# Xiaomi 14 और 14 Pro की कीमत का खुलासा

साइबर दुनिया

**नई दिल्ली:** Xiaò चीनी बाजार में Xiaomi 14 सीरीज के स्मार्टफोन पेश करेगी। ब्रांड ने अब तक स्टैंडर्ड मॉडल की कई ऑफिशियल फोटो जारी कर दी हैं, लेकिन प्रो मॉडल की कुछ जानकारी नहीं है। ऑफिशियल घोषणा से कुछ घंटे पहले टिपस्टर डिजिटल चैट स्टेशन ने Xiaò 14 के कुछ लाइव शॉट्स शेयर किए हैं। इसके अलावा फोन की AnTuTu लिस्टिंग का एक स्क्रीनशॉट भी जारी किया गया है। एक अन्य लीक में Xiaomi 14 और 14 Pro की कीमतों का पता चला है। यहां हम आपको Xiaomi 14 और 14 Pro के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।



**Xiaomi 14 और 14 Pro की अनुमानित कीमत**

टिप्सटर ईशान अग्रवाल के अनुसार, Xiaò 14 के 8GB+256GB स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 4,299 युआन (लगभग 48,856 रुपये) होगी, जबकि 14 Pro के 12GB+256GB स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 5,399 युआन (लगभग 61,506 रुपये) होगी। Xiaò 14 कई कलर ऑप्शन व्हाइट, ब्लैक, पिंक और ग्रीन आदि में आएगा, वहीं 14 Pro व्हाइट, ब्लैक और ग्रीन कलर में उपलब्ध होगा।

**Xiaomi 14 AnTuTu लिस्टिंग**

Snapdragon 8 Gen 3 चिपसेट से लैस Xiaò 14 ने AnTuTu बेंचमार्क पर 1,992,387 स्कोर किया, जो कि प्लेटफॉर्म पर Dimensity 9300 स्मार्टफोन से थोड़ा ही कम है। आपको बता दें कि Dimensity 9300 स्मार्टफोन ने हाल ही में 2,055,084 का अधिकतम AnTuTu स्कोर हासिल किया है। इसके अलावा Xiaò 14 का AnTuTu स्कोर क्वालकॉम के दावे से कम है, जिसमें कहा गया है कि Snapdragon 8 Gen 3, AnTuTu बेंचमार्क पर अधिकतम 2,139,281 स्कोर तक पहुंच सकता है।

टॉप ट्वीट

'भाजपा का शीर्ष नेतृत्व मध्य प्रदेश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए बहुत बड़ी बाधा बनता जा रहा है। अधिकारियों को धमकी देना कि अगर उन्होंने भाजपा के चुनाव चिन्ह 'कमल' का ध्यान नहीं रखा तो उसे छोड़ना मत, न सिर्फ आचार संहिता का खुला उल्लंघन है, बल्कि आपराधिक कृत्य है। चुनाव प्रक्रिया के बीच में अधिकारियों को डराना और धमकाना लोकतंत्र की हत्या करने के बराबर है।'

कमलनाथ
मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री





" टाइगर श्रॉफ और दिशा पाटनी की जोड़ी एक बार फिर फैंस को देखने को मिलेगी। पहले सारा अली खान को लीड एक्ट्रेस के लिए साइन किया गया था। दिशा पाटनी एक्शन सीन्स करने के लिए बिलकुल फिट हैं। सारा इस फिल्म का हिस्सा जरूर थीं, लेकिन उनके साथ डेट्स मैच नहीं हुई। "

जगन शक्ति
निर्देशक

संपादक के नाम पत्र

## ओलंपिक में क्रिकेट का जलवा रहेगा

क्रिकेट दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेल है। कई देशों में इसकी लोकप्रियता उसे उस देश का राष्ट्रीय खेल घोषित करती सी लगती है बावजूद इसके कई देश इसकी टीम तैयार नहीं कर पाए हैं फिर भी इसका जुनून समान रूप से विश्व में नजर आता है। एशिया कप हो या विश्व कप या अन्य कोई टूनार्मेंट क्रिकेट प्रेमी इसका लुत्फ उठते ही हैं। क्रिकेट का अस्थिर चरित्र ही उसका रोमांच है और इसी वजह से क्रिकेट प्रेमी मैच की अंतिम गेंद तक इसका लुत्फ उठाते हैं। कोई और टीम का मैच इतना नहीं रिझाता है जितना संघर्ष चिर प्रतिद्वंद्वी भारत पाक के मैच के दौरान देखने में आता है। पुरुषों के साथ ही महिला क्रिकेट भी धीरे-धीरे लोकप्रिय होता जा रहा है। ऐसे में 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले विश्व ओलंपिक में क्रिकेट का समावेश आयोजन की लोकप्रियता में चार चांद लगा देगा। सन 1900 के पेरिस ओलंपिक में इंग्लैंड फ्रांस के बीच अंतिम मैच हुआ था जो इंग्लैंड के पक्ष में रहा था। लगभग सवा सौ साल से अधिक समय के बाद विभिन्न स्पधाओं के बीच क्रिकेट के मैच का अलग ही आनंद होगा। रोचक बात यही रहेगी कि इसमें 6 महिला और 6 पुरुष टीम में ही भाग ले पाएगी जिसका स्वरूप ओलंपिक समिति तय करेगी जो निश्चित रूप से क्रिकेट को फिर से ओलंपिक में शामिल करने से आयोजन का स्वरूप अलग ही होगा। अब इसमें कौन से देश की टीम में शामिल होगी यह देखने वाली दिलचस्प बात होगी। खेल प्रेमियों को हॉकी क्रिकेट का अद्भुत सामंजस्य लॉस एंजेलिस में देखने को मिलेगा निश्चित रूप से यह पल गौरवशाली रहेंगे।

**अमृतलाल मारू 'रवि' इन्दौर मप्र**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### प्रखंड गव्य विकास समिति की बैठक

**हजारीबाग:** बड़कागांव प्रखंड गव्य विकास समिति की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल की अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय में की गई। बैठक में सन 2023-24 में प्रखंड के कुल 595 लाभुकों के बीच पशुधन वितरण करने का चिन्हित किया गया। फाइनल स्वीकृति के लिए चिन्हित लाभुकों की सूची हजारीबाग जिला पशुपालन पदाधिकारी को बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय के पत्रांक 1203 दिनांक 27/10/ 2023 के आलोक में अनुशंसित की गई।

## सिटी अपडेट्स >>

### गोड्डा की बेटी तनीषा का 67वीं बीपीएससी संयुक्त परीक्षा सेवा में चयन

**गोड्डा:** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 67वीं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा में गोड्डा की बेटी तनीषा कुमारी का चयन वेलफेयर ऑफिसर के पद पर हुआ है। तनीषा गोड्डा के नामी हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ। नरेन्द्र कुमार के छोटे भाई सत्येन्द्र कुमार की पुत्री हैं। बचपन से ही होनहार स्टूडेंट रही तनीषा की स्कूलिंग रांची के ब्रिजफोर्ड स्कूल से हुई और ग्रेजुएशन रांची विश्वविद्यालय से जीवविज्ञान विषय से किया जहां यूनिवर्सिटी टॉपर होने पर गोल्ड मेडल प्राप्त की। बीपीएससी संयुक्त परीक्षा में कुल 799 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है जिसमें तनीषा का रैंक 646 आया है। तनीषा के पिता सत्येन्द्र कुमार झारखंड सरकार में उप सचिव हैं जबकि दादा स्व। योगेन्द्र प्रसाद साहा सिकटिया टीचर्स ट्रेनिंग स्कूल के रिटायर्ड प्रिंसिपल थे। वेलफेयर ऑफिसर पद पर चयनित होकर तनीषा ने परिवार और समाज का नाम रौशन किया है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### सीएम के कार्यक्रम को लेकर डीसी ने की बैठक

**दुमका:** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में मकरमपुर ग्राम में आयोजित होने वाले कार्यक्रम से संबंधित ब्रीफिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्रीफिंग में पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार, जिले के सभी वरीय पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, सभी प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी एवं पुलिस दंडाधिकारी उपस्थित थे। ब्रीफिंग का मुख्य उद्देश्य 30 अक्टूबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाना है। इसके लिए उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को उनके दायित्वों से संबंधित निर्देश दिया। सभी को ससमय कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहने को कहा। कहा कि कार्यक्रम में आए लोगो को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका विशेष खयाल रखे। लोगों के सुविधा के लिए पुल से लेकर हेलीपैड, धरमपुर, मुख्य कार्यक्रम स्थल के समीप कई पार्किंग स्थल का निर्माण किया गया है। जगह जगह पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था की गई है।

### पीडीएस दुकानदार के खिलाफ विधायक से की शिकायत

**पीरटांड:** पीडीएस दुकान में राशन नही मिलने से नाराज लाभुको ने रविवार को प्रखण्ड मुख्यालय पहुच कर मंत्री चंपई सोरेन से इसकी शिकायत ओर करवाई की मांग करने पहुंचे थे। बताते चले कि पीडीएस संचालक सह बिस सूत्री अध्यक्ष महेश मराण्डी के पीडीएस दुकान के खिलाफ मंत्री से मिलने दर्जनों ग्रमीण पीरटांड़ कार्यक्रम स्थल पहुच हुए थे। हालांकि मुख्य गेट पर ही इन लोगों को रोक दिया गया।इस बीच गेट के पास हो हंगामा सुनकर सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू पहुँचे ओर लोगों से मुलाकात कर सभी ग्रामीणों को समझाकर उन्हें वापस भेज दिया।उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया है कि जल्द ही आप लोगों को राशन मिल जाएगा।बता दें कि वे लोग अनाज नहीं मिलने से नाराज हैं।

---

**समारोह** जिला प्रशासन के परिसंपत्ति वितरण समारोह में शामिल हुये मंत्री चंपई सोरेन

# योजनाओं को लेकर सरकार गंभीर: चंपई

- गिरीडीह जिले में 69 मांझी हाउस बनना
- मॉडल स्कूल का निर्माण किया जाएगा



**राष्ट्रीय खबर**

**पीरटांड़:** सूबे के परिवहन मंत्री चंपई सोरेन रविवार को गिरिडीह के पीरटांड़ पहुंचे। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा आयोजित परिसंपति वितरण समारोह में शामिल हुए। इस दौरान समारोह में टुंडी विधायक मथुरा महतो, सदर विधायक सुद्विया कुमार सोनू के साथ प्रोबेशन आईएएस दीपेश कुमारी और अपर समाहर्ता विलसन भेंगरा समेत कई अधिकारी और जेएमएम के नेता भी शामिल हुए। इस दौरान समारोह में कल्याण विभाग द्वारा कई छात्राओं के बीच छात्रवृति की राशि का चेक वितरण किया गया। जबकि कई लाभुको के बीच अलग अलग योजनाओं के तहत चुजा और कर्ज का वितरण किया गया। मौके पर मंत्री चंपई सोरेन समेत अन्य विधायकों का स्वागत भी संथाली लोकगीत और नृत्य के साथ किया गया। पीरटांड़ में हुए समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा की योजनाओं को लेकर हेमंत सरकार बेहद गंभीर है। जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे इस दिशा में भी हेमंत सरकार प्रयास में है। लेकिन अब भाजपा हेमंत सरकार को ईडी के जाल में फंसाकर रखना चाहती है। लेकिन बीजेपी अपने गलत मकसद में सफल नहीं होने वाली है।

मंत्री ने कहा कि गिरीडीह जिले में 69 मांझी हाउस बनना है जिसमें 32 पीरटांड़ में ही बनने ज रहा है। 15 नवम्बर से झारखंड में मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजन को शुरू किया जाए गा इस योजना से छात्र को काफी सहयोग मिलेगा। हमारी सरकार ने छात्रवृत्ति भी राशि को भी दो गुना बढ़ दी है। झारखंड के हर गाँव ओर हर पंचायत में मॉडल स्कूल का निर्माण किया जाए गा। आने वाला दिनों में हमारी सरकार पीरटांड़ में कई विकाशसिल योजनाओं को उतारने का काम करेगी। वही टुंडी विधायक मथुरा महतो ने कहा कि मंत्री चम्पई सोरेन को आने के क्रम में मैने पीरटांड़ के क्षेत्र एवं कार्य के बारे में बता दिया हूं। जल्द ही इस क्षेत्र में कई विकाशसिल योजनाओं का कार्य धरातल पर उतरा जाएगा।झारखंड में जब से झामुमो की सरकार बनी है तब से झामुमो की सरकार आपदा की मार झेल रहे है।

इसके बाबजूद हम राज्य को बेहतर बनाने का काम कर रहे है।हमारी सरकार गरीब दबे कुचले ग्रामीणों के लिए काम कर रही है। जबकि गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि पीरटांड़ प्रखंड हमारी सरकार में सबसे अधिक योजनाओं का लाभ मिल है।मंत्री चम्पई सोरेन के मार्गदर्शन में हम और योजनाओं को पीरटांड़ की धरती पर उतारने का काम करेगें। वही समारोह में जेएसएलपीएस, पशुपालन विभाग, आंगनबाड़ी, ग्रीन मार्ट, कल्याण विभाग समेत कई विभाग के स्टाल लगाए थे। समारोह में काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ जुटी थी।

## अफीम तस्कर गिरफ्तार भेजा गया जेल



**राष्ट्रीय खबर**

**हजारीबाग:** हजारीबाग बीती शनिवार पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को गुप्त सूचना मिली कि कुछ अफीम तस्कर, अफिम की खरीद बिक्री करने के उदेश्य से बंझिया मोड कटकमसांडी के पास एकत्रित होने वाले है, त्वरित कार्रवाई करने से पकड़ा जा सकता है। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस उपाधीक्षक राजीव कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित छापामारी दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बंझिया मोड़ के पास पहुँच कर छापामारी किया गया एवं मो0 मिनहाज उम्र 47 वर्ष पिता स्व० मो0 अलिम सा० दर्जी बिगहा, थाना- सदर, जिला- चतरा को खदेड़ कर पकड लिया गया एवं उसके पास से एक लाल गमछी में प्लास्टिक के अन्दर लपेटे हुए 1.2 किलो ग्राम अफिम पाया गया बरामद किया गया। बरामद अफिम को पुलिस उपाधीक्षक राजीव कुमार के द्वारा विधिवत जप्त किया गया। अंधेरा का लाभ उठाकर बाकी तस्कर भागने में सफल हो गये। अन्य संलिप्त तस्करों के गिरफ्तारी हेतू संघन छापामारी की जा रही है। इसके आधार पर क थाना कांड सं0-430/23, धारा 414/34 भादवि एवं 17 ( उ ) / 18 (उ) /22 (उ)/29 नडीपीएस एसटी दर्ज किया। जिसमें वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार उक्त कांड के अभियुक्त विधिवत गिरफ्तार कर भेजा गया जेल।

## मतदान केंद्र पर आयोजित विशेष कैम्प का निरीक्षण



**राष्ट्रीय खबर**

**हजारीबाग:** हजारीबाग मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत रविवार को श्रीमती नैन्सी सहाय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, हजारीबाग के द्वारा 25-हजारीबाग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के नगर निगम क्षेत्र में अवस्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गयाक निरीक्षण के क्रम मे मतदान केंद्र संख्या-190-राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय, नुरा, पूर्वी भाग, म०के०सं०-191-राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय, नुरा, पश्चिमी भाग, म०के०सं०-192-राजकीय मध्य विद्यालय, नुरा हिन्दी, म०के०सं०-323-राजकीय पशु चिकित्सालय, प०भाग, म०के०सं०-324-राजकीय पशु चिकित्सालय, पू०भाग, म०के०सं०-325-राजकीय पशु चिकित्सालय, उ०भाग, म०के०सं०-326-राजकीय पशु चिकित्सालय, द०भाग एवं म०के०सं०-327-राजकीय पशु चिकित्सालय, मध्य भाग का निरीक्षण किया गयाक सभी बीएलओ उपस्थित पाए गएक उपस्थित बीएलओ के द्वारा म०के०सं०-190 में 05, म०के०सं०-191 में 01 एवं म०के०सं०-192 में 01 प्रपत्र-6 तथा फोटो सुधार हेतु 01 प्रपत्र-8 प्राप्त होने की सूचना दी गईक म०के०सं०-323 में 05, 324 में 05, 325 में 04, 326 में 01 एवं 327 में 07 प्रपत्र-6 प्राप्त होने की सूचना दी गईक उपायुक्त के द्वारा सभी बीएलओ को प्राप्त होने वाले प्रपत्रों को दैनिक आधार पर रजिस्टर में इंट्री करने एवं ऑनलाइन इंट्री करने हेतु निदेश दिया गयाक मृत मतदाताओं का मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर ही नाम विलोपन की कार्रवाई करने तथा मतदाता सूची में दर्ज सभी मतदाताओं का शत-प्रतिशत रंगीन फोटोग्राफ सुनिश्चित कराने हेतु निदेश दिया गयाक दिनांक 30.10.2023 से द्वितीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत घर-घर जाकर प्रपत्र भरवाने एवं मतदाताओं के घर पर लगाए गए स्टीकर पर द्वितीय भ्रमण की तिथि अंकित करने हेतु निदेश दिया गयाक मौके पर उपस्थित सभी पर्यवेक्षकों को अपने बीएलओ के कार्य में आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु निदेश दिया गयाक उपायुक्त, हजारीबाग के द्वारा मतदान केंद्र संख्या-325 के बीएलओ के साथ सेल्फी लेकर सभी बीएलओ का उत्साहवर्धन किया गया।

## डॉ मनीष को मिला सम्मान



**राष्ट्रीय खबर**

**हजारीबाग:** हजारीबाग शहर के एकलौते सुपरस्पेशलिटी निजी हॉस्पिटल एचजेडबी आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में वर्षों से बतौर एनेस्थेसिस्ट सेवारत चिकित्सक डॉ मनीष कुमार को ह्यूमन राइट्स एंड सोशल जस्टिस (एचआरएसजे) द्वारा उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित एक सम्मान समारोह में चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और विपरीत परिस्थिति में कोरोना जैसे वैश्विक महामारी में विशेष सेवा कार्य के लिए राष्ट्रिय चिकित्सा सम्मान और रियल हीरो अवार्ड से नवाजा गया। संपूर्ण हिंदुस्तान से पहुंचे विभिन्न क्षेत्र के लोगों के साथ हजारीबाग के पंडित जी रोड़ के रहने वाले डॉ मनीष कुमार को वाराणसी में राष्ट्रीय चिकित्सा सेवा सम्मान वाराणसी के एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा के हाथों और रियल हीरो ऑफ इंडिया अवार्ड बॉलीवुड अभिनेत्री महिमा चौधरी के हाथों प्राप्त हुआ। डॉ मनीष कुमार ने अपने जन्मभूमि को ही कर्मभूमि बनाकर लगातर अपनी सेवा चिकित्सा और समाज सेवा के क्षेत्र में दे रहें हैं। पिछले कई वर्षों से शहर के एचजेडबी आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल सहित कई अन्य अस्पतालों में भी एनेस्थीसिया देखभाल, दर्द प्रबंधन और क्रिटिकल केयर मेडिसिन में बतौर विशेषज्ञ निर्बाध रूप से अपनी उत्कृष्ट सेवा प्रदान कर रहें हैं। विषधर जीवों के बाइट के मरीज, हैंगिंग या पॉइजनस मरीज के अतिरिक्त ओपीडी सेवा और जटिल से लेकर सामान्य सर्जरी के मरीज के उचित इलाज में डॉ मनीष कुमार निरंतर अपना उत्कृष्ट योगदान देते हैं। उनके इसी सेवाभावी कार्य का प्रतिफल है की उन्हें वाराणसी में राष्ट्रीय चिकित्सा सेवा सम्मान और रियल हीरो ऑफ इंडिया अवार्ड से नवाजा गया। डॉ मनीष कुमार को यह सम्मान मिलने पर हजारीबाग में उनके चाहने वाले बेहद खुश हैं। और सोशल मीडिया से लेकर व्यक्तिगत रूप से उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दे रहे हैं। एचजेडबी आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के निदेशक सह युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने बताया की डॉ.मनीष कुमार इस सम्मान के हकदार हैं।

## माताजी आश्रम में योगेस्वरी मां की 161वीं जयंती मनाई

**राष्ट्रीय खबर**

**हाता:** हर वर्ष की इस वर्ष भी रविवार को माताजी आश्रम हाता में विजया सम्मेलन सह माताजी आश्रम की संस्थापिका योगेस्वरी मां की 161 वी जयंती भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाई। इस अबसर पर योगेस्वरी मां की विशेष पूजा की गई। आश्रम के सचिव राजकुमार साहू ने उपस्थित भक्तजनों को स्वागत करते हुए विजयी दशमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर सुनील कुमार दे ने योगेस्वरी मां की महान और अलौकिक जीवनी पर प्रकाश डाला और विजया दशमी की शुभकामनाएं दी। बादल मामा ने विजया मिलन की तात्पर्य पर प्रकाश डाला। शंकर चंद्र गोप ने योगेस्वरी मां की महिमा पर प्रकाश डाला और कहा, योगेस्वरी मां एक महान साधिका और आध्यात्मिक शक्ति की अधिकारिणी थी।

करुणा मंडल ने कविता के माध्यम से विजया दशमी की शुभकामनाएं दी। सुजाता मरल ने भी अपना विचार रखे। इस अबसर पर भक्ति संगीत का कार्य क्रम हुआ जिसमें सुनील कुमार दे, शंकर चंद्र गोप, कमल कांति घोष, पतित पावन दास, तड़ित मंडल, यमुना मंडल, सहदेव मंडल, देसाई सोरेन आदि ने भाग लिया। इसके अलावे संध्या आरती, रामकृष्ण कथामृत पाठ, हरिनाम संगकीर्तन, हरिलुट हुआ। अंत मे उपस्थित भक्तजनों को मुह मीठा किया गया।

---

**महाधिवेशन** झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल, ओडिशा, असम, दिल्ली और छतीसगढ समाज के लोग शामिल होंगे

# आदिवासी कुड़मी समाज का केंद्रीय महाधिवेशन 5 नवंबर को

- परंपरा व नेग-नीति आदि पर चर्चा होगी
- चिंतन-मंथन कर रणनीति तैयार की जाएगी



**राष्ट्रीय खबर**

**हजारीबाग:** चरही ऑफिसर क्लब मे एक दिवसीय आदिवासी कुड़मी समाज का महाधिवेशन आगामी 5 नवंबर 2023 को होगा। एक दिवसीय केंद्रीय महाधिवेशन में झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल, ओडिशा और असम से दिल्ली, छतीसगढ समाज के लोग शामिल होंगे। यह निर्णय समाज के हजारीबाग जिला संयोजक दीप नारायण महतो की अध्यक्षता में चुरचू प्रखंड एवं मांडू विधानसभा में कुडर्मी समाज बैठक किया गया। मौके पर कुडर्मी समाज वरिष्ठ समाजसेवी परमेश्वर महतो ने संगठन के सभी समितियों को आयोजन के महत्व को समझते हुए इसे सफल बनाने के लिए अभी से तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। महाधिवेशन के एकदिवसीय कुड़माली कार्यशाला होगी, जिसमें गुष्टिधारी आदिवासी, जनजाति कुड़मी समुदाय के इतिहास, भाषा, कला, सभ्यता, संस्कृति, परब, धरम, परंपरा व नेग-नीति आदि पर चर्चा की जाएगी। कुड़मी समुदाय के हक-अधिकार को लेकर विशेषज्ञों द्वारा चिंतन-मंथन कर रणनीति तैयार की जाएगी। इसके बाद विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों से प्रस्ताव लेकर केंद्रीय समिति का पुनर्गठन किया जाएगा। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए जाएंगे। मुख्य रूप से शामिल समाजसेवी दिनेश्वर महतो विष्णु महतो मेघनाथ महतो नकुल महतो गोविंद महतो देव कुमार महतो बृजबिहारी महतो हेमलाल महतो नारायण महतो कालेश्वर महतो दुलारचंद महतो राजेंद्र महतो इंद्र महतो रामेश्वर महतो संजय महतो लोचन महतो जयंत महतो गणेश महतो फजीत महतो गणेश महतो सरयू कुमार महतो सुरेंद्र महतो राजू महतो जगन्नाथ महतो एवं कुडर्मी समाज के गणमान्य लोगों उपस्थित थे।

---

## न्यूज फटाफट

### रामेश्वर राम अध्यक्ष, देवनारायण राम सचिव बने काली पूजा समिति का गठन



**बड़कागांव:** बड़कागांव काली पूजा, दीपावली पर्व एवं सोहराय पर्व मानने को लेकर काली पूजा समिति की बैठक काली मंदिर के प्रांगण में हुई। इसकी अध्यक्षता काली मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष रामसेवक सोनी ने किया। इस बैठक में काली पूजा समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्व समिति से अध्यक्ष रामेश्वर राम, सचिव देवनारायण राम, कोषाध्यक्ष संजय कुमार रवि को चुना गया। इसके अलावा कमेटी का विस्तार अगले बैठक में करने का निर्णय लिया गया। मौके पर रामस्वरूप सोनी ने कहा कि काली पूजा, दीपावली पर्व सोहराय पर्व शांति एकता एवं भाईचारगी का पर्व है। इस पर्व में हम सभी एकता का परिचय दें। मौके पर बड़कागांव पश्चिमी पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार मेहता, मध्य पंचायत के पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, रामपति राम, बृजेश सोनी, लखन विश्वकर्मा, आदित्य प्रजापति, घनश्याम जायसवाल, सुकेश कुमार ,आकाश कुमार, मेवालाल नाग, पिंटू गुप्ता, चंदन गुरु, सज्जन कुमार, रामचंद्र राम, अनु विश्वकर्मा, तीजन राम, शंभू चौरसिया, रघुनाथ राम, सवार अग्रवाल, शंकर मिश्रा ,अजीत कुमार रवि, भोला विश्वकर्मा, धर्मेंद्र राम, शंभू रविदास, राजकिशोर प्रसाद, शंकर रजक दिलीप महतो, सनी कुमार (टेंट हाउस) आदि उपस्थित थे।

### समाजसेवी रेणु कुमारी ने झारखंड के कई मंत्रियों से औपचारिक भेंट की



**इचाक:** इचाक सामाजिक समाजसेवी व कुशवाहा महासभा के प्रदेश से सचिव रेणु कुमारी ने रांची जाकर झारखंड के मंत्रियों प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी अविनाश पांडे, एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री बादल पत्र लेख, ग्रामीण मंत्री आलमगीर आलम, पेय जल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर से औपचारिक भेंट कर क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया एवं समाधान करने का अनुरोध किया। वह श्रीमती ने कहा कि क्षेत्र की समस्या से झारखंड सरकार के मंत्रियों को अवगत कराई हूं जिसमें किसानों को पानी सिंचाई, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, ग्रामीण सड़कों को जर्जर है उसे तत्काल दुरुस्त कर बनाने की मांग, बिजली की समस्या, किसानों को लगातार सुखाड़ से दो वर्षों से हो रहे नुकसान से अवगत कराया और केसीसी लोन देकर सहयोग करने की अपील किया। ग्रामीण युवा एवं वतियों को कुटीर उद्योग ग्रामीण क्षेत्रों में लगाकर रोजगार से जोड़ने की अपील किया।

### लक्ष्मी पूजा को लेकर ओरिया में हुई बैठक



**हजारीबाग:** हजारीबाग सदर प्रखण्ड स्थित ओरिया दुर्गा मंडप में दिन रविवार को लक्ष्मी पूजा को लेकर यादव समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता एवं संचालन पंचायत समिति सदस्य जीतु यादव ने किया। बैठक की शुरूआत विगत वर्ष की आय एवं व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत कर हुई। सर्वसम्मति से लक्ष्मी पूजा समिति ओरिया के अध्यक्ष विजय यादव, उपाध्यक्ष पंकज यादव, सचिव सुनील यादव, उपसचिव अनिल यादव, कोषाध्यक्ष गोविन्द यादव, संरक्षक जीतु यादव, बबलू यादव, गोपाल यादव, सुबोध यादव, जयपाल यादव, नारायण यादव, हुलास यादव, विकास यादव, महावीर यादव, निरंजन यादव, बबलू यादव, अशोक यादव, तुलसी गोप, विजय यादव, गणेश यादव, चंद्र यादव, अर्जुन यादव, नौ दिन कल्यण कुम्हर में दिया जलाने के प्रभारी के रूप में सुबोध यादव, सोमर गोप, जगदीश गोप, अमृत गोप, महावीर गोप, पूजा प्रभारी नारायण यादव, मंटू यादव एवं सक्रिय सदस्य में समाज सभी सदस्यों को बनाया गया। इस दौरान धूमधाम से लक्ष्मी पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं पूजा से संबंधित कई विषयों पर बैठक में विशेष चर्चा व परिचर्चा हुई।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक बिरजु डेढ़ साल से जिंदगी और मौत से जुझ रहा



**इचाक:** इचाक प्रखंड के ऑलौंज कला के निवासी बिरजु प्रसाद मेहता का 18 वर्षीय पुत्र बिक्रम कुमार करीब डेढ़ साल से जिंदगी और मौत से बेड पर जुझ रहा। उनकी माता रेणु देवी ने कही की मेरा बेटा 22 जुलाई 2022 को दोपहर 12 बजे को नगवां पुल के पास भागलपुर बिहार के महारानी बस पीछे से मारकर चला गया। उनके पिता ने कहा कि अब तक इनका इलाज हजारीबाग, राँची, भेलौर व लखनऊ में चला। लेकिन किसी प्रकार का इलाज संभव नही हो पाया। डेढ़ वर्ष बीत जाने के बाद अब तक 17 से 18 लाख रुपया खर्च हो चुका। लेकिन गरीबी की स्थिति में अब आगे का इलाज संभव नही हो पा रहा। इस परिस्थिति में बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौतम कुमार ने पीड़ित परिवार से मिलकर भरोसा दिलाया कि जहाँ तक हो सकता इनका इलाज के लिए मंत्री लोग से बात कर बेहतर से बेहतर इलाज करवाने का प्रयास करेंगे।बिरजु को सड़क दुर्घटना में पीठ से निचला हिस्सा काम करना बंद कर दिया है। करीब डेढ़ साल से पीड़ित युवा बेड पर जीवन व्यतीत करने को मजबुर है।

### बुढ़िया माता दरबार में रात्रि जागरण छह सुंदर पाठ का आयोजन

**हजारीबाग:** इचाक आशिवन पूर्णिमा के अवसर पर बुढ़िया माता दरबार में रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। वही कार्तिक माह के पवन शुरूआत पर लक्ष्मी नारायण बड़ा अखाड़ा परिसर से शनिवार की सुबह प्रभात फेरी की शुरूआत हुई। स्थानीय कीर्तन मंडली के कलाकारों ने ढोलक, झाल करतल के बोल पर थिरक उठे। इस अवसर पर महेश वैद्य द्वारा सुंदरकांड का पाठ बुढ़िया माता दरबार में किया गया।

## प्रदेश >> अपडेट

### कांग्रेस पार्टी को गांवो तक पहुंचाना लक्ष्य: सिंह

**पलामू:** लेस्लीगंज प्रखंड अंतर्गत ग्राम इटहे में कांग्रेस नेता (स्टेट चेयरमैन) श्याम नारायण सिंह ने ग्रामीणों के साथ बैठक की जिसमें उन्होने कहा कि विकास के लिए कांग्रेस को वोट दें, देश में आजादी की लड़ाई से लेकर अब तक आप जो भी विकास के कार्य देख रहे हैं वो कांग्रेस की देन है राज्य की कांग्रेस गठबंधन की सरकार ने इस कार्यकाल में किसानों की कर्ज माफी, पूरानी पेंशन व्यवस्था लागू कर प्रशंसनीय कार्य किया है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### डीएसपी की बेटी बनी एसडीएम

**पलामू** : जिले के हरिहरगंज प्रखंड अंतर्गत कटैया गांव निवासी बिंदेश्वरी राम के पुत्र सह पूर्वी सिंहभूम जिले ( जमशेदपुर हेडक्वार्टर 1 ) में तैनात डीएसपी वीरेंद्र कुमार राम की बेटी विनीता कुमारी ने 67 वीं बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा में 126 वां रैंक लाकर सफलता हासिल की है। इनके इस सफलता पर गांव में खुशी का माहौल है। इस सफलता पर बिंदेश्वरी राम ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि शिक्षा से ही विकास के सभी दरवाजे खुलते हैं। उन्होंने इलाके के अध्ययनरत विद्यार्थियों और प्रतियोगी प्रतिभागियों को किसी भी क्षेत्र में सफलता अर्जित करने के लिए कड़ी मेहनत से पढ़ाई करने की सलाह दी। इस दौरान पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि पोती विनिता पर हमें काफी गर्व है। उन्होंने कहा कि उसने स्कूल की प्रारंभिक पढ़ाई रांची के डीएवी बरियातू रांची से पूरी करने के बाद उच्च शिक्षा बीआईटी मेसरा में की।विनिता अपनी कामयाबी का पूरा श्रेय अपने पिता डीएसपी बिरेंद्र राम,माता लीलावती देवी सहित घर के अभिभावकों और गुरुजन को दी है। विनीता बताती है कि डीएसपी पिता से ही लोक सेवा में आने की उसे प्रेरणा मिली। वह यूपीएससी की तैयारी के साथ ही बीपीएससी की भी तैयारी कर रही थी।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू

**गुमला** :मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के निमित जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, गुमला के आदेशानुसार 67 - सिसई (अ०ज०जा०) के 332, 68-गुमला (अ०ज०जा०) के 313 एवं 69-विशुनपुर (अ०ज०जा०) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 349 कुल 994 मतदान केन्द्रों में विशेष कैम्प आयोजित किया गया था जिसमें बी०एल०ओ० के सभी मतदान केन्द्रों में बी०एल०ओ० उपस्थित रहकर दावा एवं आपत्ति संबंधी आवेदन प्रपत्र प्राप्त किया गया।

### गुमला जिले में कई जगहों पर कार्तिक उरांव की मनाई गई जयंती

**गुमला**: रविवार को गुमला जिले के कई गांव में कार्तिक उरांव की जयंती मनाई गई। फोरी में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता हंदू भगत एवं अन्य अतिथियों ने कार्तिक उरांव के प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। आदिवासी विकास परिषद के द्वारा कार्तिक उरांव के पैतृक गांव लिटाटोली में जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता अरुण उरांव, विकास भारती के सचिव अशोक भगत एवं सांस्कृतिक खोढाद्दल एवं आम लोग भारी संख्या में शामिल हुए। वहीं जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष चैतु उरॉव के नेतृत्व में बाबा कार्तिक उरांव के जयंती पर रायडीह प्रखंड के माझाटोली में उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। उनके पैतृक गांव लिटाटोली मे समाधि स्थल पर जा कर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई इस कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद करते हुए उनके बताए हुए रास्ते पर हम सभी को चलते हुए देश के अखंडता संप्रभुता को बचाने के लिए संकल्प लेते हुए जयंती मनाई ।

---

राजनीति

#### झामुमो के पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य ने कहा

# भाजपा को दिन-रात सता रहा हेमंत सरकार का नेतृत्व : शाहिद इकबाल

- जेपी नड्डा जी आरक्षण प्रतिशत बढ़ाने पर बात क्यों नहीं करते है
- खेल के क्षेत्र में भी झारखण्ड आगे बढ़ रहा है

राष्ट्रीय खबर



**पाकुड़:** झामुमो पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य शाहिद इकबाल ने कहा कि भाजपा केंद्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी को तो मालूम ही होगा लेकिन मैं पुनः उन्हें स्मरण दिलाता हूं कि मुख्यमंत्री के पिता गुरुजी शिबू सोरेन के नेतृत्व और आह्वान पर झारखंड के आंदोलनकारियों ने अलग राज्य के गठन के लिए संघर्ष एवं आंदोलन किया ताकी झारखंड में रहने वाले आदिवासियों की भूमिअधिग्रहण जमीन को सुरक्षित रखते हुए कमजोर तबके लोगो के जीवन मे खुशहाली और समृद्धि आ सके। झारखंड वासियों को एक आदिवासी नेता हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री के रूप में स्थिर सरकार एवं विकासोन्मुखी सरकार दी है। सैकड़ो योजनाओं से झारखंड वासी इसका लाभ उठा रहे हैं। झामुमो के पूर्व केंद्रीय सदस्य शाहिद इकबाल ने कहा की भाजपा नेता जेपी नड्डा जी को यह मालूम होना चाहिए की हेमंत सोरेन जी झारखंड राज्य में रहने वाले सभी समुदाय के लोगो को साथ लेकर चलने वाले एक अत्यंत लोकप्रिय नेता है। हेमंत सोरेन जी आदिवासी परंपराओं संस्कृति के साथ-साथ सभी समुदायों की धार्मिक भावनाओं का दिल की गहराइयों से सम्मान किया है। यही कारण हेमंत सोरेन जी की नेतृत्व का डर भाजपा को दिन-रात सताता रहा है।

आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक और पिछड़ा को मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत 25 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। खेल के क्षेत्र में भी झारखण्ड आगे बढ़ रहा है। केंद्र में बीजेपी की सरकार है जेपी नड्डा जी आरक्षण प्रतिशत बढ़ाने पर बात क्यों नहीं करते है। आदिवासियों के लिए 10 वर्षों में बीजेपी ने क्या किया? साढ़े 8 लाख झारखंडियों का आवास का पैसा क्यों रोक रखा है?

## मौलाना अफसर अली ने रक्तदान कर जताई खुशी




राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** लाइफ सेवियर्स समूह (पाकुड़) जरूरतमंदों के लिए हमेशा तैयार खड़ा है। जिसका नमूना रविवार को देखने को मिला।सदर अस्पताल सोनाजोडी में इलाजरत पाकुड़ मौलाना चौक निवासी सालेहा खातून जो गर्भवती है को शरीर में खून की कमी होने के कारण मरीज को ए पॉजिटिव रक्त की अत्यंत आवश्यक पड़ी। तभी मरीज के परिजनों ने लाइफ सेवियर्स समूह से मदद मांगी ।इसके कुछ ही देर बाद समूह के अध्यक्ष नाफिसुल आलम ने देवतला निवासी मौलाना अफसर अली से संपर्क किया गया। उन्होंने रक्त अधिकोष पहुंचकर रक्तदान किया। रक्तदाता अफसर अली ने रक्तदान के पश्चात कहां मुझे बहुत खुशी महसूस हो रही हैऔर मैं आगे भी हर 3 महीने में रक्तदान करता रहूंगा। मौके पर रक्त अधिकोष के कर्मचारी नवीन कुमार जी मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में मृत छात्रों के परिजनों से मिलने पहुंचे सांसद



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** शुक्रवार की देर शाम को जिया पानी गांव के समीप सड़क दुर्घटना में शिकार हुए तीन छात्रों के परिवार वालों से रविवार को सांसद विजय हसदा अमड़ापाड़ा उनके घर पहुंचे। सड़क दुर्घटना में अमड़ापाड़ा प्रखंड क्षेत्र के मृत तीनों युवकों के शोकाकुल परिजनों से मिल राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय हांसदा ने शोक संवेदना व्यक्त की। सांसद श्री विजय हांसदा, जिलाध्यक्ष श्री श्याम यादव व जिला सचिव सुलेमान बास्की सर्वप्रथम अमड़ापाड़ा प्रखंड क्षेत्र के निपनियां गांव निवासी 17वर्षीय मृतक जॉन मुर्मू के आवास पहुंचे। सांसद विजय हांसदा ने दोनों युवकों के परिजनों को आर्थिक सहयोग करते हुए हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। मौके पर प्रखंड सचिव जहीरुद्दीन मियां, युवा मोर्चा जिला सचिव उमर फारूक, केंद्रीय सदस्य अमित भगत, प्रखंड उपाध्यक्ष सह जिला सदस्य कोर्नेलियुस हेम्ब्रम, प्रखंड उपाध्यक्ष सह जिला सदस्य संतोष भगत, जिला सदस्य पप्पू भगत, जिला सदस्य प्रेम रजक, प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष सज्जाद अंसारी, प्रखंड सह सचिव नाजिर किस्कू, प्रखंड कोषाध्यक्ष जाकिर अंसारी, धानो मरांडी, कालिदास मुर्मू, ईमरान अंसारी, आरिफ अंसारी, राजीव कुमार, नाजिर अंसारी, दिलीप रजवार, लखीराम हेम्ब्रम सहित अन्य उपस्थित थे।

## जिला मुख्यालय में हुआ समृद्धि पब्लिक स्कूल का उद्घाटन




राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** जिले के कृष्णापुरी कालोनी में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को ध्यान में रखते हुए ह्लसमृद्धि पब्लिक स्कूलह्व का उद्घाटन प्रदेश महासचिव रामरंजन कुमार सिंह ,भागीरथ तिवारी , ड्रा मनोहर कुमार, मिथिलेश कुमार सिंह ने संयुक्तरुप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह में जिले के शीर्ष पर स्थित शिक्षाविद, शिक्षण संस्थान से जुड़े एवं झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन,जिला इकाई पाकुड़ के जिलाध्यक्ष गब्रियल मुर्मू,जिला सचिव राजकुमार भगत,पूर्व जिलाध्यक्ष जय दत्ता सहित कृष्णापुरी कालोनी के विद्वान अभिभावकगण उपस्थित थे।समृद्धि पब्लिक स्कूल के निदेशक सह प्रधानाध्यापिका राखी राय ने कहा कि स्थानीय परिवार एवं शिक्षाविद के सलाह और प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से विद्यालय प्रबंधन समिति का निमार्ण कर संस्थान को एकनिष्ठ संकल्प के साथ आज शुभारम्भ किया गया। बतौर मुख्यातिथि रामरंजन कुमार सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि मैं व्यक्तिगत रुप से शिक्षा के प्रति समर्पण अनेकों शिक्षण संस्थान का शुभारंभ किया और आज के समय में सभी विद्यालय उच्च कोटि की शिक्षा के साथ ख्यातिप्राप्त कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि इस संस्थान के द्वारा निश्चित रुप से बच्चों का काया कल्प होगा। डॉ मनोहर कुमार ने कहा कि शिक्षा ही हमारे व्यक्तित्व की रचना में सहायक सिद्ध होता है ।समाजसेवी भागीरथ तिवारी ने कहा कि शिक्षा से समृद्धि का प्रयाण संभव है ,तभी समृद्धि पब्लिक स्कूल का नाम सार्थक होगा, मुहल्ले के सभी महानुभावों से अनुरोध किया कि वे समृद्धि पब्लिक स्कूल में बच्चों का नामांकन करायें ।

#### नल जल योजना के क्रियान्वयन में हो रही है धांधली

## समय से नहीं मिल रहा है सप्लाई पानी

- टंकी का निर्माण नहीं किया गया है

राष्ट्रीय खबर

**गुमला:**गुमला जिले में नल जल की योजना संचालित हो रही है। लेकिन नल जल योजना का लाभ लोगों को समय से नहीं मिल रहा है ।कई पंचायत क्षेत्र के गांव टोले में पाइपलाइन बिछा दी गई है। लेकिन टंकी का निर्माण नहीं किया गया है और ना ही पानी की आपूर्ति ही की जा रही है। जिसके कारण लोगों में गुस्सा देखने को मिल रहा है। लोगों का आरोप है कि दूर क्षेत्र के कंपनी को नल जल योजना का कार्य दिए जाने के कारण सही स्थिति में कार्य नहीं हो रही है और समय से पानी भी लोगों को नहीं मिल रहा है। सिर्फ ठेकेदारी का कार्य हो रहा है और सरकारी राशि का दुरुपयोग की जा रही है। टोटो निवासी महेंद्र ठाकुर ने बताया कि ठाकुर मोहल्ला में 6 महीना पहले टंकी की स्थापना के लिए पिलर लगा दी गई है लेकिन अभी तक टंकी नहीं लगाया गया है जिसके कारण लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। फसिया पंचायत के मुखिया नरेश उरांव ने कहा कि नल जल योजना लागू की गई है लेकिन नल जल योजना के क्रियान्वयन में धांधली हो रही है जिसके कारण लोगों को समय से पानी नहीं मिल रहा है। मुखिया नरेश उरांव ने कहां की नल जल योजना अत्यंत महत्वपूर्ण है लेकिन ठेकेदारी के माध्यम से कार्य होने के कारण समय से नल जल योजना का कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है।

#### जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत 'हर घर नल' से ग्रामीणों को किया गया अच्छादित

# 'जलहन टोला' में पेय जल की समस्या का हुआ समाधान

- सभी के घरों में पानी का कनेक्शन दिया गया है
- नागरिकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से अच्छादित किया जाएगा

राष्ट्रीय खबर



**गुमला:** पिछले माह 9 सितंबर को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के क्षेत्र भ्रमण के दौरान उनके द्वारा घाघरा प्रखंड स्थित सारंगों पंचायत का आखरी टोला- जलहन का भ्रमण किया गया था। 16 परिवारों वाले इस पीवीटीजी गांव में मुख्यतः पेय जल की समस्या से उपायुक्त अवगत हुए थे तथा उक्त समस्या के त्वरित निवारण हेतु पीएचडी विभाग को आवश्यक निर्देश भी दिया गया था। जिसके 1 माह के पश्चात अब इस पीवीटीजी ग्राम के सभी 16 घरों को जल जीवन मिशन के तहत 'हर घर नल' योजना से जोड़ा जा चुका है । सभी घरों में नल लगा दिए गए हैं तथा वहां पहले से खराब पड़े सौर जल पंप सिस्टम को दुरुस्त करते हुए सभी के घरों में पानी का कनेक्शन दिया गया है एवं पेय जल की समस्या का निराकरण किया गया। इसके अलावा उक्त ग्राम के ग्रामीणों को उपायुक्त के निर्देश के आलोक में अन्य सरकारी लाभों से भी अच्छादित करने की प्रक्रिया चल रही है।

बता दें कि उपायुक्त के निर्देश से जिले के सभी चिन्हित 166 पीवीटीजी ग्रामों के विकास एवं पीवीटीजी समुदाय के नागरिकों के सुविधा के लिए विभिन्न प्रखंडों अंतर्गत कैंप का भी आयोजन किया जा रहा है जिसकी शुरूआत 26 अक्टूबर से हो चुकी है एवं 10 नवंबर 2023 तक निर्धारित तिथि अनुसार कैंप का आयोजन करते हुए उक्त ग्रामों के नागरिकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से अच्छादित किया जाएगा। उपायुक्त द्वारा लगातार किए जा रहे बैठक में भी पीवीटीजी ग्रामों के विकास को लेकर मुख्य रूप से फोकस किया जा रहा है एवं उक्त ग्रामों को पेय जल, सड़क, बिजली जैसी प्राथमिक सुविधाओं से अच्छादित करने का प्रयास किया जा रहा है।

---

## न्यूज फटाफट

### कफन सत्याग्रह आज, माकपा ने किया समर्थन

**चंदवा** :माकपा के जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, अंचल सचिव बैजनाथ ठाकुर, वरिष्ठ नेता रसीद मियां ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर टोरी चंदवा में फ्लाई ओवरब्रिज और फुट ओवरब्रिज निर्माण शुरू कराने पर जोर डालने के लिए आगामी सोमवार से पंचायत समिति सदस्य अयुब खान का कफन सत्याग्रह को समर्थन दिया है। माकपा ने कहा है कि फ्लाई ओवरब्रिज और फुट ब्रिज निर्माण को लेकर पार्टी दशकों से आंदोलन कर रही है लेकिन इस समस्या के समाधान के प्रति एनएच और संवेदक उदासीन हैं ।फ्लाई ओवर ब्रिज और फुट ओवरब्रिज का निर्माण नहीं होने से यात्री तथा आमजन रेलवे क्रॉसिंग जाम से त्राहि त्राहि कर रहे हैं, स्टेशन के पश्चिम में फुट ओवरब्रिज नही होने से रेलवे स्टेशन, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, शहर और प्रखंड कार्यालय आने जाने वालों को मालगाड़ी के निचे से घुसकर पास होना पड़ रहा है इस दौरान रेल से कटकर लोगों की मौत हो रही है। फ्लाई ओवरब्रिज और फुट ब्रिज का निर्माण शुरू नहीं होने से प्रखंड की जनता मे केंद्र और राज्य सरकार के प्रति आक्रोश पनप रहा है। माकपा ने कफन सत्याग्रह का समर्थन देते हुए फ्लाई ओवरब्रिज और फुट ब्रिज का निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने की मांग उपायुक्त हिमांशु मोहन से किया है।

### शरद पूर्णिमा पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक द्वारा शाखा लगाई गई



**गुवा** : आरएसएस की गुवा शाखा की ओर से शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर गुवा बाजार स्थित स्टेट बैंक के पीछे शाखा लगाई गई। साथ ही भारत माता का पूजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से संघ के जिला कारवा मौसम सारंगी और खंड कारवा संजीव जी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में बौद्धिक पशुपति जी के द्वारा दिया गया। शाखा का संचालन राकेश झा द्वारा किया गया। अंत में शरद पूर्णिमा के अवसर पर काफी संख्या में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पुरुष एवं महिलाएं उपस्थित थी। इस मौके पर खीर, पूड़ी, सब्जी बैठाकर खिलाया गया। मौके पर नवीन कुमार,राजेश झा,बेनुधार पान,समीर पाठक,सुदीप दास, देवाशीष पंडा,संतोष जी,विवेक बनर्जी,तरुण पान, और काफी संख्या में महिला स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### सेल गुवा में निर्मित बैचलर हॉस्टल लोगों में आकर्षण का केन्द्र होगा : महाप्रबंधक

**गुवा**: सेल गुवा के विकास के कार्यों में काफी तीव्रता देखी जा रही है ।सेल गुवा सिविल विभाग के द्वारा न सिर्फ क्षेत्र के सौंदर्यीकरण की दृष्टिकोण से साफ सफाई का कार्य जारी है ।वहीक्षेत्र को सुसज्जित करने हेतु निर्माण कार्यों को भी मूलभूत रूप प्रदान किया जा रहा है ।सेल गुवा मुख्य महाप्रबंधक कमल भास्कर के मार्गदर्शन एवं दिशा निदेर्शानुसार पूर्व के सभी लंबित कार्यों को नए सिरे से कर गुवा को सुन्दर रुप प्रदान किया जा रहा है । सेल गुवा महाप्रबंधक संजय कुमार बनर्जी वर्तमान के मुख्य महाप्रबंधक कमल भास्कर के दिशा निदेर्शानुसार निरंतर, अपने कार्यों में लगे रहते हैं ।परिणाम स्वरूप सिविल विभाग द्वारा आने वाले भविष्य में भी एक से बढ़कर एक प्रोजेक्ट सेल गुवा में आने की संभावना बनी हुई है ।नगर का कायाकल्प करने में सक्षम महाप्रबंधक संजय कुमार बनर्जी के सक्रिय प्रयासों से सेल गुवा मे बैचलर हॉस्टल का निर्माण किया जा चुका । बैचलर हॉस्टल में 15 कमरे सिंगल एवं 15 कमरे डबल बनाई गई है । जो गुवा क्षेत्र के आकर्षण का मुख्य केंद्र है । इसके साथ ही साथ अभिलंब तोपापी क्षेत्र में 32 कमरों का निर्माण किया जाएगा जिसमें 16 एग्जीक्यूटिव लेवल के पदाधिकारी के लिए निर्मित होगी । गुवा सौंदर्य करण के सेल गुवा महाप्रबंधक संजय कुमार बनर्जी का निरंतर प्रयास जारी है । गुवा में सिविल विभाग द्वारा निर्मित होने वाले कार्य इस बात का संकेत है कि बहुत जल्द सेल गोवा का कायाकल्प में परिवर्तन दिखेगी` सेल कर्मियों के अनुसार गुवा क्षेत्र में क्वालिटी सर्किल लाने में सिविल विभाग के महाप्रबंधक संजय कु बनर्जी का अग्रणी योगदान रहा है ।क्वालिटी सर्किल के कार्यों में महाप्रबंधक संजय बनर्जी की भूमिका अग्रणी रही है ।महाप्रबंधक संजय कुमार बनर्जी के मार्गदर्शन का ही प्रभाव है कि सेल के कर्मी क्वालिटी सर्किल के माध्यम से करोड़ों का लाभ सेल गुवा प्रबंधन को पहुंचने में सफल हो चुके हैं ।इतना ही नहीं चैप्टर लेवल में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड ग्रुप आफ माइंस को मान्यता मिली है । इससे सेल कमी उत्साहित एवं प्रोत्साहित हैं ।सेल प्रबंधन की समस्याओं के निष्पादन में क्वालिटी सर्किल महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया है ।सरल और मृदुल स्वभाव के धनी संजय कु बनर्जी निरंतर अपने कामों में ध्यान देते हुए सेल कर्मियों के एक अच्छे सहयोगी एवं मार्गदर्शक के रूप में जाने जा रहे हैं ।

### डीसी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**पाकुड़** : उपायुक्त- सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार बरनवाल ने रविवार को ईवीएम वेयर हाउस के ऊपरी एवं नीचले तल्ले में बने ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण क्रम में डीसी ने ईवीएम वेयर हाउस के विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच की। ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री विकास कुमार त्रिवेदी से लिया। उन्होंने वहां रखे ईवीएम मशीन, सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य उपकरणों की स्थिति तथा रख रखाव का जायजा लिया। उल्लेखनीय हो कि, जिला निर्वाचन पदाधिकारी को प्रत्येक माह (बाहर) वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण करना होता है एवं रखरखाव एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट मंत्री मंडल (निर्वाचन) विभाग को समर्पित करना होता है। इसी संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने निरीक्षण करते हुए जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी को आवश्यक दिशा- निर्देश दिया तथा प्रतिवेदन मंत्री मंडल (निर्वाचन) विभाग झारखंड रांची को भेजने का निर्देश दिया। मौके पर मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक पार्टी के जिला अध्यक्ष/सदस्य उपस्थित थे।

### आदिवासी सभ्यता एवं संस्कृति हमारी पहचान है:विधायक तिग्गा

**गुमला**: सिसई विधानसभा क्षेत्र के विधायक जिग्गा सुसारण होरो ने भरनो प्रखंड क्षेत्र के कई गांव का दौरा किया और कई कार्यक्रम में हिस्सा लिया। जतरगड़ी जतरा में विधायक जिगा मुंडा मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए, विधायक ने कहा कि आदिवासी सभ्यता एवं संस्कृति हमारी पहचान है और इसे बरकरार बनाए रखना हम सबों का दायित्व है ।उन्होंने जतरगड़ी में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को भागीदारी के लिए ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी और अपने हक और अधिकार के लिए हमेशा संघर्ष करने की अपील की।वहीं भरनो बाघिया टोली में विधायक जिगा मुंडा द्वारा ट्रांसफार्मर दिया गया और तमाम ग्रामीणों संग उद्घाटन किया गया: विधायक ने कहा कि ग्रामीणों की समस्या को दूर करना सरकार का दायित्व है और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गांव की समस्या को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

## शहर >> अपडेट

### लड़की को 24 घंटों में किया बरामद

कुडू : कुडू थाना क्षेत्र के एक गांव से अचानक गायब हुई नाबालिग लड़की को घटना की सूचना प्राप्त होने के 24 घंटे के अंदर ही कुडू पुलिस ने उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ से शकुशल बरामद कर लिया है। ज्ञात हो कि लड़की की मां ने 28 अक्तूबर को कुडू थाना में आवेदन देकर अपनि 14 वर्षीय नाबालिग लड़की की बरामदगी की गुहार लगाई थी। अपने आवेदन में बताया था कि 23 अक्तूबर की दोपहर करीब 2 बजे अचानक से गायब हो गयी। अपने स्तर पर काफी खोजबीन करने के बाद भी लड़की का कुछ पता नही चला। अंतत: कुडू थाना को सूचना दी। मामले को गम्भीरता से लेते हुए कुडू थाना प्रभारी बिश्वजीत कुमार सिंह और उनकी टीम ने घटना की सूचना प्राप्त होने के 24 घंटे के अंदर ही तकनीकी आधार पर उसे यूपी के आजमगढ़ से शकुशल बरामद करने में सफलता पाई है। हालांकि लड़की कैसे और किसके साथ वहां पहुंची उसकी जानकारी लड़की को कुडू पहुंचने पर मिलेगी। लेकिन 24 घन्टे में लड़की के बरामद किये जाने पर कुडू पुलिस की तारीफ हो रही है।

**परंपरा** ढोल और नगाड़ों के साथ अतिथि का किया स्वागत

# आदिवासी त्योहारों व परंपराओं में जतरा का विशेष महत्व: रामेश्वर उरांव

**जतरा अपसी भाई चारे को प्रगाढ़ करती है और अपसी सदभव को बढ़ावा देती है**

राष्ट्रीय खबर



**कुडू:** रविवार को विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार लोहरदगा प्रखंड स्थित ग्राम हिरही पहुंच स्वर्गीय कार्तिक उरांव जयंती हिरही जतरा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा माननीय मंत्री का स्वागत आदिवासी संस्कृति रितिरिवाज ढोल नगाड़ा के साथ स्वागत किया गया। मौके पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि आदिवासी त्योहारों एवं परम्पराओं में जतरा का विशेष महत्व है ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न अवसर पर जतरा का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आदिवासी भाई बहन जतरा स्थल पर मिलते हैं और पर्व के रूप में मनाते हैं इससे सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक एवं भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। हमे अपने पूर्वजों की देन को परिरक्षण करना चाहिए। स्वर्गीय कार्तिक उरांव एक ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने आदिवासी समाज के उत्थान एवं विकास के लिए अनेकों कार्य किया और देश भर में एक नई पहचान दिलाने का कार्य किया वे सम्पूर्ण समाज के मार्गदर्शक थे। उन्हें उनकी कर्तवयनिष्ठता के बदौलत पंखराज की उपाधि से नवाजा गया उनके जीवन और और आदर्शों को हमे अपनाना चाहिए। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी सकीलअहमद, जलेश्वर उरांव, चमरा उरांव, युवा जिला अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, महासचिव असलम अंसारी, ऐनुल अंसारी, सुशील उरांव, नारायण उरांव, कुलदीप खाखा, संजू तुरी, फूलदेव उरांव, बुद्धिमान उरांव, बुधन उरांव, बजिया उरांव, मंजू उरांव, रमिया उरांव, नीलम उरांव, प्रवीण केरकेट्टा आदि उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### भाकपा जिला परिषद की बैठक 1 नवंबर को

**कोडरमा:** प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने बताया कि भाकपा जिला परिषद कोडरमा की बैठक दिनांक 1 नवंबर 2023 दिन बुधवार समय 12 बजे दिन साहू धर्मशाला झुमरी तिलैया में रखी गई है। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन को मजबूत करने, पार्टी जन संगठन आदि सवालों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता मौजूद रहेंगे। वहीं जिप सदस्य महादेव राम, भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक, अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडे, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, अंचल मंत्री धनंजय यादव, पूर्व उप प्रमुख वीरेंद्र यादव, जिला कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम यादव, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष रंजन कुमार रजक, जिला सचिव कयूमुद्दीन मौजूद रहेंगे।

### गैस एजेंसी अपने उपभोक्ताओं का शोषण कर रही: दामोदर यादव

**कोडरमा:** आम आदमी पार्टी कोडरमा जिला अध्यक्ष दामोदर यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि गैस सप्लाई करने वाले कंपनियों के पास यह प्रावधान है कि 5 वर्षों में एक बार गैस एजेंसी के वितरक अपने उपभोक्ताओं के घर जाकर उन्हें सुरक्षा संबंधी जानकारी, उपभोक्ताओं के गैस चूल्हा का सर्विस करेंगें और जरूरत पड़ने पर उनके पार्ट्स को बदलने तक का प्रावधान है। इन सभी कार्यों के लिए गैस वितरक उपभोक्ताओं से 230 रूपया लेंगे। लेकिन गैस वितरक एजेंसी के लोग उपभोक्ताओं के घर जाकर ऐसा कुछ नहीं करते, बल्कि गैस इंश्योरेंस के नाम पर उपभोक्ताओं से 230 रुपया वसूल लेते हैं। गैस एजेंसी के द्वारा उपभोक्ताओं को जागरुक करने के उद्देश्य से ऐसी कोई जानकारी किसी भी माध्यम से उपभोक्तों को नहीं दी जाती है। यदि उपभोक्ता गैस गोदाम या ऑफिस से लेते हैं तो उन्हें 30 रुपये की छूट देने का प्रावधान तेल कंपनियों ने दे रखी है। लेकिन कोडरमा जिला में कोई भी वितरक उपभोक्ताओं को छूट नहीं देती है। जहां भी 100 किलोग्राम से अधिक गैस रखे जाएंगे, वहां पर फायर बोतल का रखा जाना अनिवार्य होता है। लेकिन हर वितरक के गाड़ियों में 300 किलोग्राम से अधिक गैस रहने के बावजूद भी गाड़ियों में फायर बोतल नहीं रहता है। गैस एजेंसियों के द्वारा यह ग्राहकों के साथ धोखा दिया जाता है, जिसे सुधार करने की जरूरत है।। अगर इसमें तत्काल सुधार नहीं किया गया तो आम आदमी पार्टी आंदोलन करने को बाध्य होगी।

सारो देवी का निधन समाज का अपुरणीय क्षति

## शोकाकुल परिवार से मिले जिप अध्यक्ष

राष्ट्रीय खबर



**कुडू :** रविवार को सलगी के राकेश कुमार रजक की दादी रोजा देवी के आकस्मिक निधन की सूचना के बाद रविवार शाम जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत तथा आदिवासी छात्र संघ के जिला अध्यक्ष अवधेश उरांव एवम आदिवासी छात्र संघ कुडू अध्यक्ष अमित उरांव, सामाजिक कार्यकर्ता अमर मिंज, ऋतिक कुमार पहुंचे तथा शौक संवेदना व्यक्त किया। मौके पर रिना कुमारी भगत ने कहा कि सारो देवी का निधन समाज के लिए लिए अपुरणीय क्षति है दुःख के इस घड़ी में समाज परिवार उनके साथ है। सारो देवी के अंतिम संस्कार यात्रा में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत आदिवासी छात्र संघ लोहरदगा जिला अध्यक्ष अवधेश उरांव राजी पड़हा बेल बिजय उरांव सरना प्रार्थना सभा के सचिव जतरू उराँव मीडिया प्रभारी बिन्देश लकड़ा भीम आर्मी जिला महासचिव राकेश रजक,रविंद्र उरांव,बन्ना उरांव, अनिल उरांव, विजय उरांव, सुनील मुंडा तथा अन्य शामिल थे।

30वर्षो से ग्राम वन प्रबंधक समिति कर रहे हैं वनो की रक्षा

## वन समितियों की बैठक

राष्ट्रीय खबर



**पेटरवार :** पेटरवार स्थित वन विभाग परिसर में रविवार को ग्राम वन प्रबंधन एवम समितियों की बैठक केंद्रीय वन पर्यावरण व सुरक्षा समिति के अध्यक्ष जगदीश महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में काफी संख्या में ग्राम वन प्रबंधन समिति के लोग शामिल रहे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जगदीश महतो ने कहा कि पिछले 30 वर्षो से ग्राम वन प्रबंधन समितियों की ओर से वनों की रक्षा की जा रही है लेकिन विभाग की ओर से वन समितियों को सहयोग नही किए जाने के कारण वन समितियां निष्क्रिय होते जा रही है जिसके चलते वनों की सुरक्षा नही हो पा रही है। कहा कि निष्क्रिय हुए समितियों को सक्रिय करने के लिए पुनः वन समितियों को सक्रिय करने के लिए संगठित किया जा सके ताकि जंगल की रक्षा की जा सके। कहा कि विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर वनों की रक्षा करने के लिए एक रणनीति बनाई जाएगी ताकि वनों की सुंदरता बनी रहे लेकिन इसके लिए सभी समितियों को संगठित होकर कार्य करने की जरूरत है। कहा कि वन समिति सदस्यों को अधिकार मिले इसके लिए भी एक नीति बनाई जाएगी। वन समितियों की बैठक को राधा नाथ सोरेन, हुबलाल महतो, महेंद्र मुंडा, कजरी देवी, गंगाधर महतो, दिलीप कुमार महतो, पारस मांझी, शंकर बेदिया, केशव कुमार महतो, सोनाराम मुर्मू, राजेश प्रजापति, लालमणि महतो सहित अन्य ने संबोधित किया।

### एक भी मतदाताओं का नाम ना छूटे :संजय प्रसाद



**पेटरवार :** पेटरवार गोमिया विधानसभा क्षेत्र संख्या 34 के अंतर्गत पड़ने वाले पेटरवार प्रखंड के छूटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए रविवार लगाए गए विशेष शिविर का निरीक्षण अवर सचिव कैबिनेट निर्वाचन विभाग रांची संजय प्रसाद श्रीवास्तव ने रविवार को की। सचिव ने गोमिया विधानसभा क्षेत्र संख्या 34 के अंतर्गत पड़ने वाले पेटरवार प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 240 प्रखंड कॉलोनी पेटरवार , राजकीयकृत बालिका मध्य विद्यालय के मतदान केंद्र संख्या 251, 252, 253, 254 तथा बालक मध्य विद्यालय पेटरवार के मतदान केंद्र संख्या 257, 258 और 259 का निरीक्षण किया। मतदान केंद्रों का निरीक्षण के दौरान मतदाता सूची में नया नाम जोड़ने के लिए प्रपत्र छह, मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए प्रपत्र सात और प्रपत्र आठ का जायजा लिया और बी एल ओ से कहा कि 18 वर्ष के मतदाताओं का एक भी नाम छूटना नही चाहिए। सचिव ने कहा कि चुनाव आयोग का उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति अपने मतदान के अधिकार से वंचित नही रहे इसके लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। इस दौरान सभी मतदान केंद्र के बी एल ओ से शिविर की अध्यतन जानकारी प्रप्त की।

## सिटी अपडेट्स >>

### पेंशन अदालत का आयोजन 31 अक्टूबर को

कोडरमा: पेंशनधारी की पेंशन संबंधी लंबित मामलों के निराकरण हेतु समाहरणालय सभा कक्ष में 31 अक्टूबर के अपराह्न 4 बजे से पेंशन अदालत का आयोजन किया गया है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देश पर आयोजित होने वाले इस पेंशन अदालत में सभी कार्यालय प्रधान, अग्रणी जिला प्रबंधक, कोषागार पदाधिकारी, जिला लेखा पदाधिकारी, विभिन्न बैंकों के प्रबंधक को अद्यतन प्रतिवेदन के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है। जिला पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए वैसे पेंशनर और सेवानिवृत्ति अधिकारी या कर्मचारी जिनका कोई मामला लंबित है, इस पेंशन अदालत में भाग लेने की अपील की है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### महिला ने दूसरी महिला को चाकू मारकर घायल किया

कोडरमा: बैंक से लोन लेकर अपने एक परिचित महिला को सहयोग करना एक महिला को भारी पड़ गया। मामला कोडरमा थाना क्षेत्र के जलवाबाद का है। घटना शनिवार की है। यहां की 37 वर्षीय महिला शमीमा आजमी पति मोहम्मद शकील के द्वारा बैंक से लोन लेकर अपनी परिचित फिरोजी खातून को रुपए दिया गया था। तय समय के बाद जब फिरोजी खातून ने रुपए वापस नहीं किया तो बैंक के कर्मी लोन के लिए समीमा आजमी के घर पहुंच गए। इसके बाद उसने अपने परिचित महिला फिरोजी खातून से उधार दिए गए रुपए की मांग की। इस पर फिरोजी खातून ने समीमा को आपने झांसे में लेकर पथलडीहा में एक व्यक्ति से रुपए लेकर रुपए वापस करने की बात कही, इसके बाद समीमा ऑटो में बैठकर फिरोजी खातून के साथ पथलडीहा जाने के लिए निकली। पीड़िता ने आगे कहा कि इसी दौरान फिरोजी खातून ने उसे कोल्ड ड्रिंक पिलाया व आंख बंघ दी। जिसके बाद समीमा बेहोश हो गई। इसके बाद पथलडीहा में सुनसान जगह देखकर फिरोजी खातून ने चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। पीड़ित महिला ने बताया कि इस दौरान रास्ते से गुजर रहे 2 युवकों की नजर पड़ी तब युवकों ने गंभीर रूप से घायल महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया। जहां फिलहाल महिला के इलाज चल रहा है। इस बाबत समाचार लिखे जाने तक थाना में आवेदन नहीं दिया गया।

## डॉ अलंकृता और डॉ पूनम पर प्राथमिकी दर्ज

राष्ट्रीय खबर



कोडरमाः डॉ परिमल तारा के लिखित आवेदन पर डॉ अलंकृता मंडल और डॉ पूनम के खिलाफ तिलैया थाना में प्राथमिकी (कांड संख्या 260/23) दर्ज कर ली गयी है। आरोप है कि उक्त दोनों महिला डॉक्टर की लापरवाही के कारण डॉ प्रीति रानी की मौत हुई। ज्ञात हो कि जिले की प्रसिद्ध महिला चिकित्सक डॉ प्रीति रानी तारा की मौत पर कई सवाल उठ रहे हैं। झुमरीतिलैया में प्रसव के बाद उनकी मौत हो गयी थी। डॉ प्रीति रानी तारा स्त्री रोग विशेषज्ञ और सर्जन थी। जानकारी के अनुसार डॉ प्रीति प्रसव के लिए डॉक्टर अलंकृता मंडल की क्लीनिक में भर्ती की गई थी। उन्हें सर्जरी से एक बेटी हुई थी। लेकिन प्रसव के बाद जब उनकी तबीयत बिगड़ने लगी तो आनन-फानन में परिजन उन्हें दूसरे निजी क्लीनिक में ले गए, जहां उनकी मौत हो गयी। इधर डॉ प्रीति रानी तारा के पति डॉ परिमल तारा (सदर अस्पताल, कोडरमा) ने फेसबुक वॉल पर पोस्ट शेयर कर डॉ अलंकृता मंडल पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया था। इस बाबत डॉ परिमल तारा के लिखित आवेदन पर तिलैया थाना में भादवि की धारा 304 तथा क्लिनिकल इस्टेबलिशमेंट एक्ट 2010 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कांड के अनुसंधानक पुलिस अवर निरीक्षक आनंद मोहन कुमार बनाए गए हैं।

## संविधान की रक्षा का लिया संकल्प

**4 दिसंबर को दिल्ली चलो का आह्वान**

राष्ट्रीय खबर



**झुमरीतिलैया:** देश में कथित तौर पर दलितों के उपर बढ़ते अत्याचार, संविधान को बदलने की साजिश व एससी एसटी अल्पसंख्यक तथा पिछड़े वर्गों की योजनाओं में लगातार हो रही कटौती के खिलाफ व आरक्षण की रक्षा के लिए दलित शोषण मुक्ति मंच के तत्वावधान में रविवार को साहु भवन झुमरीतिलैया में संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के संकल्प के साथ जिला स्तरीय दलित समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएसएमएम के जिलाध्यक्ष दिनेश रविदास ने जबकि संचालन जिला सचिव शम्भु पासवान ने किया। सर्वप्रथम भीम आर्मी के रंजीत कुमार राम के द्वारा संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया गया। डीएसएमएम के राज्य सचिव दिनेश रविदास ने दलित समागम के उदेश्य पर प्रतिवेदन रखा। वक्ताओं ने कहा कि देश की आजादी के 76 वर्ष बीत जाने के बाद भी सामाजिक उत्पीडन की सबसे गंभीर मार दलितों, अतिशुद्रों या अनुसूचित जातियों को झेलना पड़ रहा है। पिछले नौ वर्षों से दलितों, आदिवासियों, पिछड़े व अल्पसंख्यकों को शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित करने का काम किया जा रहा है। केंद्र सरकार के द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के खिलाफ अत्याचार निवारण कानून को निष्प्रभावी बनाने के लिए संविधान की धर्मनिरपेक्ष भावना और संघीय ढांचे को कमजोर करने के लिए पूरा जोर लगा दिया है और लोकतंत्र की रक्षा करने वाली तकरीबन सभी संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया है। संविधान की शपथ लेने वाली यह सरकार लगातार संविधान को कमजोर कर रही है।

**सम्मान** सामाजिक समरसता मंच ने एकता का दिया परिचय

# सफाई कर्मियों को किया सम्मानित

राष्ट्रीय खबर




**कोडरमा :** शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में सामाजिक समरसता मंच ने बाल्मीकि जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर सफाई कर्मियों को सम्मानित किया।कार्यक्रम की शुरूआत जिला संयोजक सिद्धि प्रसाद,आरएसएस के नगर संघचालक रामावतार केशरी ,अनिल सिंह ,सुरेश प्रसाद ने संयुक्त रूप से स्वामी विवेकानंद,भारत माता,बाल्मीकि जी एवं डॉ.भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पार्जन एवं दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम का संचालन अनिल सिंह ने किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए,सामाजिक समरसता मंच जिला टोली के सदस्य रामचंद्र राम ने कहा कि आज के समय मे जिस प्रकार से लोग अपने जीवन मे व्यस्त हो गए है ऐसी स्थिति में एक दुसरे के प्रति समन्वय स्थापित करना ही मंच का उद्देश्य है।नगर संचालक रामावतार केशरी ने कहा कि सामाजिक समरसता मंच का यह प्रयास काफी सराहनीय है।इस प्रकार के कार्यक्रमों से जहां सफाई कर्मियों को सम्मान का मौका मिला वही समरस जीवन मे एक दुसरे का मेलजोल रखते हुए आपसी सद्भाव का भी जागृति होती है।आज हम सब एक मंच पर आकर आपस मे मिलजुल कर रहने का संकल्प ले ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी को जातीय कठनाइयों का सामना ना करना पड़े।वहीं जिला संयोजक सिद्धि प्रसाद ने कहा कि सामाजिक समरसता मंच के तहत समाज को एकजुट रहना है और एकजुट रहकर राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाना अपना लक्ष्य है।यह तभी संभव होगा जब समाज समरस होगा। धर्म जागरण के विभाग प्रमुख राजेन्द्र मिष्टकार ने कहा कि आज समाज मे सामाजिक कुरीतियां चरम पर है।राष्ट्र बिखराव की स्थिति में है।यह फिर से एक जुट हो।अपना राष्ट्र फिर से विश्वगुरु बने इसके लिए सामाजिक समरसता और विश्व बंधुत्व का भाव आवश्यक है।जिला टोली सदस्य रितेश माधव ने भी समरसता पर अपना विचार रखा।वहीं कार्यक्रम के दौरान गीता देवी ,चांदनी देवी,फुलवा देवी ,दुलारी देवी ,पिंकी देवी,रेखा देवी ,अंजना देवी,संध्या देवी,रिना देवी ,सुरेश राम।मौके पर प्रभात कुमार शर्मा,कृष्णचन्द्र कन्हैया ,मुकेश वर्णवाल,पंकज दुबे,एसके उजाला ,प्रभाकर भगत,कुमार गौरव,सरोज श्रीवास्तव , ,अनिल कुमार ,कुटुंब प्रबोधन के वीरेंद्र प्रताप सिंह,विजय नारायण,सुरेश राम ,सीताराम शर्मा,श्रवण कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। अंत मे सामूहिक भोजन के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई।

### मरकच्चो में कीमती पत्थरों का धड़ल्ले से हो रहा उत्खनन

**मरकच्चो :**थाना क्षेत्र अंतर्गत कारीपहडी में धड़ल्ले से कीमती पत्थरों का उत्खनन हो रहा है। बताते चलें कि मरकच्चो प्रखंड में कारी पहाड़ी क्षेत्र में जो पत्थर है वह काफी कीमती पत्थर है। उस पत्थर का उत्खनन कार्य कई खनन माफियाओं द्वारा अन्य व्यक्ति से लीज पर लेकर खनन कार्य कर रहा है। जबकि उक्त भूमि का मालिक उन्हें कोई भी खनन कार्य करने के लिए अनुमति नहीं दिया है। वहीं खनन माफिया उक्त इलाके में हैवी ब्लास्टिंग और प्राकृतिक जल स्रोतों को नष्ट कर उत्खनन कार्य किया जा रहा है। उक्त खदानों में होने वाले ब्लास्टिंग से भूगर्भीय जल स्रोत काफी नीचे चला गया है जिससे आम जनजीवन को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उक्त खदान को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने जब ब्लास्टिंग पर विरोध जताया तब खनन में लगे लोगों का कहना है कि जो करना है वह कर लो कुछ होने वाला नही है। मामले को ले कर जमीन मालिक थाना क्षेत्र के दरगाह मोहल्ला निवासी सराजउद्दीन अंसारी पिता स्व. अलाउद्दीन ने कोडरमा उपायुक्त मेघा भारद्वाज, मुख्य सचिव झारखंड सरकार, मुख्य खान निदेशक डीजीएमएस धनबाद को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। वही दिए गए आवेदन में कहा गया है कि मरकच्चो थाना न.141 वर्तमान लोकेशन कारीपहाड़ी में खाता संख्या 286 प्लॉट नम्बर 11662 रकवा 133 डिसमिल जमीन से काला पत्थर देवेंद्र मेहता पिता जगनंदन मेहता, दिलचंद मेहता पिता तेजन मेहता, ग्राम फुलवरिया थाना नवलशाही जिला कोडरमा ने मेरे रेयती हिस्सा का जमीन से करोडो का पत्थर उत्खनन कर लिया है। खतियान मेरे दादा रोजन मियां पिता रिझो मियां के नाम से दर्ज है एवं दो अंश भूमि दर्ज है परंतु उक्त जमीन पर लखन मेहता पिता स्व.रोशन देव मेहता ग्राम पोस्ट बेलकपी थाना बरकट्ठा जिला हजारीबाग एवं नूर आलम पिता हाफिज नसरुद्दीन मौजा मटवारी इमली चौक पोस्ट हजारीबाग थाना सदर जिला हजारीबाग के द्वारा मेरे रैयती भूमि से जबरदस्ती लाखों का पत्थर उत्खनन कर बेच रहा है एवं मेरी जमीन जो खेती योग्य था उसे गड्ढे में तब्दील कर है।

## प्रदेश >> अपडेट

### थरूर ने की केरल में विस्फोट की निंदा

**नयी दिल्ली** : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं केरल के तिरुवनंतपुरम से लोकसभा सदस्य शशि करूर ने केरल में एक धार्मिक स्थल पर रविवार को हुए बम विस्फोट की कड़ी निंदा की। थरूर ने घटना पर क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा, केरल में एक नियमित धार्मिक सभा में बम से हमले की खबर से स्तब्ध और क्षुब्ध हूं।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### प्रियंका ने 100 झूठ में से एक सच बोला, कांग्रेस का विकास में विश्वास ही नहीं : शिवराज

**भोपाल** : मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिह चौहान ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पर हमला बोलते हुए आज कहा कि श्रीमती वाड्रा ने 100 झूठ में एक सच ये बोला कि उनके स्वर्गीय पिता राजीव गांधी ने अमेठी का कोई विकास नहीं किया। श्री चौहान ने अपने वीडियो संदेश में कहा, श्रीमती वाड्रा मध्यप्रदेश में आकर लगातार झूठ बोल रही है, लेकिन 100 झूठों में कल उन्होंने एक सच ये बोला कि उनके स्वर्गीय पिताजी ने भी अमेठी का विकास नहीं किया। कांग्रेस का विश्वास विकास में नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब 'श्रीमान बंटाढार' (दिग्विजय सिह) प्रदेश के मुख्यमंत्री थे, तब प्रदेश को उन्होंने तबाह और बर्बाद करके रख दिया था। ना सड़क थी, ना बिजली थी, ना पानी था, चारों तरफ केवल हाहाकार था। प्रियंका गांधी वाड्रा ने ये सच स्वीकार कर लिया कि कांग्रेस विकास नहीं करती। विकास केवल भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही करती है। प्रियंका गांधी वाड्रा कल प्रदेश के दमोह में चुनावी सभा को संबोधित करने आई थीं।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### लंबे इंतजार के बाद भाजपा ने घोषित किए विदिशा और गुना के प्रत्याशी

**भोपाल** : मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के आखिरी दिन सोमवार के पहले आज, भारतीय जनता पार्टी ने विदिशा और गुना विधानसभा सीट के लिए अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी। भाजपा ने विदिशा से मुकेश टंडन और गुना (अजा) से पन्नालाल शाक्य को उम्मीदवार बनाया गया है। पिछले विधानसभा चुनाव में भी पार्टी ने श्री टंडन को ही मैदान में उतारा था, लेकिन वे कांग्रेस के शशांक भार्गव से चुनाव हार गए थे। श्री टंडन का इस बार भी मुकाबला श्री भार्गव से ही होगा। कांग्रेस उनके नाम की पहले ही घोषणा कर चुकी है। वहीं गुना सीट से पार्टी ने पूर्व विधायक पन्नालाल शाक्य पर दांव खेला है। गुना से वर्तमान में भाजपा के गोपीलाल जाटव विधायक हैं। उनके स्थान पर इस बार श्री शाक्य पर भरोसा जताया गया है। श्री शाक्य का मुकाबला कांग्रेस के पंकज कनेरिया से होगा। भाजपा इसके पहले 230 विधानसभा क्षेत्रों में से 228 पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है। इन दोनों शेष सीटों पर प्रत्याशियों के नामों का लंबे समय से सभी को इंतजार था।

### सुपौल में दुर्गा मंदिर से पांच लाख रूपये की संपति की चोरी

**सुपौल** : बिहार में सुपौल जिले के सदर थाना क्षेत्र में दुर्गा मंदिर से अपराधियां ने पांच लाख रूपये मूल्य की संपति चुरा ली। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि शनिवार की देर रात चोर सुखपुर गांव स्थित दुर्गामंदिर के द्वार का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर गये।इसके बाद चोरो ने मंदिर से सोने चांदी के आभूषण एवं नगदी सहित करीब पांच लाख रुपये मूल्य की सम्पत्ति चुरा ली। सूत्रों ने बताया कि इस घटना के विरोध में ग्रामीणों ने सुपौल- नवहट्टा सड़क मार्ग को जाम कर दिया।

---

**युद्धक्षेत्र**

यूक्रेन में युद्ध क्षेत्र में तैनात किए जा रहे हैं

# युद्ध के मोर्चे पर लौट रहे हैं वैगनर के पूर्व सैनिक

- सैनिक समय-समय पर हमारे साथ जुड़ते रहे हैं
- पूर्व लड़ाके धीरे-धीरे उनका अनुसरण करते हैं
- रूसी हमलों के लिए भारी किलेबंदी की है



राष्ट्रीय खबर

**अखमत**: रूसी चेचन विशेष बल इकाई अखमत के कमांडर आप्ती अलाउदिनोव ने कहा है कि पूर्व वैगनर प्राइवेट मिलिट्री कंपनी के लड़ाके सामूहिक रूप से अखमत में शामिल हो रहे हैं और यूक्रेन में युद्ध क्षेत्र में तैनात किए जा रहे हैं। उनके मुताबिक वैगनर के सैनिक पहले भी मुझसे संपर्क करते रहे हैं। एक निश्चित संख्या में सैनिक समय-समय पर हमारे साथ जुड़ते रहे हैं। अब हमारे पास यूनिट में वैगनर पीएमसी लड़ाकू सैनिकों की बड़े पैमाने पर आमद है। वे विभिन्न इकाइयों में शामिल हो गए। पूर्व यूनिट कमांडर हमारे साथ जुड़ते हैं, और उनके पूर्व लड़ाके धीरे-धीरे उनका अनुसरण करते हैं। इससे पहले, यह बताया गया था कि रूसी गार्ड पूर्व कैदियों की भर्ती कर रहा है जो शेष वैगनर सेनानियों को वश में करने और रूस की आंतरिक सुरक्षा की देखभाल करने के लिए वैगनर समूह में शामिल हो गए थे। अगस्त में एक विमान दुर्घटना में वैगनर समूह के नेता येवगेनी प्रिगोझिन और अन्य वरिष्ठ लोगों की मृत्यु के बाद, क्रेमलिन ने कहना शुरू कर दिया कि वैगनर कानूनी रूप से अस्तित्व में नहीं है, और वे कंपनी के भविष्य पर टिप्पणी नहीं कर सकते। यूक्रेन के सशस्त्र बलों ने बताया कि बेलारूस में तैनात पूर्व वैगनर समूह के भाड़े के सैनिकों ने रूसी रक्षा मंत्रालय के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए और यूक्रेन में पूर्वी मोर्चे पर चले गए। उनमें से कुछ अफ्रीका चले गये।

इस बीच यूक्रेनी खुफिया जानकारी के अनुसार, एक रूसी सैनिक ने एक इंटरसेप्टेड कॉल में अपने साथियों के मारे जाने का वर्णन किया है। उन्होंने कहा कि एक मामले में, आठ यूक्रेनी सैनिक सैकड़ों रूसियों को रोक दिया था। एक यूक्रेनी अधिकारी ने कहा कि उन्होंने अपेक्षित रूसी हमलों के लिए भारी किलेबंदी की है। यूक्रेन के सैन्य खुफिया निदेशालय (जीयूआर) द्वारा जारी एक लीक फोन कॉल के अनुसार, एक रूसी सैनिक ने अपने 1,000 साथियों की हत्या का वर्णन किया और कहा कि अच्छी तरह से तैयार यूक्रेनी सेना के खिलाफ उनके पास कोई मौका नहीं है। कॉल पर सैनिक अपनी मां को बताता है कि पूरा जंगल मृत सैनिकों से भरा हुआ है क्योंकि रूस खेरसॉन ओब्लास्ट के इवानिव्का गांव पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है।

## गाजा संघर्ष को लेकर तुर्की राष्ट्रपति ने पश्चिम, इजराइल पर साधा निशाना



एजेंसियां

**इस्तांबुलः** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने शनिवार को पश्चिम पर इजरायल के हमले को रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया और गाजा पर इजरायल के हमलों की निंदा की। फिलिस्तीन समर्थक रैली को संबोधित करते हुए एर्दोगन ने कहा कि गाजा में हत्या के लिए पश्चिम ही सबसे अधिक जिम्मेदार है। उन्होंने कहा, इजरायल-हमास संघर्ष अपने 22वें दिन में प्रवेश कर गया है, लेकिन पश्चिमी नेता इस पर प्रतिक्रिया देना तो दूर, इजरायल से युद्धविराम के लिए भी नहीं कह सकते। एर्दोगन की सत्तारूढ़ जस्टिस एंड डेवलपमेंट पार्टी द्वारा शनिवार को बुलाई गई ग्रेट फिलिस्तीन रैली में सैकड़ों-हज़ारों समर्थक शामिल हुए। तुर्की के राष्ट्रपति ने कहा कि रैली दिखाएगी कि तुर्किये इजरायली उत्पीड़न के खिलाफ फिलिस्तीनी लोगों के साथ खड़े हैं। एर्दोगन के भाषण के बाद, इजरायली विदेश मंत्री एली कोहेन ने घोषणा की कि उन्होंने प्रतिक्रिया में तुर्की से देश के राजनयिक प्रतिनिधियों को वापस बुला लिया है और तुर्की के साथ संबंधों का पुनर्मूल्यांकन करेंगे। एर्दोगन ने इस सप्ताह की शुरुआत में इजरायल की अपनी नियोजित यात्रा रद्द कर दी थी।

## लोकतंत्र को बचाना है तो ये सरकार हटानी ही होगी : दिग्विजय



एजेंसियां

**भोपालः** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने मध्यप्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए आज कहा कि लोकतंत्र को अगर बचाना है, तो इस सरकार को हटाना ही होगा। सिंह ने सोशल मीडया प्लेटफॉर्म एक्स पर कतिपय मीडिया में आज छपीं गृह मंत्री अमित शाह से जुड़ी एक खबर को पोस्ट किया। इस पोस्ट के साथ उन्होंने शाह के संदर्भ में कहा, ह्यअसल में यह सत्ता का अहंकार है कि शाह अफ़सरों को धमका रहे हैं और शिवराज सरकारी पैसों को बाँटकर अपनी पीठ थपथपा रहे हैं।

जनता के वोट से चुनी गयी सरकार (यहाँ तो ख़रीदी गयी) को चुनाव में जाने से पहले इस तेवर के लिए माफ़ नहीं करना चाहिए। लोकतंत्र बचाना है तो उन्हें हटाना ही पड़ेगा। कांग्रेस लाओ देश बचाओ। सिंह ने जिस खबर का संदर्भ दिया, उसके अनुसार कल देर रात भारतीय जनता पार्टी की भोपाल और नर्मदापुरम संभाग की बैठक में शाह ने अधिकारियों के संदर्भ में कथित तौर पर चेतावनी भरे शब्दों का इस्तेमाल किया। इस खबर को लेकर आज कांग्रेस के नेता भाजपा पर हमलावर हो रहे हैं। वहीं अपनी एक और एक्स पोस्ट में सिंह ने भाजपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि भाजपा की गुटबाजी इन दिनों चरम पर है जिसे ढांकने के लिए वे प्रायोजित रूप से कांग्रेस नेताओं में खासकर उनके और कमलनाथ के बीच की अनबन की झूठी खबरें फैलाते हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस का हर एक नेता भाजपा को हराने के लिए एकजुट और संकल्पबद्ध है।

## भाजपा का शीर्ष नेतृत्व निष्पक्ष चुनाव के लिए बाधा : कमलनाथ



एजेंसियां

**भोपालः** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी का शीर्ष नेतृत्व राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए बहुत बड़ी बाधा बनता जा रहा है और अधिकारियों को धमकी देना न केवल आचार संहिता का उल्लंघन है, बल्कि आपराधिक कृत्य भी है। कमलनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, भारतीय जनता पार्टी का शीर्ष नेतृत्व मध्य प्रदेश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए बहुत बड़ी बाधा बनता जा रहा है। अधिकारियों को धमकी देना कि अगर उन्होंने भाजपा के चुनाव चिन्ह ह्यकमल का ध्यान नहीं रखा तो उसे छोड़ना मत, न सिर्फ आचार संहिता का खुला उल्लंघन है, बल्कि आपराधिक कृत्य है। चुनाव प्रक्रिया के बीच में अधिकारियों को डराना और धमकाना लोकतंत्र की हत्या करने के बराबर है।

उन्होंने राज्य के अधिकारी-कर्मचारियों का आह्वान करते हुए कहा कि उन्हें किसी से डरने की जरूरत नहीं है, उन्हें सिर्फ वही कार्य करना चाहिए जो संवैधानिक दृष्टि से उचित है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी और अधिकारी शासन के हैं, ना कि किसी दल विशेष के। अधिकारी कर्मचारी भी पहचानेंगे कि कौन सा राजनीतिक दल लोकतंत्र को मजबूत कर रहा है और कौन सा राजनीतिक दल लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों को कमजोर कर रहा है। कमलनाथ ने कतिपय मीडिया में प्रकाशित एक खबर के संदर्भ में ये पोस्ट की। खबर के अनुसार कल देर रात भारतीय जनता पार्टी की भोपाल और नर्मदापुरम संभाग की बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अधिकारियों के संदर्भ में कथित तौर पर चेतावनी भरे शब्दों का इस्तेमाल किया। इस खबर को लेकर आज कांग्रेस के नेता भाजपा पर हमलावर हो रहे हैं।

## अमेरिकी राष्ट्रपति बिडेन ने चीनी विदेश मंत्री से की मुलाकात

एजेंसियां



**वाशिंगटनः** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने यहां चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की और वांग ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की ओर से बिडेन को शुभकामनाएं दीं। वांग ने शुक्रवार को कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य अमेरिकी पक्ष के साथ संवाद करना है ताकि दोनों राष्ट्राध्यक्षों द्वारा पहुंची महत्वपूर्ण आम समझ का पालन किया जा सके और शी:बाइडेन बाली शिखर सम्मेलन से सैन फ्रांसिस्को शिखर सम्मेलन की ओर आगे बढ़ सकें। साथ ही द्विपक्षीय संबंधों को और खराब होने से रोकें और चीन-अमेरिका संबंधों को आगे बढ़ाएं ताकि रिश्ते जल्द ही स्वस्थ और स्थिर विकास की राह पर वापस आ सकें। उन्होंने कहा कि एक-चीन सिद्धांत और तीन चीन-यू.एस. संयुक्त विज्ञप्ति द्विपक्षीय संबंधों के लिए सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक आधार है, जिसे बिना किसी हस्तक्षेप के बरकरार रखा जाना चाहिए। बाइडेन ने भी अपनी ओर से शी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह अमेरिका:चीन संबंधों को महत्व देते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अमेरिका वैश्विक चुनौतियों से संयुक्त रूप से निपटने के लिए चीन के साथ संपर्क में रहने को इच्छुक है। वाशिंगटन में अपने प्रवास के दौरान, वांग ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ दो दौर की वार्ता की और अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन के साथ रणनीतिक संचार किया।

---

**महोत्सव**

कल होगा, आज़ादी का अमृत महोत्सव का समापन

# अब देश में मेरा युवा भारत का गठन : मोदी

- हर गाँव से, हर घर से मिट्टी संग्रह करने का आग्रह किया गया था
- पवित्र मिट्टी से 'अमृत वाटिका' का निर्माण होगा

राष्ट्रीय खबर



**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज घोषणा की कि इस वर्ष 31 अक्टूबर को एकता दिवस के मौके पर आज़ादी के अमृत महोत्सव का समापन होने के साथ ही एक बहुत बड़े राष्ट्रव्यापी संगठन 'मेरा युवा भारत' की नींव रखी जाएगी जो नौजवानों को राष्ट्रनिर्माण के विभिन्न आयोजनों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर प्रदान करेगा। मोदी ने यहां आकाशवाणी पर अपने नियमित मासिक कार्यक्रम मन की बात की 106 वीं कड़ी में यह घोषणा की। मोदी ने कहा कि 31 अक्टूबर का दिन हम सभी के लिए बहुत विशेष होता है। इस दिन हमारे लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म-जयंती मनाते हैं। हम भारतवासी, उन्हें, कई वजहों से याद करते हैं, और श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं। सबसे बड़ी वजह है -देश की 580 से ज्यादा रियासतों को जोड़ने में उनकी अतुलनीय भूमिका। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं हर साल 31 अक्टूबर को गुजरात में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर एकता दिवस से जुड़ा मुख्य समारोह होता है। इस बार इसके अलावा दिल्ली में कर्तव्य पथ पर एक बहुत ही विशेष कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। उन्होंने कहा, आपको याद होगा, मैंने पिछले दिनों देश के हर गाँव से, हर घर से मिट्टी संग्रह करने का आग्रह किया गया था। हर घर से मिट्टी संग्रह करने के बाद उसे कलश में रखा गया और फिर अमृत कलश यात्राएं निकाली गईं। देश के कोने-कोने से एकत्रित की गयी ये माटी, ये हजारों अमृत कलश यात्राएं अब दिल्ली पहुँच रही हैं।यहाँ दिल्ली में उस मिट्टी को एक विशाल भारत कलश में डाला जाएगा और इसी पवित्र मिट्टी से दिल्ली में 'अमृत वाटिका' का निर्माण होगा। यह देश की राजधानी के हृदय में अमृत महोत्सव की भव्य विरासत के रूप में मौजूद रहेगी। प्रधानमंत्री ने कहा, 31 अक्टूबर को ही देशभर में पिछले ढ़ाई साल से चल रहे आजादी के अमृत महोत्सव का समापन होगा। आप सभी ने मिलकर इसे दुनिया में सबसे लंबे समय तक चलने वाले महोत्सव में से एक बना दिया। अपने सेनानियों का सम्मान हो या फिर हर घर तिरंगा, आजादी के अमृत महोत्सव में, लोगों ने अपने स्थानीय इतिहास को, एक नई पहचान दी है। इस दौरान सामुदायिक सेवा की भी अद्भुत मिसाल देखने को मिली है। मोदी ने कहा, मैं आज आपको एक और खुशखबरी सुना रहा हूँ, विशेषकर मेरे नौजवान बेटे-बेटियों को, जिनके दिलों में देश के लिए कुछ करने का जज़्बा है, सपने हैं, संकल्प हैं।ये खुशखबरी देशवासियों के लिए तो है ही है, मेरे नौजवान साथियो आपके लिए विशेष है। दो दिन बाद ही 31 अक्टूबर को एक बहुत बड़े राष्ट्रव्यापी संगठन की नींव रखी जा रही है और वो भी सरदार पटेल की जन्मजयन्ती के दिन। इस संगठन का नाम है -मेरा युवा भारत, यानी माईभारत संगठन।

---

## न्यूज फटाफट

### मंगोलिया ने मुफ्त फ्लू टीकाकरण अभियान किया शुरू

**उलानबटोर** : मंगोलिया पूरे देश में उच्च जोखिम वाले समूहों के बीच नि:शुल्क फ्लू टीकाकरण अभियान चल रहा है। यहां के स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में कहा, वार्षिक टीकाकरण अभियान मौसमी फ्लू सहित श्वसन संक्रमण को रोकने के प्रयासों का हिस्सा है। मंत्रालय ने कहा कि उच्च जोखिम वाले समूहों में 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोग, गर्भवती महिलाएं, पांच साल तक के बच्चे, स्वास्थ्य कार्यकर्ता और अन्य शामिल हैं। मंगोलिया की जलवायु अत्यधिक महाद्वीपीय है जिसमें लंबी, ठंडी सर्दियाँ और छोटी, गर्म ग्रीष्मकाल होती है। मंगोलिया में सर्दियों के दौरान शून्य से 25 डिग्री सेल्सियस नीचे का तापमान सामान्य है, जहां फ्लू का चरम मौसम दिसंबर से फरवरी तक रहता है। इसके अतिरिक्त, देश की राजधानी उलानबटोर, जहां देश की 34 लाख की लगभग आधी आबादी रहती है, सर्दियों में गंभीर वायु प्रदूषण का सामना करती है।

### अफगानिस्तान में भूकंप के झटके के कारण 13 घायल

**हेरात** : अफगानिस्तान के पश्चिमी हेरात प्रांत में आए ताजा भूकंप में तेरह लोग घायल हो गये। प्रांत के क्षेत्रीय अस्पताल के प्रमुख नूर गुल वलीजादा ने रविवार को बताया कि भूकंप के झटके शनिवार देर रात महसूस किये गये। उन्होंने कहा कि घायल लोगों को अस्पताल ले जाया गया है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.0 मापी गयी। भूकंप का केंद्र जमीन की सतह से 10 किमी की गहराई में था जो रात 11:57 बजे महसूस किया गया। गौरतलब है कि रविवार को भी स्थानीय समयानुसार सुबह 9:20 बजे हेरात में 4.8 तीव्रता का एक और भूकंप का झटका महसूस किया गया। अधिकारी ने पुष्टि की कि कुल 13 घायल व्यक्तियों को अस्पताल ले जाया गया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, भूकंप से संपत्ति को भी नुकसान हुआ है। गौरतलब है कि सात अक्टूबर के बाद से हेरात और पड़ोसी बदगीस व फराह प्रांतों में भूकंप के कई झटके आए, जिससे हजारों लोग हताहत हुए। इसके अलावा हजारों आवासीय घर नष्ट हो गए।

### जापान में मस्तिष्क-मृत दाताओं ने एक हजारवां अंग दान किया

**टोक्यो** : जापान ऑर्गन ट्रांसप्लांट नेटवर्क के अनुसार 1997 में देश का अंग प्रत्यारोपण कानून लागू होने के 26 साल बाद से मस्तिष्क :मृत लोगों से अंग दान का 1,000वां मामला दर्ज किया गया है। नेटवर्क ने कहा कि 1,000वां दाता 60 वर्ष का एक व्यक्ति था, जिसे कानून के आधार पर पश्चिमी जापान के एक अस्पताल में मस्तिष्क :मृत घोषित कर दिया गया था। शनिवार को उनके अंग निकाले गए, और उनके हृदय, फेफड़े, यकृत और गुर्दे प्राप्तकर्ताओं को प्रत्यारोपित किए जाने थे। जबकि मस्तिष्क :मृत लोगों द्वारा अंग दान करने की संख्या बढ़ रही है, फिर भी दाताओं की कमी है क्योंकि अंग चाहने वाले 3 प्रतिशत से भी कम रोगियों को वास्तव में प्रत्यारोपण प्राप्त हुआ है। कानून के तहत जापान का पहला अंग दान 1999 में किया गया था। प्रारंभ में, दान की संख्या अक्सर प्रति वर्ष 10 से कम होती थी क्योंकि अंग दान के लिए दाताओं से इरादे की लिखित घोषणा की आवश्यकता होती थी। परिवार के किसी सदस्य की सहमति से दान की अनुमति देने और 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से दान की अनुमति देने के लिए कानून को संशोधित किया गया था।

### दक्षिण मेक्सिको में तूफान ओटिस से मरने वालों की संख्या बढ़कर 39 हुयी

**मेक्सिको सिटी** : मेक्सिको के दक्षिणी राज्य गुएरेरो में तूफान ओटिस से मरने वालों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है, जबकि 10 लोगों के लापता होने की सूचना है। मैक्सिको की सरकार ने शनिवार को यह जानकारी दी। जानकारी दी गयी होटलों का लगभग 80 प्रतिशत बुनियादी ढाँचा क्षतिग्रस्त होने के अनुमान है और आवश्यक सेवाएँ बंद हो गई हैं। इधर संघीय विद्युत आयोग ने कहा कि लगभग 55 प्रतिशत उपभोक्ताओं को बिजली बहाल कर दी गई है। सैफिर :सिम्पसन पैमाने पर श्रेणी पांच के तूफान के रूप में ओटिस ने बुधवार को ग्युरेरो के तट पर हमला किया, जिससे मुख्य रूप से लोकप्रिय पर्यटक रिसॉर्ट अकापुल्को में विनाशकारी क्षति हुई। मेक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर ने कहा, हम अकापुल्को के सभी लोगों की मदद करने जा रहे हैं, हर कोई प्रभावित हुआ है, और हम अकापुल्को को उसके पैरों पर वापस खड़ा करने जा रहे हैं। यह मेरी प्रतिज्ञा है।

### पाकिस्तान के पंजाब में दस आतंकवादी गिरफ्तार

**इस्लामाबाद** : पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत की पुलिस ने प्रतिबंधित तहरीक:ए:तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के एक कमांडर सहित 10 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) ने यह जानकारी दी। सीटीडी ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि गिरफ्तारियां तब की गईं जब सीटीडी ने आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में खुफिया रिपोर्टों पर कार्रवाई करते हुए पूरे प्रांत में अलग:अलग अभियान चलाया। बयान में कहा गया है कि टीटीपी कमांडर, जिसे एक छापे में उसके चार साथियों के साथ हिरासत में लिया गया जब वह प्रांत में कुछ संवेदनशील प्रतिष्ठानों पर हमला करने की योजना बना रहा था। लेकिन सीटीडी द्वारा समय पर की गई कार्रवाई से आतंकी प्रयास को नाकाम कर दिया गया। कानून प्रवर्तन एजेंसी ने गिरफ्तार आतंकवादियों के कब्जे से विस्फोटक सामग्री, हथगोले, हथियार, मोबाइल फोन और नकदी भी जब्त की। बयान में अन्य पांच आतंकवादियों की पहचान उजागर नहीं की गई।

### आज का इतिहास

- 1611 : गुस्टॉफ द्वितीय एडोल्फ 17 साल की उम्र में स्वीडन का राजा बना।
- 1883 : महान चिंतक तथा समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती का निधन हुआ ।
- 1887 : बंगाल के लोकप्रिय उपन्यासकार सुकुमार रे का जन्म हुआ ।
- 1905 : रूसी शासक जार निकोलस द्वितीय ने पहले रूसी संविधान को मंजूरी दी ।
- 1909 : भारत के भौतिक शास्त्री और प्रसिद्ध वैज्ञानिक होमी जहाँगीर भाभा का जन्म हुआ था।
- 1922 : बेनिटो मुसोलिनी ने इटली में सरकार बनाई ।
- 1925 : पहली बार लंदन में टेलिविजन पर प्रसारण हुआ।
- 1928 : लाला लाजपत राय ने लाहौर में साइमन कमीशन के विरुद्ध आयोजित एक विशाल प्रदर्शन में हिस्सा लिया, जिसके दौरान हुए लाठी-चार्ज में वे बुरी तरह से घायल हो गये।
- 1930 : तुर्की तथा यूनान ने मैत्री संधि पर हस्ताक्षर किये ।
- 1945 : भारत संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ था।
- 1956 : भारत का पहला पांच सितारा होटल 'अशोक' खुला।
- 1960 : ब्रिटेन में पहली बार सफलतापूर्वक किडनी ट्रांसप्लांट की गई।
- 1974 : प्रसिद्ध गजल और ठुमरी गायिका बेगम अख्तर का निधन हुआ।
- 1975 : स्पेन में किंग जुआन कारलोस ने सत्ता संभाली।
- 1990 : भारत के मशहूर और लोकप्रिय अभिनेता विनोद मेहरा का निधन हुआ।
- 1990 : प्रसिद्ध अभिनेता और निर्माता:निर्देशक वी शांताराम का निधन।
- 2013 : तुर्की ने यूरोप और एशिया को इस्तांबुल में बोस्फोरस जलडमरूमध्य को जोड़ने वाली एक समुद्री सुरंग को खोला।
- 2014 : स्वीडन ने फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दी।
- 2014 : प्रसिद्ध साहित्यकार रॉबिन शॉ का निधन।
- 2021 : भारतीय फिल्म अभिनेता यूसुफ हुसैन का निधन।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
प्रथम पृष्ठ 2
रांची सोमवार
12
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
30:10:2023

## झारखंड से बीस कंपनी चुनाव में जाएंगे

रांचीः राज्य पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) सहित सुरक्षा बलों की लगभग 20 कंपनियों को झारखंड से बाहर ले जाया जाएगा और 7 से 30 नवंबर तक पांच राज्यों में चुनाव कर्तव्यों के लिए तैनात किया जाएगा। राज्य पुलिस मुख्यालय के सूत्रों ने कहा कि छह कंपनियां सीआरपीएफ की होंगी, जिसे राज्य में माओवादी विरोधी अभियानों के लिए तैनात किया गया है।

परिवहन वाहनों की सीट क्षमता के अनुरूप वित्तीय सहायता

# ग्रामीण क्षेत्रों में 250 बसों का परिचालन होगा शुरू, दूर होगी कनेक्टिविटी की समस्या

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में निजी बस सेवा के तहत 250 बसों के परिचालन सेवा शुरू होगी। इसके लिए रूट चिंहित्त किए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम्य गाड़ी योजना को नया रूप दिया गया जिसमें प्रथम चरण में 250 बसों का परिचालन शुरू किया जायेगी। यह योजना पहले पांच सालों के लिए प्रभावी होगी जिसमें बस संचालकों को कई रियायतें भी दी जायेगी।निजी बस वाहन संचालकों को वित्तीय सहायता प्रदान करने पर करीब 24 करोड़ रुपये खर्च होने की संभावना है। इसके अलावा इन बसों में सवारी करने वाले यात्रियों को भी रियायत



दी जायेगी। कुछ विशेष वर्ग के लोगों छात्र-छात्राओं, बुजुर्गों इत्यादि को निःशुल्क सेवा भी दी जायेगी। ग्रामीण सेवा में रूटों को चिन्हित करने के लिए वाहन संचालकों और आम जनता से सुझाव लिए जायेंगे।वाहन संचालकों को उनके वाहनों की सीट क्षमता के अनुसार वित्तीय सहायता दी जायेगी। 33 से 42 सीट वाले वाहनों को 18 रुपये प्रति किमी, 25 से 32 सीट वाले वाहनों को 14.50 रुपये प्रति किमी, 13 से 24 सीट वाले वाहनों को 10.50 रुपये प्रति किमी और 07 से 12 सीट वाले वाहनों को 7.50 रुपये प्रति किलोमीटर तक वित्तीय सहायता दी जायेगी। बसों के परिचालन के लिए अलग से एसओपी भी निर्गत किया जायेगा।ग्रामीण बस सेवा के तहत चल रही बसों के ठहराव के लिए बस पड़ाव में प्राथमिकता दी जायेगी। नगर निगम क्षेत्र में भी शुल्क नहीं लगेगा। इसके अलावा नये क्रय किए गये वाहन जिसकी बैठान क्षमता सात से 42 चालक छोड़कर है उसमें मार्ग कर नहीं लिया जायेगा। परमिट शुल्क एक रुपये, आवेदन शुल्क एक रुपये, वाहन निबंधन शुल्क एक रुपये, आवेदन शुल्क एक रुपये, फिटनेस जांच शुल्क भी मात्र एक रुपये लिया जायेगा।सुदूर ग्राम पंचायतों को प्रखंड स्तर से लेकर जिला मुख्यालय तक को जोड़ने एवं साथ ही साथ नजदीकी स्कूल, कॉलेज, उच्च शिक्षण संस्थान, चिकित्सा संस्थान, नजदीकी मुख्य मार्ग, नजदीकी व्यवसाय केंद्र को जोड़ा जायेगा।

# रांची के नामकुम में कचड़ा जलाने के दौरान विस्फोट होने से युवक घायल

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** बम विस्फोट होने से 30 वर्षीय युवक घायल होने की खबर सामने आ रही है। यह घटना रविवार सुबह नामकुम थाना क्षेत्र स्थित सदाबहार चौक के पास की है, जहां कचरे की ढेर में छिपा कर रखा गया बम विस्फोट कर गया। जिसकी चपेट में आने से बंटी नाम का युवक का घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद युवक को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी हुई है।घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि सदाबहार चौक के पास एक बाउंड्री के अंदर कचरा रखा हुआ था। कचरे की ढेर में युवक ने जैसे ही आग लगाया जोरदार आवाज के साथ उसमें छिपाकर रखा गया बम विस्फोट कर गया। जिसकी चपेट में आने से युवक बुरी तरह से घायल गया। आशंका जतायी जा रही है कि किसी आपराधिक किस्म के व्यक्ति ने कचरे की ढेर में बम छिपाकर रखा था।

# महिला की पत्थर से कूचकर निर्मम हत्या




राष्ट्रीय खबर

**रांची:** जिले के बेड़ो थाना क्षेत्र के बाजार टांड़ के पास की गली में एक महिला की पत्थर से कूचकर निर्ममता से हत्या कर दी गयी है। यह घटना देर रात की बतायी जा रही है। मृतिका की पहचान पूनम उरांव के रूप में हुई है। वह मजदूरी का काम करती थी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और आगे की करवाई में जुट गयी। आज रविवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जायेगा।परिजनों ने पुलिस के समक्ष कहा कि उसकी बेटी पूनम उरांव और बेटे के बीच जमीन के मुआवजे को लेकर विवाद चल रहा था। बेड़ो बाइपास सड़क में जा रही जमीन के मुआवजे को लेकर यह विवाद था। वह मूल रूप से बेड़ो के बिनय बगीचा की रहने वाली थी। फिलहाल विद्युत सबस्टेशन के नीचे किराए के मकान में रहती थी।

## मटका किंग आनंद वर्मा हर हफ्ते दो थानों में लगाएगा हाजिरी

**रांची:** मटका का कारोबार संचालित करने वाला आनंद वर्मा थाना में हाजिरी लगाएगा। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए की रिपोर्ट के आधार पर इससे संबंधित आदेश एसएसपी ऑफिस से जारी किया गया है। आनंद वर्मा को हर सप्ताह रविवार को सुखदेवनगर और नरकोपी थाना में हाजिरी लगाने का आदेश जारी किया गया है। हाजिरी नहीं लगाने पर गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी।रांची में 22 मई 2022 को गैंगवार टल गया था। कुख्यात अपराधी संदीप थापा और मटका संचालक आनंद वर्मा आपस में भिड़ गए थे। दोनों में ठन गई थी। दोनों ने एक दूसरे को निशाना बना रखा था। दोनों की तरफ से हथियार भी निकाल लिए गए थे। लेकिन ऐन वक्त पर पुलिस को इसकी सूचना मिल गयी। इस वजह से यह गैंगवार वक्त रहते टल गया। सूचना मिलते ही सुखदेवनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और कुख्यात अपराधी संदीप थापा को हथियार के साथ दबोच लिया। वहीं इस कार्रवाई में दूसरे गुट के आनंद वर्मा को भी दबोच लिया गया था।

# मांडर में ऐतिहासिक मुड़मा जतरा मेला कल, बाबूलाल करेंगे शिरकत

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** रांची से 35 किलोमीटर दूर मांडर में ऐतिहासिक मुड़मा जतरा मेला का आयोजन होता आया है। मेले में 40 पड़हा के पाहनों द्वारा विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की जाती है। मेला की तैयारी अंतिम चरण में है। आयोजन समिति से जुड़े लोगों का कहना है कि रविवार शाम तक सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी। धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने बताया कि मेला का उद्घाटन 30 अक्टूबर को होगा। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी शिरकत करेंगे। इस बार विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन भी चौकस है। कहीं कोई अप्रिय घटना न हो, इससे निपटने के लिए मेले में ड्रोन कैमरा से निगहबानी होगी। साथ ही सीसीटीवी कैमरा से भी निगरानी की जाएगी।दुनिया भर में फैले आदिवासी समुदाय इन 40 पड़हा के अंतर्गत ही आते



हैं। हर पड़हा में कई गांव समाहित होते हैं। मान्यता है कि दुनिया के किसी भी कोने में रहने वाला आदिवासी समुदाय का व्यक्ति इस दिन मां शक्ति की आराधना के लिए मुड़मा में एकत्रित होते हैं। इस महाजुटान के दिन ही ऐतिहासिक मेला का आयोजन होता है।केंद्रीय राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा की अगुवाई में जतरा शक्ति खूंटा की 40 पड़हा के पाहन पूजा करते हैं। इसके बाद दीप प्रज्ज्वलित कर जतरा की शुरूआत की जाती है। श्रद्धालु माथे पर जौ और गेंदा फूल से सुसज्जित कलश लेकर मां शक्ति की परिक्रमा करते हैं। इसके बाद हाथ में जल लेकर शक्ति खूंटा की पूजा-अर्चना करते हैं।

## 12 दुकानों के 24 विक्रेताओं पर कार्रवाई



रांचीः रांची जिला में एमआरपी से अधिक मूल्य पर विदेशी शराब बिक्री करने वाले 12 दुकानों के 24 विक्रेताओं पर कार्रवाई की गयी है। इन विक्रेताओं को निष्कासित करने के लिए महाप्रबंधक, संचालन झारखंड राज्य विवरेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड रांची से अनुशंसा की गई है। रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा एवं सहायक आयुक्त उत्पाद के निर्देश पर खुदरा उत्पाद दुकानों में एमआरपी से अधिक मूल्य पर शराब बिक्री संबंधी शिकायतों पर यह कार्रवाई की गई है।

## खादी रैली और प्रदर्शनी का आयोजन आज

रांचीः वन वृंदावन कॉलोनी स्थित खादी इंडिया के तत्वावधान में खादी रैली व प्रदर्शनी का आयोजन कल (30 अक्टूबर) को होगा। यह रैली कल सुबह १० बजे से चिरौंदी स्थि वीवीपीएस स्कूल से निकलेगी जो वन वृंदावन स्थित खादी इंडिया संस्थान के कार्यालय में जाकर समाप्त होगी। इसके बाद संस्थान में खादी महोत्सव का आयोजन्न होगा। इसके तहत खादी की वस्तुओं की प्रदर्शनी भी होगी। इस दौरान खादी के वस्तुओं के उत्पादन की प्रक्रिया को समझाने के लिए तकनीकी प्रदर्शन भी होंगे।

# 132 केवी डीसी चंदनक्यारी-गोविंदपुर ट्रांसमिशन लाइन चार्ज

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**झारखंड ट्रांसमिशन निगम ने अपने नाम एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। ट्रांसमिशन निगम ने डीवीसी पर निर्भरता खत्म करने के लिए नया आयाम हासिल किया है। निगम ने बंगाल में 24 टावर समेत कुल 275 टॉवर तैयार कर 132 केवी डीसी चंदनक्यारी-गोविंदपुर ट्रांसमिशन लाइन को मानक वोल्टेज पर पिछले दिनों चार्ज कर दिया।जानकारी के अनुसार डीवीसी कमांड एरिया में अब जेबीवीएनएल खुद विद्युतापूर्ति कर सकता है। कहा जा रहा है कि



डीवीसी कमांड एरिया के प्रमुख जिलों में इससे बिजली की आपूर्ति बेहतर होगी। साथ ही डीवीसी की बकाया राशि को लेकर बार-बार उठने वाले विवाद से भी बचा जा सकेगा। मालूम हो कि डीवीसी के बकाये को लेकर केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच आये दिन खींचतान होती रहती है।बता दें कि केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने राज्य सरकार के आरबीआई खाते से बकाये का पैसा सीधे काट लिया था। इससे भारी विवाद पैदा हुआ था। बाद में किस्तों में राज्य सरकार ने भुगतान किया। इन सबके बीच राज्य में बिजली की आधारभूत संरचना को मजबूत करने पर फोकस किया गया।इस योजना के शुरूआती चरण में चंदनक्यारी-गोविंदपुर ट्रांसमिशन लाइन को लेकर बंगाल सरकार के साथ जिच हुई थी। पुरुलिया जिला प्रशासन से टावर लगाने की अनुमति नहीं मिल पा रही थी। इसे देखते हुए दोनों राज्यों के बीच बेहतर समन्वय की पहल की गयी। इसमें बंगाल सरकार से पूरी मदद मिली और 67.3 किलोमीटर लंबी ट्रांसमिशन लाइन का काम संपन्न हो गया।

मौसम तेजी से गिर रहा है रात का तापमान

# सर्दी के आगमन से अब गर्म कपड़ों के बाजार में तेजी

राष्ट्रीय खबर

**रांची :** शहर का बाजार अब सर्दियों के परिधानों से गुलजार है क्योंकि यहां आरामदायक और स्टाइलिश परिधानों का नवीनतम संग्रह पेश किया जा रहा है। फैशनेबल जैकेट से लेकर आरामदायक स्वेटर तक, खरीदारों के लिए बहुत कुछ है क्योंकि वे इस मौसम में गर्म और फैशनेबल रहने की तैयारी कर रहे हैं। बाजार में कई तरह के विकल्प उपलब्ध हैं, जो विभिन्न आयु समूहों, शैलियों और बजट के लिए अपील करेंगे। कीमत स्वेटर और जैकेट की कीमत वयस्कों के लिए 300 रुपये और बच्चों के लिए 200 रुपये से शुरू होती है, जबकि हेडगियर, मफलर और स्कार्फ 50 रुपये से शुरू होते हैं। जैसे-जैसे सर्दियाँ आ रही हैं,



प्रसिद्ध फैशन आउटलेट्स और बुटीक ने सबसे गर्म सर्दियों के रुझानों और डिजाइनों का स्टॉक कर लिया है। विक्रेताओं के अनुसार, इस सीजन के कुछ सबसे प्रमुख रुझानों में चंकी स्वेटर और कार्डिगन, फॉक्स फर और शीयरलिंग, लेयर्ड आउटफिट के साथ आरामदायक बुना हुआ कपड़ा शामिल है।
शीतकाल ने बाजार में ग्राहकों की संख्या में फिर से वृद्धि ला दी है, जिससे व्यवसायों को लाभ हुआ है। पोटाला तिब्बती बाजार के एक खरीदार त्सेरिंग दोरजी ने कहा, यह देखकर खुशी होती है कि ग्राहक विंटर कलेक्शन तलाशने के लिए हमारे स्टोर पर आ रहे हैं। हमने सावधानीपूर्वक आरामदायक और स्टाइलिश विकल्पों की एक श्रृंखला तैयार की है, और सकारात्मक प्रतिक्रिया जबरदस्त रही है। गर्माहट प्रदान करने वाले हल्के शीतकालीन परिधान की मांग सबसे अधिक है। इस मार्केट का उदघाटन हाल ही में स्थानीय विधायक सीपी सिंह ने किया था। वैसे अब इनके लिए भी ऑनलाइन विभिन्न विकल्प उपलब्ध हैं, जिनमें वेलाकेन, फाहसी, गैमिस, अर्बन कोको, चौयाटौ, सनफुरा, सेमी सेरी और एविडलोव की स्कर्ट शामिल हैं। इन्हें बनाए रखना आसान है और गर्म मौसम में इन्हें पहना जा सकता है। इसके साथ साथ फुटपाथ बाजार में भी इनकी झलक दिखने लगी है। जो कम बजट के ग्राहकों का सबसे पसंदीदा बाजार माना जाता है।

